प्रस्तावना –महाविद्यालयी शिक्षा प्रणाली में शिक्षक की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वही शिक्षा, समाज और विद्यार्थी के बीच सेतु का कार्य करता है। वर्तमान समय में शिक्षक का कार्य–संतोष, समायोजन क्षमता तथा सांवेगिक बुद्धिमत्ता शिक्षा की गुणवत्ता को सीधा प्रभावित कर रही है। आज शैक्षिक तंत्र में अनेक भ्रांतियाँ, दबाव, विरोधाभास और व्यवहारगत विसंगतियाँ दिखाई देती हैं, जिनसे शिक्षक का मनोबल, निर्णय शक्ति और भावनात्मक संतुलन प्रभावित होता है। जब शिक्षक स्वयं मानसिक दबाव से ग्रस्त होगा तो वह शिक्षा प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन नहीं ला पाएगा। इसलिए शिक्षक की भावनाओं, उसके कार्य–संतोष और समायोजन क्षमता पर धयान देना अत्यंत आवश्यक है, तभी शिक्षा व्यवस्था अपनी वास्तविक दिशा प्राप्त कर सकेगी।

आधुनिक समाज में शिक्षक से अपेक्षाएँ निरंतर बढ़ रही हैं, परंतु उसकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में उत्पन्न बदलाव उसे अपने मूल पेशे से दूर ले जाने लगे हैं। शिक्षा प्रक्रिया में अब शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों को सक्रिय होना आवश्यक हो गया है। शिक्षक को विद्यार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं, उनकी क्षमताओं और रुचियों के अनुरूप शिक्षण विधियाँ अपनाते हुए उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग देना होता है। वर्तमान परिवेश में शिक्षक को निर्धारित पाठ्यचर्या, प्रशासनिक दबाव और बढ़ती कार्य–व्यस्तताओं के बीच संतुलन बनाते हुए शिक्षण की गुणवत्ता को बनाए रखना पड़ता है। इसी कारण उसकी भावनात्मक परिपक्वता और कार्य–संतोष का महत्व और बढ़ जाता है। राधाकृष्णन ने भी कहा है कि शिक्षक समाज की बौद्धिक परम्परा का वाहक होता है और सभ्यता के स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शिक्षक से विद्यार्थी, अभिभावक और समाज तीनों ही उच्च अपेक्षाएँ रखते हैं। विद्यार्थी उसे ज्ञान, मार्गदर्शन और स्नेह का स्रोत मानते हैं, अभिभावक उसे अनुशासन और संस्कार देने वाला व्यक्तित्व समझते हैं, और समाज उसे कर्तव्यनिष्ठ व आदर्श नागरिकों का निर्माणकर्ता मानता है। इन अपेक्षाओं की पूर्ति तभी सम्भव है जब शिक्षक अपने परिवेश के साथ प्रभावी समायोजन कर सके, अपने कार्य में रुचि रखे और अपने व्यवसाय से संतुष्ट हो। विशेषकर माध्यमिक एवं महाविद्यालय स्तर पर शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि यही स्तर बालक के भविष्य और नागरिक जीवन की नींव तैयार करता है।

शिक्षक आज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा हैकृशैक्षणिक दायित्व, गैर–शैक्षणिक कार्य, सामाजिक दबाव, कार्यस्थल की जटिलताएँ और आर्थिक अपेक्षाएँ–जिनसे उसके संतोष और समायोजन में बाधाएँ आती हैं। आधुनिक सुविधाओं की चाह, अतिरिक्त आय की आवश्यकता और जीवन–स्तर सुधारने की आकांक्षा कई शिक्षकों को असंतोष की ओर ले जाती है, जिससे वे गैर–शैक्षणिक गतिविधियों, कोचिंग या अन्य दायित्वों में उलझ जाते हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी शिक्षण अभिरुचि, कार्य–संतोष और भावनात्मक संतुलन पर पड़ता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – वर्तमान में किसी व्यक्ति के लिए व्यवसाय सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वह अपने सक्रिय जीवन का पर्याप्त समय अपने व्यवसाय में लगाता है। इसी पर व्यक्ति का मान सम्मान एवं सामाजिक प्रतिष्ठा भी आधारित होती है। व्यवसाय व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन दर्शन को प्रभावित करता है। कुछ लोग अपने व्यवसाय में आनन्द तो कुछ लोग तनाव महसूस करते हैं। शिक्षण व्यवसाय में यह बात अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि शिक्षक दायित्व अनेक चुनौतियों से मुक्त है अत: कुछ लोग इस कार्य में सन्तुष्टि का अनुभव करते है। कुछ लोग इसका चयन अन्तिम विकल्प के रूप में करते है तो वे इस कार्यक्षेत्र की चुनौतियों से सदैव चिन्तित रहते हैं। शिक्षक, शिक्षण संस्था का केन्द्र बिन्दु एवं शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति का प्रमुख साधन माना जाता है। राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक उत्थान में शिक्षक की महत्वपूर्ण

भूमिका होती है। इसलिए अध्यापक में अपने शिक्षण में रूचि व कार्य में सन्तुष्टि का होना आवश्यक है। परन्तु वर्तमान में शिक्षकों में विभिन्न चिन्ताएं एवं असन्तोष की स्थिति दिखायी पड़ती है। आज लोग शिक्षण व्यवसाय को अन्तिम विकल्प के रूप में चुनते हैं। शिक्षक बनने के बाद भी वे अन्य व्यवसायों में लगे रहते हैं। एक असन्तुष्ट शिक्षक से छात्रों को सन्तुष्ट करने वाली शिक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है।

प्रस्तुत शोधकार्य की उपयोगिता शिक्षकों में शिक्षण में रूचि एवं कार्य संतुष्टि का विकास करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर है। वर्तमान में सरकार द्वारा शिक्षकों में शिक्षण को आकर्षक और रूचिकर बनाने के लिए नित नये प्रयास, तकनीकियाँ, प्रविधियाँ एवं युक्तियाँ अपनाने पर बल दिया जा रहा है। आज शिक्षक को अपने शिक्षण में विविधता, सरलता एवं ग्राहयता लाने के लिए अनेक उपाय अपनाने पड़ते हैं। विशेषत: स्नातक स्तर के शिक्षकों के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि इन्हें महाविद्यालय के प्रति आकर्षित करने के लिए शिक्षक को विशेष उपक्रम करना पड़ता है जिसमें इसकी शिक्षण रूचि व कार्य संतुष्टि प्रभावी पक्ष है।

अनेक समस्याएं शिक्षकों को महाविद्यालयीय समायोजन में बाधा उत्पन्न करती है। इसके अतिरिक्त बहुत-सी स्थितियाँ शिक्षकों के समायोजन में बाधा उत्पन्न करती है। इन कारणों की पहचान और इनके निवारण के लिए शिक्षकों के समायोजन का अध्ययन किया जाना आवश्यक एवं महत्वूपर्ण है। अध्यापकों की शिक्षण रूचि, समायोजन और कार्य सन्तुष्टि जैसे कारकों का एक दूसरे जोड़कर अध्ययन किया जाना अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है क्योंकि ये कारक एक-दूसरे से घनिष्ठ रूप से अन्तर्सम्बन्धित है। शिक्षकों की शिक्षण में रूचि होने पर वे इसके प्रति लगाव और निष्ठा के साथ कार्य करते हैं जो उनके शैक्षिक समायोजन का सूचक है। शिक्षक समाज और शैक्षिक परिस्थितियाँ से सही समायोजन स्थापित कर लेता है तो इसका आशय वह अपने कार्य के प्रति सन्तुष्टि भाव रखता है। इसी प्रकार शिक्षण रूचि और व्यवसायिक सन्तुष्टि भी एक दूसरे से घनिष्ठ रूप में जुड़ी होती है। यदि शिक्षक अपने शिक्षण कार्य में रूचि रखता है तो वह अपनी व्यवसाय से भी संतुष्ट रहता है।

समस्या कथन - 'महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष एवं समायोजन क्षमता का अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

महाविद्यालय - महाविद्यालय मूल शब्द का अर्थ है एक बड़ा कक्ष जहाँ सहयोगी व्यक्ति किसी सर्वनिष्ठ उद्देश्य या कार्य के लिए एकत्र हो अथवा व्यक्तियों की ऐसी संस्था जहाँ लोग किसी सर्वनिष्ठ प्रयोजन के लिए मिलते हो। बाद में यह शब्द माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा की संस्थाओं के लिए प्रयोग होने लगा। अब यह माध्यमिक स्तर में ऊपर की शिक्षा देने वाली संस्थाओं के लिए प्रयोग होता है। यह उत्तर किशोरावस्था के छात्रों के लिए माध्यमिक स्तर के बाद तथा विश्वविद्यालयीय शिक्षा के प्रारम्भिक स्तर की संस्था है।

कार्य सन्तुष्टि- कार्य सन्तुष्टि से आशय किसी व्यक्ति या कर्मचारी के कार्यक्षेत्र के समस्त क्षेत्रों से कार्य में ली जाने वाली रूचि से है। कार्य सन्तुष्टि द्वारा व्यक्ति अपने कार्य में संलग्नता बनाये रखता है तथा बिना किसी रूकावट के वह अपने कार्य को पूरे मनोयोग के साथ पूरा करता है। कार्य सन्तुष्टि जहाँ व्यक्ति को सुखमय जीवन प्रदान करता है वहीं समाज का भी प्रकारान्तर से हित होता है। किसी उद्योग या प्रबन्ध से जुड़े नियोजकों को अपने कर्मचारियों के कृत्य सन्तोष से लाभ प्राप्त होता है। कार्य सन्तुष्टि किसी कर्मचारी द्वारा प्राप्त की जाने वाली अनेक अभिरूचियों का परिणाम है जो उसके कार्यक्षेत्र से सम्बन्धित होती है।

समायोजन क्षमता - समायोजन एक द्विमार्गी प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की प्राप्ति के लिए स्वयं से तथा पर्यावरणीय परिस्थितियों के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन स्थापित करता है। यह व्यक्ति की वह विशिष्ट समता है जो उसे विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करने में सहायक है। वर्तमान में कार्य सन्तुष्टि को कार्य चुनौतियों के साथ तालमेल बनाने की कला माना जाता है। प्रत्येक कर्मचारी यह जानता है कि वह अपने कार्य से तभी सन्तुष्ट रह सकता है जब वह अपने व्यवसाय, सहयोगियों तथा वातावरण के साथ समायोजित हो। जो कर्मचारी अपने व्यवसाय, सहयोगियों, वातावरण तथा नियोजकों के साथ समायोजन स्थापित करने में जितना अधिक सक्षम होते हैं वे अपने व्यवसाय से उतना अधिक सन्तुष्ट रहते हैं। इसलिए समायोजन क्षमता को कार्य सन्तुष्टि की धुरी कहा जाता है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :

1. अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
2. राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
3. निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

न्यादर्श - प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में अध्ययन राजस्थान राज्य के जयपुर संभाग के राजकीय एवं निजी अकादमिक महाविद्यालयों के 200 पुरूष व 200 महिला शिक्षकों को सम्मिलित किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. कार्य संतोष मापनी (प्रमोद कुमार एवं डी. एन. मुथा)
2. समायोजन मापनी (डॉ. एस. के. मंगल)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

(1) अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या :-परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार अकादमिक महाविद्यालया के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के सहसम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.132 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना अकादमिक महाविद्यालया के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अकादमिक महाविद्यालया के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता

में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

(2) राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या – 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के सहसम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.168 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

(3) निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या – 3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता के सहसम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.211 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमत में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष व समायोजन क्षमता में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया

शैक्षिक सुझाव:

1. कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण कर विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ा सकते हैं।
2. सहयोगी शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय से शैक्षणिक कार्य अधिक प्रभावी बना सकते हैं।
3. कठिन परिस्थितियों में धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय की क्षमता को बढ़ा सकते हैं।
4. विद्यार्थियों की विविध पृष्ठभूमियों को समझकर शिक्षण विधि में लचीलेपन का प्रयोग कर सकते हैं।
5. तनाव को कम करके अपने स्वास्थ्य व कार्यक्षमता को संतुलित रख सकते हैं।
6. आत्मविश्वास में वृद्धि कर प्रशासनिक कार्यों को अधिक सहज बना सकते हैं।
7. विवाद स्थितियों में मध्यस्थता का कौशल विकसित कर संस्थान में सौहार्द बढ़ा सकते हैं।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. प्रस्तुत शोध में मात्र 400 शिक्षकों का न्यादर्श लिया गया है। इससे बड़ा न्यादर्श भी लेकर अध्ययन किया जा सकता है।
2. कार्य संतोष को प्रभावित करने वाले पारिवारिक, सामाजिक और संस्थागत कारकों पर गहराई से शोध किया जा सकता है।
3. समायोजन क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य के पारस्परिक सम्बन्ध को विस्तृत रूप से जांचा जा सकता है।
4. दीर्घकालिक अध्ययन शिक्षकों के व्यवहार में समयानुसार होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आर्य बी.एल. (2000): 'शिक्षा में तकनीकी बढलाव' : शिविरा पत्रिका, मा. शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, वर्ष–40, अंक–10, अप्रैल
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. अग्रवाल, मिनाक्षी (1991)–'जॉब सेटिसफेक्शन ऑफ टीचर्स इन रिलेशन टू सम डेमोग्राफिक वेरियेबल्स एण्ड वैल्यूज पीएच.डी. इन एजूकेशन, आगरा : यूनिवर्सिटी, फिफ्थ सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजूकेशन, एम.बीबुच।
4. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407–430)
6. गुप्ता. एस.पी. (1998). ए स्टडी ऑफ जॉब सेटिसफेक्शन एट थ्री लेवल्स ऑफ टीचिंग. डी.इन एजूकेशन, मेरठ यूनिवर्सिटी, थर्ड सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजूकेशन. एम.बी. बुच।
7. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
8. सिंह, पूनम (2007) इफेक्ट ऑफ स्टेस ऑन जॉब सेटइजफेक्शन एण्ड वर्क वेल्यूज अमंग टीचर्स. न्यू देहली: अध्ययन पब्लिकेशन्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स।

सारणी संख्या – 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष	400	18.27	3.491	0.132	अस्वीकृत
अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की समायोजन क्षमता	400	34.59	9.254		

सारणी संख्या – 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष	200	18.34	3.839	0.168	अस्वीकृत
राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की समायोजन क्षमता	200	32.48	9.717		

सारणी संख्या – 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों के कार्य संतोष	200	17.24	3.442	0.211	अस्वीकृत
निजी अकादमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों की समायोजन क्षमता	200	33.42	8.418		

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महात्मा गाँधी की बेसिक शिक्षा एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के प्रारम्भिक शिक्षा सम्बन्धी विचारों का तुलनात्मक अध्ययन एवं वर्तमान शिक्षा में उपादेयता

डॉ. किरण गिल* सुरेश**

* सहायक प्रोफेसर, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध का उद्देश्य है कि महात्मा गाँधी की बेसिक शिक्षा एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के प्रारम्भिक शिक्षा सम्बन्धी विचारों का तुलनात्मक अध्ययन एवं वर्तमान शिक्षा में उपादेयता का अध्ययन करना है तथा शोधकर्ता द्वारा अध्ययन हेतु प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता द्वारा ऐतिहासिक, दार्शनिक विधि का प्रयोग किया गया है।

शब्द कुंजी – बेसिक शिक्षा, प्रारम्भिक शिक्षा।

प्रस्तावना – दर्शन एक सम्पूर्ण ज्ञान है जबकि शिक्षा एकांगी एवं तकनीकी, जीव विज्ञान, इत्यादि के क्षेत्रों में पृथक-पृथक ज्ञान है जिसका एक दूसरे से विशेष सम्बन्ध नहीं है। अत: दर्शन ही एक ऐसा विषय है जिसकी आवश्यकता दार्शनिक क्षेत्र के अतिरिक्त सभी प्रकार के विज्ञानों में पड़ती है। ज्ञान के सभी क्षेत्रों में अन्तिम प्रश्न क्यों का है। आज के वैज्ञानिक तथा तकनीकी युग में प्रत्येक मानव के मन में एक प्रकार की अशान्ति की ज्वाला धधक रही है एवं मनुष्य इससे मुक्ति पाना चाहता है। परन्तु यह शान्ति केवल दर्शन ही दे सकता है, विज्ञान या तकनीकी नहीं। क्योंकि केवल दर्शन के माध्यम से ही मनुष्य यह जान सकता है कि जीवन का सत्य क्या है तथा उसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है। प्राचीन काल से वर्तमान काल के दार्शनिकों के मन में यह पूर्ण विश्वास है कि मानव एक वृहद विश्व व्यवस्था का एक अंश है। अत: यह अनिवार्य सत्य है कि प्रत्येक शिक्षा का उद्देश्य यही होना चाहिए कि शिक्षार्थी इस वृहद सृष्टि में अपना स्थान और आत्मोन्नति का ज्ञान प्राप्त करें।

उपरोक्त उक्तियों की सत्यता एक संक्षिप्त उदाहरण से ही प्रमाणित हो जायेगी यदि हम एक ओर फास्ट एलास्टर, न्यूटन इत्यादि और दूसरी ओर बुद्ध, क्राइस्ट सुकरात इत्यादि को देखें तो हमें तत्काल ही यह प्रतीत हो जायेगा कि वैज्ञानिकों ने किसी स्थिर सिद्धान्त की शान्ति को किसी भी प्रकार नहीं प्राप्त किया जबकि महान दार्शनिकों ने मानव तथा विश्व सृष्टि के घनिष्ट सम्बन्ध को निश्चित रूप से ज्ञात कर पूर्ण शान्ति को प्राप्त कर लिया। फास्टतथा एलेस्टर सारे जीवन तक वैज्ञानिक गवषेणा करते रहें, परन्तु सत्य का अन्वेषण न कर सकने के कारण, अन्त में आत्महत्या करने पर दृढ़ हो गये।

शोध अध्ययन का महत्व – वर्तमान भारतीय शिक्षा व्यवस्था संक्रमण के दौर से गुजर रही है। जहाँ एक तरफ पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था है, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय शिक्षा प्रणाली है। पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था संकुचित मानसिकता एवं अति भौतिकता से ग्रसित है। क्योंकि इसके बुनियादी स्वरूप में ही गलत धारणा स्पष्ट झलकती है। उदाहरण स्वरूप हम मैकाले द्वारा शैक्षिक सुझाव के सन्दर्भ में दिये गये वक्तव्य को ले सकते हैं जिसमें स्पष्ट कहा गया कि – 'हमें ऐसे शिक्षित भारतीयों का वर्ग तैयार करना है जो रक्त एवं वर्ण से भारतीय होंगे परन्तु रूचि, विचार, आचरण एवं विद्धता में अंग्रेज।' मैकाले के इस वक्तव्य का मन्तव्य स्पष्ट है कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ शिक्षित भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार करना जो ब्रिटिश शासन में सहायक हो। मैकाले अंग्रेजी शिक्षा के द्वारा मानसिक गुलाम बनाना चाहता था जिसका उदाहरण आज भी सर्वत्र हमें ब्रिटिश शासन के जीवन्त स्वरूप का अहसास कराता है। आज लगभग समस्त भारतीय युवा शाश्वत मूल्यों को ताक पर रखकर पाश्चात्य चकाचौंध में खोते जा रहे है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय शिक्षा प्रणाली (प्राच्य) केवल भारतीय मूल्यों को पुनर्जीवन एवं पोषण प्रदान करती है। इस प्रकार उपर्युक्त दोनों पद्धतियाँ एकांगी हैं। अत: आवश्यकता एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की है, जो दोनों पद्धतियों के गुणों को समग्रता से ध्यान देते हुए वर्तमान संदर्भ में लोक कल्याणकारी विचारों को आत्मसात करते हुये आगे बढ़ सके।

समस्या कथन – 'महात्मा गाँधी की बेसिक शिक्षा एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के प्रारम्भिक शिक्षा सम्बन्धी विचारों का तुलनात्मक अध्ययन एवं वर्तमान शिक्षा में उपादेयता'

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. महात्मा गाँधी एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अध्ययन करना।
2. महात्मा गाँधी एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगारे के दार्शनिक विचारों का अध्ययन।
3. महात्मा गाँधी एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगारे के शिक्षा-दर्शन का अध्ययन करना।

अनुसंधान विधि – प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता द्वारा ऐतिहासिक, दार्शनिक विधि का प्रयोग किया गया है।

निष्कर्ष – बेसिक शिक्षा एवं शान्ति निकेतन की प्रारम्भिक शिक्षा योजना के समग्र विश्लेषण के आधार पर हम नि:संकोच स्वीकार कर सकते है कि अनेकानेक समस्याओं से घिरे किसी भी विकासशील देश के उत्थान हेतु यह शिक्षा योजना अनुपम वरदान है। यह शिक्षा प्रणाली न तो परम्परागत प्रचलित शिक्षा के समान पुस्तकीय एवं अव्यवहारिक है और न ही वर्तमान परीक्षा एवं पठ्यक्रम रूपी जंजीरों से जकड़ी कोई जटिल दोषपूर्ण व्यवस्था है, बल्कि यह, शिक्षा प्रणाली के रूप में जीवन को सफल बनाने का नया तरीका है।

श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर शिक्षा को केवल आध्यात्मिक अथवा बौद्धिक राज की प्राप्ति ही नही मानते थे बल्कि वह शिक्षा को शारीरिक, आर्थिक सामाजिक मानसिक तथा आध्यात्मिक विकास हेतु आवश्यक समझते थे। इसके द्वारा मनुष्य में विश्वबन्धुत्व की भावना का विकास होता है। अत: वर्तमान समय में भी शिक्षा का यथार्थवादी दृष्टिकोण होना चाहिए जिसके अन्तर्गत केवल ज्ञानर्जन करना ही नहीं बल्कि बालक का सर्वांगीण विकास करना शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. उप्पल, श्वेता (2005), जरनल ऑफ वेल्यू एजूकेशन, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.), वाल्यूम–4, श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली–110016
2. इलाचन्द, जोशी (2006), विश्व कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर, भारतीय विद्याभवन, इलाहाबाद: राजकमल प्रकाशन, संस्करण।
3. ओड, डॉ. लक्ष्मीकान्त (2001), शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, जयपुर: राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
4. अग्रवाल, जे. सी. (2002), लैण्डमार्क्स इन दि हिस्ट्री ऑफ मार्डन इण्डियन एजूकेशन, नई दिल्ली, विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि.।
5. आर.के. त्रिपाठी (2002), स्वामी विवेकानन्द के वेदान्त दर्शन का अध्ययन तथ नवीन शिक्षा नीति में इनके शैक्षिक विचारों का मूल्यांकन, पी–एच. डी. शिक्षाशास्त्र, कानपुर: सी.एस.जे.एम.।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

डॉ. गोविन्द सोनी* वरियाम खान**

* सह आचार्य, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में 'डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन' किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के हनुमानगढ़ जिले के डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 प्रशिक्षणार्थियों को न्यादर्श के रुप में यादृच्छिक निर्देशन विधि से चयनित किया गया है। डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों में से 300 पुरूष प्रशिक्षणार्थी व 300 महिला प्रशिक्षणार्थी को सम्मिलित किया गया। 'डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता पर पड़ने वाले प्रभावों जानने हेतु दुश्चिन्ता मापनी (प्रो. डी. सिन्हा) द्वारा निर्मित एवं व्यक्तित्व मापनी (कैटेल 16 पी. एफ.) का प्रयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया य'डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

शब्द कुंजी – डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी, दुश्चिन्ता, व्यक्तित्व।

प्रस्तावना – शिक्षक इस परिवर्तन का केन्द्रीय तत्व होता है। वह ज्ञान का संवाहक ही नहीं, बल्कि मूल्य, संस्कृति और नैतिकता का संरक्षक भी है। शिक्षक ही वह माध्यम है जिसके द्वारा शिक्षा के आदर्श, व्यवहारिक जीवन में उतरते हैं। शिक्षक का व्यक्तित्व जितना सशक्त, संतुलित और सृजनशील होगा, उतना ही शिक्षण का प्रभाव विद्यार्थियों के जीवन में दिखाई देगा। शिक्षक शिक्षा का उद्देश्य इसीलिए केवल शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण नहीं, बल्कि ऐसे शिक्षक तैयार करना है जिनमें सृजनात्मकता, संवेदनशीलता, सहानुभूति, आत्म-नियंत्रण, सामाजिक दायित्व और मानवीय दृष्टिकोण का समुचित विकास हो।

इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं, जिनमें 'डी.एल.एड.' एक प्रमुख पाठ्यक्रम है। यह कार्यक्रम शिक्षण के प्रारंभिक स्तर के लिए प्रशिक्षित, दक्ष एवं उत्तरदायी शिक्षकों को तैयार करने का माध्यम है। डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी वह भावी शिक्षक होता है जो बालकों के जीवन की नींव तैयार करने का कार्य करेगा। इसलिए उसके व्यक्तित्व का संतुलन, मानसिक स्वास्थ्य, सृजनात्मक दृष्टि और शिक्षण के प्रति सकारात्मक अभिवृति अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रशिक्षण के दौरान ही इन गुणों का विकास नहीं होता, तो भविष्य में शिक्षक अपनी भूमिका का निर्वाह प्रभावी ढंग से नहीं कर पाएगा।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली वैश्वीकरण, वैज्ञानिक प्रगति, सूचना तकनीकी और सामाजिक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। आधुनिक युग की चुनौतियाँ शिक्षण को एक गतिशील, जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया बना चुकी हैं। ऐसे में शिक्षक को केवल विषय ज्ञान नहीं, बल्कि मानसिक स्थिरता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नवाचारी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व का अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है, क्योंकि यही वह अवस्था है जिसमें भावी शिक्षक के व्यक्तित्व की बुनियाद रखी जाती है।

डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व पर अनेक मनोवैज्ञानिक कारक प्रभाव डालते हैं। इनमें से प्रमुख हैं 'दुश्चिन्ता' । यह तत्व व्यक्ति के विचार, व्यवहार, आत्म-विश्वास और पेशेवर दक्षता को गहराई से प्रभावित करते हैं। एक सृजनशील व्यक्ति नई परिस्थितियों में स्वयं को ढाल सकता है, चुनौतियों का समाधान खोज सकता है और कार्य में आनंद प्राप्त करता है। वहीं अत्यधिक दुश्चिन्ता व्यक्ति की मानसिक क्षमता को बाधित करती है, उसकी निर्णय शक्ति कमजोर करती है और आत्म-विश्वास को कम करती है। अभिवृति वह मानसिक प्रवृत्ति है जो व्यक्ति के सोचने और व्यवहार करने की दिशा निर्धारित करती है। यदि प्रशिक्षणार्थी की अभिवृति शिक्षा, विद्यार्थियों और अपने पेशे के प्रति सकारात्मक होगी, तो उसकी कार्य दक्षता स्वत: बढ़ेगी।

शिक्षण प्रभावशीलता का आधार शिक्षक का व्यक्तित्व है। और व्यक्तित्व की नींव भावनात्मक स्थिरता, आत्म-ज्ञान, रचनात्मक सोच और जीवन दृष्टि पर टिकी होती है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान का वातावरण, प्रशिक्षक शिक्षक का मार्गदर्शन, सहपाठियों का सहयोग और प्रशिक्षण के दौरान आने वाली परिस्थितियाँ कृ सभी मिलकर प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में योगदान देती हैं। यदि यह वातावरण सहयोगी, प्रेरक और रचनात्मक होगा, तो प्रशिक्षणार्थी में सृजनात्मकता का विकास होगा, दुश्चिन्ता कम होगी और शिक्षा के प्रति उसकी अभिवृति सकारात्मक बनेगी।

प्रशिक्षण की प्रक्रिया में अनेक मानसिक दबाव और चिंताएँ भी उत्पन्न होती हैं। परीक्षा का भय, मूल्यांकन का दबाव, सहपाठियों से तुलना, भविष्य की नौकरी की चिंता, शिक्षकों की अपेक्षाएँ ये सभी दुश्चिन्ता के प्रमुख स्रोत

हैं। यदि यह चिंता संतुलित स्तर पर रहे तो यह प्रेरणा का कार्य करती है, परंतु अत्यधिक होने पर यह कार्य क्षमता को घटा देती है। इसलिए प्रशिक्षणार्थियों में दुश्चिन्ता के स्तर को समझना और उसका उचित प्रबंधन आवश्यक है।

अभिवृति का संबंध व्यक्ति की सोच की दिशा से है। सकारात्मक अभिवृति रखने वाला प्रशिक्षणार्थी हर परिस्थिति में सीखने का अवसर खोजता है, जबकि नकारात्मक अभिवृति वाला व्यक्ति असफलता से भयभीत रहता है। शिक्षक के लिए सकारात्मक अभिवृति इसलिए आवश्यक है क्योंकि वह विद्यार्थियों के लिए आदर्श होता है। उसकी सोच और व्यवहार विद्यार्थियों में प्रत्यक्ष रूप से प्रतिबिंबित होते हैं। इसलिए शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान ऐसी गतिविधियाँ शामिल की जानी चाहिएँ जो अभिवृति को सकारात्मक दिशा प्रदान करें।

व्यक्तित्व का विकास केवल जैविक या आनुवांशिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह निरंतर अनुभव, परिवेश और आत्म-चिंतन से निर्मित होता है। डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी शिक्षण के दौरान जब विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हैं, पाठ पढ़ाते हैं, सहकर्मियों के साथ कार्य करते हैं और समाज से जुड़ते हैं, तब उनका व्यक्तित्व परिपक्व होता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व –शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएँ, विशेषकर डी.एल.एड. कार्यक्रम, ऐसे भावी शिक्षकों का निर्माण करती हैं जो बालकों के जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी भविष्य के प्राथमिक शिक्षक होते हैं, जिनके माध्यम से समाज की नई पीढ़ी को मूलभूत मूल्य, ज्ञान और संस्कार प्राप्त होते हैं। अत: इन प्रशिक्षणार्थियों का व्यक्तित्व, उनकी अभिवृति, सृजनात्मकता तथा दुश्चिन्ता का अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है क्योंकि इन्हीं तत्वों के माध्यम से यह जाना जा सकता है कि एक प्रशिक्षु शिक्षक भविष्य में अपने विद्यार्थियों को किस प्रकार शिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

दुश्चिन्ता भी व्यक्तित्व के विकास में एक महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न करती है। आज का विद्यार्थी अनेक सामाजिक, आर्थिक और प्रतिस्पर्धात्मक दबावों से घिरा हुआ है, जिससे उसकी मानसिक स्थिरता प्रभावित होती है। डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी भी इन परिस्थितियों से अछूते नहीं हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण-अभ्यास, मूल्यांकन, सामाजिक अपेक्षाएँ और भविष्य की असुरक्षा जैसी परिस्थितियाँ उनमें तनाव और दुश्चिन्ता उत्पन्न कर सकती हैं। अत्यधिक दुश्चिन्ता व्यक्ति के आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और सृजनात्मक सोच को प्रभावित करती है, जिससे उसके व्यक्तित्व का संतुलित विकास बाधित हो जाता है। अत: इस शोध का उद्देश्य यह जानना है कि किस सीमा तक दुश्चिन्ता व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों पर प्रभाव डालती है, ताकि प्रशिक्षण संस्थाएँ प्रशिक्षणार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बना सकें।

अभिवृति व्यक्तित्व का वह पहलू है जो यह निर्धारित करता है कि व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों में कैसा व्यवहार करेगा। सकारात्मक अभिवृति से युक्त व्यक्ति चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता रखता है, जबकि नकारात्मक अभिवृति वाला व्यक्ति आसानी से हतोत्साहित हो जाता है। शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए यह विशेष रूप से आवश्यक है कि वे शिक्षा, विद्यार्थियों, समाज और अपने पेशे के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। यदि डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की अभिवृति रचनात्मक और आशावादी होगी, तो उनके व्यक्तित्व का विकास अधिक संतुलित होगा और वे शिक्षण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इसलिए अभिवृति का व्यक्तित्व पर प्रभाव जानना शिक्षा शास्त्र की दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है।

यह अध्ययन वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते मानसिक तनाव, असंतोष और प्रतिस्पर्धा के परिप्रेक्ष्य में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता, अभिवृति और दुश्चिन्ता के स्तर की पहचान कर उनके व्यक्तित्व विकास के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण रणनीतियाँ विकसित की जा सकती हैं। इस प्रकार यह अध्ययन शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त, यह शोध नीति-निर्माताओं, शिक्षा-शास्त्रियों और शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। शोध के निष्कर्षों के आधार पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में ऐसे घटक शामिल किए जा सकते हैं जो प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ाएँ, दुश्चिन्ता को कम करें और सकारात्मक अभिवृति का निर्माण करें। इससे न केवल उनका व्यक्तित्व निखरेगा, बल्कि वे समाज में परिवर्तन के प्रेरक तत्व के रूप में अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकेंगे।

शोध की आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि व्यक्तित्व एक गतिशील संरचना है जो निरंतर अनुभवों और सामाजिक परिस्थितियों से प्रभावित होती है। डी.एल.एड. प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को न केवल शैक्षिक ज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि वे सामाजिक, भावनात्मक और व्यवहारिक दृष्टि से भी विकसित होते हैं। यदि इस अवधि में उनके व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले तत्वों की पहचान की जाए, तो भविष्य में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

वर्तमान समय में शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे केवल ज्ञान-संप्रेषक न होकर छात्रों के जीवन में प्रेरणा स्रोत भी बनें। ऐसे में, प्रशिक्षणार्थियों का व्यक्तित्व, उनकी सोच, अभिवृति और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के गुणात्मक सुधार में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यदि उनका व्यक्तित्व सशक्त और संतुलित होगा, तो वे समाज में परिवर्तन के वाहक बनेंगे। अत: इस अध्ययन की उपयोगिता न केवल शैक्षिक मनोविज्ञान की दृष्टि से बल्कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अंतत:, 'डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन' वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में एक अत्यंत आवश्यक एवं सार्थक शोध है। यह अध्ययन शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली को अधिक मानव-केंद्रित, मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त और रचनात्मक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण योगदान देगा। इसके परिणाम शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में नए दृष्टिकोणों को जन्म देंगे, जिससे आने वाली पीढ़ी के शिक्षक अधिक संवेदनशील और संतुलित व्यक्तित्व वाले बन सकेंगे।

समस्या कथन – 'डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता, दुश्चिन्ता, अभिवृति का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन' शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

डी. एल.एड. प्रशिक्षणार्थी – राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन करने वाले छात्राध्यापकों कों डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी कहते है। ये प्रशिक्षणार्थी द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को

अध्ययन करवाते है। प्राथमिक शिक्षा उच्च शिक्षा का आधार है। इसलिए इस स्तर की शिक्षा के लिए उत्तम प्रशिक्षण देना अनिवार्य है।

दुश्चिन्ता – दुश्चिन्ता शब्द अंग्रेजी के (Anxiety) का हिन्दी रूपान्तरण है जिसका हिन्दी में अर्थ 'उद्वेलना की स्थिति' है। मन की अत्यधिक तनावपूर्ण स्थिति ही दुश्चिन्ता है कार्य की सफलता तक कार्य के बारे में अनावश्यक संदेह की भावना उस कार्य के प्रति दुश्चिन्ता है।

फ्रायड के अनुसार – 'दुश्चिन्ता मन, स्नायु, विकृति लैंगिक वासना के दमन का कारण है।'

मूलभूत चिन्ता 'हॉर्नी' के व्यक्तित्व सिद्धान्त का महत्वपूर्ण प्रत्यय है। 'मूलभूत चिन्ता' अपने को असहाय समझने की भावना है, जिससे व्यक्ति अपने को बिल्कुल अकेला तथा सामाजिक वातावरण को विरोधी तथा भयावह समझता है। यह 'मूलभूत चिन्ता' व्यक्ति की चिन्ता की भावना तथा माता–पिता के तिरस्कारपूर्ण व्यवहार से उत्पन्न विरोध की भावना की अन्तक्रिया का परिणाम है।

व्यक्तित्व – शिक्षा का आधुनिक उद्देश्य पूर्ण एवं सन्तुलित व्यक्तित्व का विकास करना है। शिक्षा शास्त्री और मनोवैज्ञानिक व्यक्ति के सन्तुलित विकास के कार्य में लगे हुए हैं। अत: व्यक्तित्व मनोविज्ञान तथा शिक्षा दोनों का मूल आधार है। मनोविज्ञान और शिक्षा दोनों का समध ज्ञान अन्तत: व्यक्तित्व के विकास तथा उसके ज्ञान के साथ सम्बन्धित है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :

1. डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में हनुमानगढ़ जिले के डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 प्रशिक्षणार्थियों को न्यादर्श के रुप में यादृच्छिक निर्देशन विधि से चयनित किया गया है। डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों में से 300 पुरूष प्रशिक्षणार्थी व 300 महिला प्रशिक्षणार्थी को सम्मिलित किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :

1. दुश्चिन्ता मापनी (प्रो. डी. सिन्हा)
2. व्यक्तित्व मापनी (कैटेल 16 पी. एफ.)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन –

(1) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या – 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या :–परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अत: यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की दुश्चिन्ता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

(2) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या – 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अत: यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

शैक्षिक सुझाव:

1. प्रशिक्षण में रचनात्मक गतिविधियों का समावेश करें।
2. प्रशिक्षण मूल्यांकन प्रणाली में मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक पक्षों को भी महत्व दें।
3. प्रशिक्षण के दौरान छात्रों की प्रतिक्रियाओं और समस्याओं को सुनने हेतु।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. भावी शोध में डी.एल.एड. महाविद्यालया स्तर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों की समस्याओं, सृजनात्मकता का अध्ययन किया जा सकता है।
3. प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने डी.एल.एड. महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों को ही शामिल किया है। आगामी शोध के लिए बी. एड./ बी.ए. बी.एड./ बी. एस. सी. बी. एड. आदि महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों को भी लिया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ऐशले के. वैसले, अलेक्जेण्टर बी सीजलिंग, डोनाल्ड एच (2012) जेन्डर–लिंकट पर्सनैलिटी एण्ड मेन्टल हेल्थ दि रोल आफ ट्रेड इमोशनल इनटेलीजेंस, पर्सनैलिटी एण्ड इन्डीविडुअल डिफरेन्सेस पर अध्ययन किया। ऑनलाइन पब्लिकेशन दिनाक 1 सित. 2012
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. गुप्ता, प्रो. एस. पी. एवं गुप्ता, डॉ. अलका. (2003) आधुनिक मापन

एवं मूल्यांकन. इलाहाबाद: शारदा पुस्तक भवन
4. चौधारी, एम.: रिलेशनशिप बिटबिन, एचीवमेन्ट, मोटीवेशन, एग्जाइटी, इन्टेलीजेन्स, सेम्स, सोशियल क्लाश एण्ठ वोकेशनल ऐशपायरेशन (पी-एच.डी.) पंजाब विश्वविद्यालय पजाब, पेज-207।।
5. लक्ष्मी, एस., कन्डिशनिग एचीवमेन्टएण्ड मोटीवेशन डिवलपमेन्ट प्रोग्राम आन टीचर ट्रेनीज एण्ड स्टडी देयर इफेक्ट, आन देयर परफार्मेन्स (पी-एच.डी. मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर) पेज- 109।
6. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
7. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
8. दयाल, गोया टी. दी इफेक्ट आफ टेस्ट एग्जाइटी, इन्टेलीजेन्स एण्ड सेन्त आन चिल्ड्रेन्स प्रोब्लम सात्विग एडल्ट्स पी-एच. डी. वीन स्टेट युनिवर्सिटी यू.एस.ए. 1972. पेज-1021
9. पूजा चटर्जी, ऐनक्जायटी एमन्ग हाई स्कूल स्टूडेन्स इन इण्डिया काम्पैरिशन्स एक्रास जेन्टर, स्कूल टाइप, सोसल स्ट्रेटा एण्ठ पर्सपेक्शन्स आफ क्यालिटी टाइम विद पैरेन्ट्स (आस्ट्रेलिन जर्नल आफ एजूकेशनल एण्ठ डेवलपमेट) वाल्यू 10. 2010
10. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
11. बरगर एवं सुकर (1956) बरगर एण्ट सुकर रिव्यू ऑफ आफ एजूकेशनल रिसर्च (1971) वाल्यूम 14, घेप्टर आन स्कूल एचीवमेंट एण्ट टेलीकेन्सी।
12. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
डी.एल.एड. पुरूष प्रशिक्षणार्थी की दुश्चिन्ता	300	71.27	10.333	0.363	स्वीकृत
डी.एल.एड. महिला प्रशिक्षणार्थी की दुश्चिन्ता	300	71.78	10.595		

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमापविचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
डी.एल.एड. पुरूष प्रशिक्षणार्थी का व्यक्तित्व	300	262.97	23.701	0.705	स्वीकृत
डी.एल.एड. महिला प्रशिक्षणार्थी का व्यक्तित्व	300	264.41	26.082		

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

India's Role in Reinvigorating Multilateralism : A Critical Evaluation of Its G20 Strategies

Dr. Swati Thakur*

***Associate Professor (Political Science and Public Administration) Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (U.P.) INDIA**

Abstract: Multilateralism is essential for preserving international peace, tackling global challenges, and guaranteeing fair and lawful global government. Multilateralism enhances the international system's ability to successfully address crises and manage diversity in a complex, interconnected world by fostering cooperation, inclusion, and rule-based decision-making. G20 is an important instrument multilateralism. India has played a significant role in the G20. This paper critically evaluates India's role in reinvigorating multilateralism through G20.
Keywords: Multilateralism, G20, India, Global South.

Introduction - The current international system is characterised by multilateralism. Generalised standards of conduct, agreed-upon regulations, and institutionalised procedures form the basis of this type of international collaboration, which involves three or more governments. It suggests international relations legitimacy, predictability, and reciprocity, moving beyond ad hoc coordination. The Group of Twenty (G20) is a prominent modern forum for informal multilateralism. Initially established among finance ministers in 1999 and elevated to a leaders' summit in 2008, the G20 unites significant developed and emerging economies to synchronise responses to global economic and governance concerns. Amidst the decline of conventional multilateral institutions and escalating geopolitical tensions, the G20 serves as a pragmatic platform for maintaining global collaboration. The formation of the G-20 reflected the significant changes in the international economic landscape over the previous decades. It accounts for around 85% of world GDP, more than 75% of global trade and around two-thirds of the planet's population[1]. The growing importance of emerging economies, together with the increasing integration of the global economy and financial markets, highlights the need to widen the scope of international economic and financial cooperation. As part of its mandate, the G-20 was tasked with assisting in the formation of the international agenda, addressing economic and financial concerns in instances where a consensus had not yet been reached, and "leading by example." In particular, the Group was considered to be an essential venue for the discussion of measures to prevent and resolve financial crises that occur on a global scale. The G20 is a multinational mechanism that is not based on treaties and is driven by consensus. In contrast to formal organisations such as the United Nations or the World Trade Organisation, the G20 does not have a permanent secretariat and does not make agreements that are legally binding. That is primarily dependent on political will and the influence of peers. This informal structure provides for flexibility, swift decision-making, and adaptation to developing global concerns. As a result, the G20 has become a platform for problem-solving rather than an institution that enforces rules.

India and the G20: Historical Trajectory: India was one of the original members of the G20. It was a reflection of its rising economic size and commercial potential, its greater integration into the global economy following the economic reforms that took place in 1991, and its recognition of its role as a representative of developing and emerging economies. During this period, the G20 largely served as a forum for finance ministers and governors of central banks, with the primary focus being on the maintenance of macroeconomic stability, the regulation of financial markets, and the prevention of crises. India's strategy during this period was influenced by its status as a developing economy, awareness of external conditions, and dedication to strategic autonomy in global economic governance. The G20 was perceived primarily as a technical coordination gathering rather than a significant platform for geopolitical or normative leadership.

The 2008 Global Financial Crisis signified a pivotal moment for the G20 and for India's involvement therein. The upgrading of the G20 to a Leaders' Summit status converted it into the foremost forum for international economic collaboration. India's involvement throughout this period became increasingly forceful and prominent. India endorsed a unified fiscal boost to stabilise the global

economy. It fervently supported reforms of IMF quotas and governance to accurately represent the realities of emerging economies. India underscored the necessity of safeguarding developing nations from the repercussions of financial crises emanating from industrialised economies. This time signified India's evolution from a participant to a stakeholder with the ability to shape the agenda inside the G20.

The political leadership of India underwent a change in 2014, which resulted in India's engagement with the G20 becoming more strategically integrated with its broader foreign policy aims. Establishing a connection between India's participation in the G20 and its goal of becoming a leading power rather than a balancing power was one of the most important aspects of this phase. There should be a greater emphasis placed on the establishment of norms, particularly in areas such as environmentally responsible growth, financial inclusion, and renewable energy. Participation in discussions regarding the plans for global growth and the structural improvements that are possible. Additionally, India started to present itself as a bridge between rich nations and emerging economies, which strengthened its middle-power diplomacy inside the G20.

India's G20 Strategies for Reinvigorating Multilateralism: India's G20 strategies should be contextualised within a larger systemic problem of multilateralism that has developed over the last two decades and has deepened after 2008. This crisis signifies not the outright collapse of international institutions, but rather a deterioration in their efficacy, legitimacy, and capacity to resolve issues. Certain developments are notably consequential. The escalating great-power competition, particularly between the United States and China, as well as Russia and the West, Stagnation in formal institutions like the UN Security Council and WTO, diminishing trust between the Global North and Global South, global crises particularly in financial instability, climate change, and pandemic recovery. These issues necessitated collaborative resolutions. In this backdrop, India perceived the G20 as a versatile yet powerful forum for revitalising international collaboration, unencumbered by inflexible institutional impasses. In the past India seemed to focus on just one kind of multilateralism- the UN and the NAM. New Delhi now participates in multiple kinds of multilateral institutions. This diversity of India's multilateralism reflects the structural imperatives of global politics[2].

Under the leadership of Prime Minister Modi, India invoked the concept of 'VasudhaivaKutumbakam', which translates to "One Earth, One Family, One Future." This idea was not merely symbolic; it served to emphasise ethical multilateralism over transactional diplomacy, reinforce shared responsibility for global public goods, and re-legitimize cooperation during a time of polarisation.Through adopting this perspective, India was able to establish itself as a norm entrepreneur, so promoting the principles of inclusion, sustainability, and collective well-being. Instead of viewing multilateral cooperation as a transactional or power-driven activity, India aimed to recast it as a moral and collective responsibility within the context of the international community.

In the course of its presidency of the G20, India made a conscious decision to broaden the scope of the G20 agenda to include climate action and green development, digital public infrastructure (DPI), inclusive growth and social protection, women-led development, disaster resilience, and health systems. By doing so, India aimed to turn the G20 from a limited forum for economic cooperation into a full international governance platform, hence increasing the significance of the group. The fundamental objective of India's policy was to establish itself as a bridge-builder between rich and developing economies, between competing power blocs (the G7 and BRICS), and between economic priorities and development imperatives. Throughout its history, India has often avoided ideological alignment, placing an emphasis instead on strategic autonomy and debate. In spite of geopolitical pressures, notably those associated with the war between Russia and Ukraine, this strategy was helpful in maintaining solutions that were driven by consensus. India enhanced multilateral legitimacy by prioritising Global South issues, such as sovereign debt distress, climate finance and adaptation funding, development financing gaps, and access to technology and digital divides.

India's Effectiveness at Johannesburg Summit: In order to evaluate India's efficacy within the G20, it is necessary to go beyond merely providing descriptive reports of initiatives and instead evaluate the consequences, limitations, and structural constraints. In this context, the term "effectiveness" refers to India's capacity to shape agendas, build consensus, translate normative concepts into institutional or policy outcomes, and enhance the legitimacy and functionality of multilateralism. Despite the fact that India's participation in the G20, particularly during its presidency, was widely seen as proactive and ambitious, the success of India's participation needs to be evaluated in a manner that is both critical and balanced.

This year the G20 summit took place at Johannesburg in South Africa. This summit was boycotted by America over allegations that South Africa was trying to prosecute its white African minority[3]. This vacuum left by US gave India an opportunity to step in.During the summit, Prime Minister Narendra Modi proposed six initiatives that India should lead in order to solve some of those concerns. In particular, he emphasised the necessity of rethinking the criteria of global development. A Traditional Knowledge Repository, a G20-Africa Skills Multiplier Initiative (in which India proposed to train one million people across Africa), a Global Healthcare Response Team, an Initiative on Countering the Drug–Terror Nexus, a "Open Satellite Data Partnership" to share information related to agriculture, fishing, and

disasters, and a "G20 Critical Minerals Circularity initiative" were some of the initiatives that were included in this list[4]. The problem of artificial intelligence was brought up during the summit that was held by the Prime Minister of India. He stated that it is the responsibility of the group to ensure that artificial intelligence is utilised for the benefit of the entire world and that its misuse be prevented. Creating a worldwide compact on artificial intelligence that is founded on certain basic principles is necessary in order to accomplish this goal. These principles include effective human oversight, safety-by-design, transparency, and stringent prohibitions on the use of AI in deepfakes, criminal activities, and terrorist activities[5].

The establishment of a G20 Global Healthcare Response Team is something that India has proposed. When it comes to dealing with things like natural catastrophes and health crises, Prime Minister Modi has stated that the world is stronger when we work together. As part of our efforts, we should work to establish teams of medical professionals from other G20 countries who have received training and are prepared to be sent quickly in the event of any crisis. India has proposed a G20 Initiative on Countering the Drug-Terror Nexus in order to address the problem of drug trafficking, particularly the proliferation of exceedingly hazardous chemicals such as fentanyl. He urged the world leaders to make the economy of drug-related terrorism weaker[6].

Conclusion: The domains in which India's G20 influence was restricted or merely symbolic illustrate the structural limitations of modern multilateralism rather than deficiencies in Indian leadership. Although India successfully influenced discourse, enhanced inclusion, and rejuvenated normative dedication to collaboration, significant structural reforms—especially in climate finance, global financial governance, and decision-making authority—continued to be unattainable. This highlights that symbolic and normative advancements are frequently the initial, nevertheless not conclusive, phase of multilateral revolution. Rather than relying on coercion or dominance, India's G20 policies constitute a significant attempt by a rising power to revitalise multilateralism through the use of ideas, inclusivity, and the forging of consensus. The leadership of India strengthened the normative foundations of global cooperation and boosted the G20's significance in a world order that is split. This was accomplished despite the fact that structural restrictions hampered the implementation of real reforms. To put it another way, India's effectiveness does not rest in radical reform; rather, it lies in stopping multilateralism from further declining and reframing it as something that is ethically anchored and development-oriented.

References:-

1. The world Economic Forum website https://www.weforum.org/stories/2025/11/g20-summit-what-you-need-to-know/
2. C. Raja Mohan, Cooperation Amid Conflict, Indian Express, March 01, 2023
3. Kiran D Tare, "The Summit without America", National Interest, 26th November 2025
4. The Hindu, November 25, 2025
5. The Hindu, November 23, 2025
6. The Print, https://theprint.in/india/pm-modi-calls-africas-first-g20-the-right-moment-to-revisit-development-parameters/2790148/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य और सोशल मीडिया उपयोग का संबंध का अध्ययन बलिया जनपद के विशेष संदर्भ में

डॉ. तृप्ति तिवारी*

* सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया किशोरों के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। किशोरावस्था मानसिक एवं भावनात्मक विकास की अत्यंत संवेदनशील अवस्था होती है। इस अवस्था में सोशल मीडिया का अत्यधिक या अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब आदि प्लेटफॉर्म किशोरों को सामाजिक जुड़ाव, अभिव्यक्ति और सूचना का अवसर प्रदान करते हैं, किंतु इनके अत्यधिक उपयोग से तनाव, चिंता, आत्म-संतोष में कमी, नींद की समस्या और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य बलिया जनपद के किशोरों में सोशल मीडिया उपयोग की प्रवृत्तियों तथा उसके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण करना है। अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया तथा 13–19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को नमूने के रूप में शामिल किया गया। प्राप्त परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच प्रत्यक्ष संबंध है। सीमित एवं नियंत्रित उपयोग लाभकारी है, जबकि अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध होता है।

प्रस्तावना – किशोरावस्था मानव जीवन का वह चरण है जिसमें व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तनों से गुजरता है। इस अवस्था में आत्म-पहचान, आत्म-सम्मान और सामाजिक स्वीकृति की आवश्यकता अधिक होती है। वर्तमान समय में तकनीकी विकास और इंटरनेट की उपलब्धता ने किशोरों के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। बलिया जनपद जैसे अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में भी सोशल मीडिया का तीव्र प्रसार हुआ है। किशोर बड़ी संख्या में स्मार्टफोन और इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। जहाँ एक ओर यह ज्ञान और सूचना का माध्यम बन रहा है, वहीं दूसरी ओर यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए नई चुनौतियाँ भी प्रस्तुत कर रहा है। इसी संदर्भ में यह अध्ययन महत्वपूर्ण है।

पूर्ववर्ती अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि:

1. Anderson (2020) ने पाया कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग किशोरों में तनाव और अवसाद को बढ़ाता है।
2. Kaur (2020) के अनुसार सोशल मीडिया पर तुलना की प्रवृत्ति आत्म-संतोष में कमी लाती है।
3. WHO (2021) ने किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभाव को एक वैश्विक चिंता बताया।
4. Singh (2022) ने भारत में शहरी किशोरों में सोशल मीडिया लत को मानसिक असंतुलन से जोड़ा।

इन अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि सोशल मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। इसी आधार पर शोध अध्ययन के उद्देश्य अग्रलिखित है:

1. किशोरों में सोशल मीडिया उपयोग की अवधि का अध्ययन।
2. किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य स्थिति का विश्लेषण।
3. सोशल मीडिया उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध का अध्ययन।
4. ग्रामीण एवं शहरी किशोरों में अंतर का अध्ययन।

प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए निम्नलिखित परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया है :

1. सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।
2. सीमित सोशल मीडिया उपयोग मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।
3. शहरी किशोर ग्रामीण किशोरों की तुलना में अधिक सोशल मीडिया उपयोग करते हैं।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोध पद्धति वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति की है। अध्ययन क्षेत्र उत्तर प्रदेश का बलिया जनपद है। तथ्यों के संकलन के रूप में 13-19 वर्ष आयु वर्ग के 150 किशोरों का चयन किया गया, जिनमें 75 ग्रामीण और 75 शहरी क्षेत्र से थे। न्यादर्श का चयन साधारण यादृच्छिक विधि से किया गया। प्रदत्त संग्रह के लिए प्रश्नावली, साक्षात्कार और अवलोकन विधि का प्रयोग किया गया। प्रदत्त विश्लेषण के लिए प्रतिशत विधि और तुलनात्मक विश्लेषण अपनाया गया।

शोध विश्लेषण

तालिका – 01: किशोरों में सोशल मीडिया उपयोग की अवधि

सोशल मीडिया उपयोग की अवधि	किशोरों की संख्या	प्रतिशत (%)
1-2 घंटे प्रतिदिन	38	25 %
2-4 घंटे प्रतिदिन	68	45 %

4–6 घंटे प्रतिदिन	30	20 %
6 घंटे से अधिक	14	10 %
कुल	150	100 %

तलिका–1 से यह स्पष्ट होता है कि बलिया जनपद के अधिकांश किशोर प्रतिदिन दो घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। सर्वाधिक 45 प्रतिशत किशोर 2–4 घंटे प्रतिदिन सोशल मीडिया पर व्यतीत करते हैं, जो यह दर्शाता है कि सोशल मीडिया उनके दैनिक जीवन का नियमित हिस्सा बन चुका है। लगभग 30 प्रतिशत किशोर चार घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, जो अत्यधिक उपयोग की श्रेणी में आता है। केवल 25 प्रतिशत किशोर ही सीमित समय (1–2 घंटे) तक सोशल मीडिया का उपयोग करते पाए गए। यह प्रवृत्ति यह संकेत देती है कि किशोरों में डिजिटल निर्भरता बढ़ रही है, जिसका सीधा प्रभाव उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

तालिका – 02: सोशल मीडिया उपयोग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या	किशोर (%)
तनाव	62 %
चिंता/बेचैनी	55 %
नींद की समस्या	48 %
आत्मविश्वास में कमी	41 %
चिड़चिड़ापन	39 %

तालिका–2 से यह स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। अध्ययन में 62 प्रतिशत किशोरों ने तनाव की समस्या को स्वीकार किया, जो एक गंभीर संकेत है। 55 प्रतिशत किशोरों में चिंता एवं बेचैनी की स्थिति पाई गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया पर निरंतर सक्रियता मानसिक अस्थिरता को बढ़ावा देती है। लगभग आधे किशोरों में नींद की समस्या देखी गई, जिसका कारण देर रात तक मोबाइल फोन का उपयोग माना जा सकता है। आत्मविश्वास में कमी और चिड़चिड़ापन भी उल्लेखनीय प्रतिशत में पाया गया, जो सोशल मीडिया पर तुलना, साइबर दबाव और सामाजिक अपेक्षाओं का परिणाम है।

तालिका – 03: ग्रामीण एवं शहरी किशोरों में सोशल मीडिया उपयोग एवं मानसिक स्वास्थ्य की तुलना

संकेतक	ग्रामीण किशोर (%)	शहरी किशोर (%)
4 घंटे से अधिक सोशल मीडिया उपयोग	28 %	46 %
माता–पिता की निगरानी	65 %	38 %
मानसिक तनाव	42 %	58 %
नींद की समस्या	35 %	52 %
आत्मविश्वास में कमी	37 %	49 %

तालिका – 3 ग्रामीण एवं शहरी किशोरों के बीच स्पष्ट अंतर को दर्शाती है। शहरी किशोरों में 4 घंटे से अधिक सोशल मीडिया उपयोग करने वालों का प्रतिशत (46%) ग्रामीण किशोरों (28%) की तुलना में अधिक है। ग्रामीण किशोरों में माता–पिता की निगरानी अधिक पाई गई, जो उन्हें डिजिटल दुष्प्रभावों से आंशिक रूप से सुरक्षित रखती है। इसके विपरीत शहरी किशोरों में मानसिक तनाव, नींद की समस्या और आत्मविश्वास में कमी की दर अधिक देखी गई। यह तालिका सिद्ध करती है कि सामाजिक परिवेश और पारिवारिक संरचना किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शोध अध्ययन से प्राप्त परिणाम यह स्पष्ट करते हैं कि बलिया जनपद के किशोरों में सोशल मीडिया उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच प्रत्यक्ष संबंध विद्यमान है। जिन किशोरों का सोशल मीडिया उपयोग अधिक पाया गया, उनमें तनाव, चिंता, चिड़चिड़ापन और नींद की समस्याएँ भी अधिक पाई गईं। परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि शहरी किशोरों में सोशल मीडिया उपयोग की अवधि अधिक है और उनमें मानसिक तनाव की संभावना भी अधिक देखी गई। इसके विपरीत ग्रामीण किशोरों में पारिवारिक निगरानी और सामाजिक जुड़ाव के कारण नकारात्मक प्रभाव अपेक्षाकृत कम पाए गए। यह अध्ययन यह सिद्ध करता है कि सोशल मीडिया का प्रभाव उसके उपयोग की मात्रा और सामाजिक परिवेश पर निर्भर करता है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सोशल मीडिया किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करता है। अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग किशोरों में मानसिक असंतुलन, तनाव और आत्म–संतोष की कमी को बढ़ावा देता है। बलिया जनपद के किशोर भी इस डिजिटल परिवर्तन से प्रभावित हैं। अत: यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया का उपयोग संतुलित, नियंत्रित और उद्देश्यपूर्ण रूप में किया जाए, ताकि किशोरों का मानसिक विकास स्वस्थ दिशा में हो सके।

सुझाव :

1. किशोरों के सोशल मीडिया उपयोग की समय–सीमा निर्धारित की जाए।
2. विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
3. माता–पिता को बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखनी चाहिए।
4. साइबर बुलिंग और ऑनलाइन तुलना से संबंधित जागरूकता बढ़ाई जाए।
5. सोशल मीडिया के शैक्षिक और सकारात्मक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Anderson, M. (2020). Social media and adolescent mental health.
2. American Psychiatric Association. (2013). Diagnostic and statistical manual of mental disorders (5th ed.). Washington, DC: Author.
3. Bansal, R., & Sharma, P. (2020). Impact of social media on mental health of adolescents. Indian Journal of Health and Wellbeing, 11(4), 210–215.
4. Choudhary, S., & Gupta, R. (2019). Social networking sites and psychological well-being of adolescents. Journal of Psychology and Education, 14(2), 45–52.
5. Digital India Report. (2022). Internet usage among adolescents in India. New Delhi: Ministry of Electronics and Information Technology.
6. Ellison, N. B., Steinfield, C., & Lampe, C. (2007). The benefits of Facebook “friends”: Social capital and

college students. Journal of Computer-Mediated Communication, 12(4), 1143–1168.
7. Hinduja, S., & Patchin, J. W. (2018). Cyberbullying: Identification, prevention, and response. Cyberbullying Research Center.
8. Kumar, A., & Singh, S. (2021). Social media usage and mental health issues among adolescents in rural India. International Journal of Social Science Research, 9(1), 67–75.
9. Ministry of Health and Family Welfare. (2021). National mental health survey of India. New Delhi: Government of India.
10. National Institute of Mental Health and Neurosciences. (2020). Adolescent mental health in India. Bengaluru: NIMHANS.
11. Pantic, I. (2014). Online social networking and mental health. Cyberpsychology, Behavior, and Social Networking, 17(10), 652–657.
12. Rideout, V., & Robb, M. B. (2018). Social media, social life: Teens reveal their experiences. Common Sense Media.
13. Sharma, N., & Verma, P. (2022). Psychological impact of excessive social media use among Indian adolescents. Journal of Mental Health Education, 6(3), 89–97.
14. Twenge, J. M. (2017). iGen: Why today's super-connected kids are growing up less rebellious, more tolerant, less happy. New York: Atria Books.
15. Verduyn, P., Ybarra, O., Résibois, M., Jonides, J., & Kross, E. (2017). Do social network sites enhance or undermine well-being? Social Issues and Policy Review, 11(1), 274–302.
16. World Health Organization. (2021). Adolescent mental health. Geneva: WHO.
17. World Economic Forum. (2022). Digital well-being report.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महिलाओं के उत्थान में सोशल मीडिया की भूमिका : समाजशास्त्रीय अध्ययन

प्रियंका देवी*

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) PMCoE शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टीकमगढ़ (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह शोध-पत्र समकालीन डिजिटल परिदृश्य में सोशल मीडिया द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है। इस अध्ययन में पाया गया कि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए आत्म-अभिव्यक्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा निर्माण, ज्ञान-विस्तार, कौशल-विकास, डिजिटल उद्यमिता तथा राजनीतिक-सांस्कृतिक सहभागिता के लिए नवीन एवं सुलभ मंच प्रदान करता है। डिजिटल स्पेस ने नारीवादी विमर्शों, सामूहिक चेतना निर्माण तथा सामाजिक प्रतिरोध के नए स्वरूपों को भी प्रोत्साहित किया है। यद्यपि सोशल मीडिया लैंगिक समता एवं अधिकार चेतना को सुदृढ़ करता है, तथापि साइबर उत्पीड़न, डिजिटल पितृसत्ता, तकनीकी असमानता तथा ऑनलाइन हिंसा जैसी चुनौतियाँ इस सशक्तीकरण प्रक्रिया को जटिल बनाती हैं। परिणामत: सोशल मीडिया महिलाओं के लिए एक परिवर्तनकारी, किंतु बहुआयामी एवं द्वंद्वात्मक सामाजिक-परिवर्तनकारी माध्यम के रूप में उभरता है।

शब्द कुंजी – सोशल मीडिया, महिला सशक्तीकरण, डिजिटल स्त्रीवाद, ऑनलाइन पहचान, सामाजिक पूँजी, डिजिटल उद्यमिता।

प्रस्तावना – मानव सभ्यता के इतिहास में महिलाओं की स्थिति सामाजिक संरचनाओं, सांस्कृतिक मूल्यों, आर्थिक स्थितियों तथा राजनीतिक व्यवस्थाओं के कारण निरंतर परिवर्तनशील रही है। भारत सहित विश्व के अधिकांश समाजों में प्राचीन काल से ही पितृसत्तात्मक संरचनाप्रमुख रही है, जिसमें महिलाओं को पारंपरिक दायित्वों, जैसेकृघरेलू कार्य, प्रजनन, और परिवार की देखभाल तक सीमित रखा गया (Hooks, 2000)। हालाँकि वैदिक युग में स्त्रियों की शिक्षा और सामाजिक सहभागिता के उदाहरण मिलते हैं, किंतु मध्यकाल और औपनिवेशिक काल के दौरान सामाजिक असमानताएँ अधिक गहरी हुईं। आधुनिक काल में सामाजिक सुधार आंदोलनों, राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्ष, भारतीय संविधान द्वारा प्रदान किए गए समान अधिकारों, एवं महिला-सशक्तीकरण योजनाओं ने महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार की आधारभूमि बनाई (Kabeer, 1999)

महिला सशक्तीकरण का मूल भाव यह है कि महिलाएँ अपनीक्षमता, संसाधनों एवं निर्णय-निर्माणपर नियंत्रण रखते हुए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर सशक्त बनें (Kabeer, 1999)। संयुक्त राष्ट्र (UN) और विश्व आर्थिक मंच (WEF) जैसे वैश्विक निकायों ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं आर्थिक अवसरों को सशक्तीकरण के प्राथमिक आयाम माना है। भारत में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण (73वाँ एवं 74वाँ संविधान संशोधन),'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', महिला सुरक्षा कानून (POSH act 2013), तथा 'स्टैंडअप इंडिया' जैसे कार्यक्रम, महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन में योगदान दे रहे हैं।

21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक-सांस्कृतिक उपलब्धियों में एक है डिजिटल संचार और सोशल मीडिया का विस्तार। इंटरनेट और स्मार्टफोन क्रांति ने वैश्विक स्तर पर सूचना के प्रवाह, विचार-निर्माण, संवाद और जनमत निर्माण की प्रकृति को बदल दिया है। भारत में डिजिटल इंडिया अभियान और सस्ती इंटरनेट सेवाओं ने महिलाओं की डिजिटल पहुँच को बढ़ावा दिया है (Arora, 2019)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, यूट्यूब, ट्विटर (X) ने महिलाओं कोसंवाद एवं अभिव्यक्ति का मंच,व्यावसायिक अवसरों का विस्तार,ऑनलाइन शिक्षा और कौशल विकास,सामाजिक समर्थन समूह,और डिजिटल उद्यमिताजैसे नए अवसर प्रदान किए हैं (McQuail, 2010)। विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाएँ अब इंस्टाग्राम बिजनेस पेज, यूट्यूब चौनल, ऑनलाइन ब्यूटी सर्विसेस, होम-फूड डिलीवरी, हैंडीक्राफ्ट बिजनेस जैसे माध्यमों से आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर रही हैं।

सोशल मीडिया ने न केवल व्यक्तिगत आवाज को बढ़ाया बल्कि वैश्विक नारीवादी आंदोलनों को भी नई गति दी है।#MeToo, #TimesUp, #SayHerName और भारत का #MeTooIndia आंदोलन महिलाओं को यौन उत्पीड़न, कार्यस्थल भेदभाव, और पितृसत्ता के खिलाफ बोलने का अवसर प्रदान करते हैं (Shirky, 2011)। डिजिटल मंचों ने सामूहिक बहनचाराऔर नारीवादी एकजुटता को सुदृढ़ किया है।

नारीवादी सिद्धांतकार जैसे Butler (1990) और Hooks(2000) यह बताते हैं कि पहचानऔर सत्ता का निर्माण समाज में संवाद और विमर्श के माध्यम से होता हैकृऔर सोशल मीडिया इस विमर्श का नया सार्वजनिक क्षेत्रबन रहा है। आज महिलाएँ सौंदर्य मानकों, लैंगिक रूढ़ियों, घरेलू हिंसा, साइबर स्टॉकिंग, मानसिक स्वास्थ्य और अधिकारों पर निर्भीकता से अपनी आवाज उठा रही हैं।

समाजशास्त्रीय अध्ययन की प्रासंगिकता – समाजशास्त्र सोशल मीडिया

को मात्र तकनीकी माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक संरचनाओं, शक्ति संबंधों, लैंगिक भूमिकाओं, समूह व्यवहार और पहचान निर्माण की गतिशील प्रक्रिया के रूप में देखता है, जहाँ डिजिटल स्पेस सामाजिक संसाधनों, सांस्कृतिक पूँजी और सामूहिक चेतना के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालिया अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए सामाजिक नेटवर्क, समुदाय-आधारित समर्थन और आत्म-अभिव्यक्ति के अवसरों का विस्तार कर रहा है, जिससे उनकी सामाजिक पूँजी और सामाजिक सहभागिता बढ़ती है (Rainie & Wellman, 2014)। यह मंच महिलाओं को अपनी आवाज, अनुभव और दृष्टिकोण साझा करने तथा ऑनलाइन भागीदारी के माध्यम से राजनीतिक और सामाजिक अभिकरणविकसित करने का अवसर देता है (Fotopoulou, 2021)। परंतु दूसरी ओर, डिजिटल असमानताएँ- विशेषकर लैंगिक डिजिटल खाई, ऑनलाइन ट्रोलिंग, महिला-विरोधी कंटेंट और साइबर हिंसाकृनई प्रकार की सामाजिक असमानताओं और ऑनलाइन उत्पीड़न के रूप में उभर रही हैं, जो न केवल महिलाओं की भागीदारी को प्रभावित करती हैं, बल्कि शक्ति-संबंधों के नए रूपों को भी जन्म देती हैं (Henry & Powell, 2018)। इस प्रकार, सोशल मीडिया का अध्ययन महिलाओं के लिए संसाधनों, ताकत के वितरण, और डिजिटल जोखिमों के बीच संतुलन को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

शोध समस्या – यद्यपि सोशल मीडिया ने महिलाओं को अभिव्यक्ति, सामाजिक पहचान, डिजिटल उद्यमिता और नारीवादी नेटवर्किंग जैसे नए अवसर प्रदान किए हैं (Dobson,Keller,2018), फिर भी यह पूर्णत: सुरक्षित और समानतामूलक क्षेत्र नहीं है। भारत सहित वैश्विक स्तर पर महिलाएँ ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर-स्टॉकिंग, मॉर्फ्ड इमेजेज, लैंगिक घृणा भाषण और डेटा सुरक्षा जोखिमों का सामना कर रही हैं (Johnson, 2022)। साथ ही डिजिटल साक्षरता, ग्रामीणदृशहरी डिजिटल विभाजन और तकनीकी संसाधनों की असमानता महिलाओं की ऑनलाइन भागीदारी को बाधित करती है (Hafkin & Huyer, 2020)। अत: समस्या यह है कि जहाँ सोशल मीडिया महिलाओं के लिए अभिकरण एवं सशक्तिकरण का मंच बनकर उभरता है, वहीं यह लैंगिक असमानता और डिजिटल हिंसा के नए स्वरूप भी उत्पन्न करता हैय इसलिए यह शोध सोशल मीडिया की इस दोहरी भूमिकाकृसशक्तीकरण बनाम डिजिटल जोखिम का समाजशास्त्रीय विश्लेषण करता है।इस अध्ययन में समीक्षा-आधारित शोध पद्धति अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत महिलाओं के सशक्तीकरण एवं सोशल मीडिया के अंतर्संबंध पर उपलब्ध विद्यमान साहित्य का व्यापक एवं आलोचनात्मक विश्लेषण किया गया।

शोध प्रश्न

1. सोशल मीडिया महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक सशक्तीकरण में कैसे योगदान देता है?
2. ऑनलाइन नारीवादी आंदोलनों और डिजिटल समुदायों का महिलाओं की सामूहिक चेतना और आत्म-अभिव्यक्ति पर क्या प्रभाव है?
3. सोशल मीडिया उपयोग में महिलाओं को किन सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और साइबर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

साहित्य समीक्षा – महिला सशक्तीकरण को प्राय: निर्णय-निर्माण क्षमता, संसाधनों तक पहुँच और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी की प्रक्रिया के रूप में समझा जाता है। Rowlands (1995) के अनुसार सशक्तीकरण व्यक्तिगत, सामुदायिक और संरचनात्मक स्तरों पर परिवर्तन का संकेत करता है, जबकि Cornwall और Edwards (2014) इसे महिलाओं की एजेंसी, संसाधन-नियंत्रण और सामूहिक चेतना से जोड़ते हैं। डिजिटल युग में संचार अब केवल सूचना प्रसारण नहीं बल्कि 'नेटवर्क्ड पावर स्ट्रक्चर' बन चुका है (Castells, 2009), जिसमें सोशल मीडिया लोकतांत्रिक सहभागिता और पहचान निर्माण का नया आधार प्रदान करता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तृत दृष्टिकोण पर Fraser (1990) का तर्क है कि परंपरागत सार्वजनिक क्षेत्र बहिष्कृत समूहोंकृविशेषकर महिलाओंकृको पर्याप्त स्थान नहीं देताय डिजिटल प्लेटफॉर्म इस कमी को दूर कर वैकल्पिक सार्वजनिक क्षेत्रों का निर्माण करते हैं। नारीवादी सिद्धांतकार Dean (2010) यह बताती हैं कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लैंगिक चेतना, प्रतिरोध और भावनात्मक सहभागिता को राजनीतिक ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं। इस प्रकार, सोशल मीडिया केवल एक तकनीक नहीं बल्कि महिलाओं की पहचान, शक्ति और सामाजिक गतिशीलता को परिवर्तित करने वाला सामाजिक-संरचनात्मक तंत्र है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म ने नारीवादी आंदोलनों को नए रूप दिए, जहाँ महिलाएँ वैश्विक अभियानों और स्थानीय डिजिटल पहलों दोनों में भाग लेती हैं। Mendes, Ringrose और Keller (2020) बताते हैं कि #MeToo जैसे अभियानों ने लैंगिक हिंसा को मुख्यधारा विमर्श का विषय बनाया तथा 'डिजिटल सिस्टरहूड' का निर्माण किया। भारत में #SelfieWithDaughter और #PinjraTod जैसे अभियानों ने सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती दी और महिलाओं के डिजिटल नेतृत्व को उभारा (Kumar, 2020)।

साइबर-फेमिनिज्म की अवधारणा के अनुसार तकनीक लैंगिक मुक्ति की नई संभावनाएँ प्रदान करती है (Plant, 1997)। नई मीडिया तकनीकें महिलाओं को वैकल्पिक पहचानों, सामूहिक अभियानों और ज्ञान-साझेदारी के लिए मंच देती हैं (Jackson, Bailey, & Welles, 2020)। हालाँकि, डिजिटल सक्रियता में असमान पहुँच, सांस्कृतिक पितृसत्ता और ऑनलाइन घृणा भी बाधाएँ पैदा करती हैं, विशेषकर वैश्विक दक्षिण की महिलाओं के लिए (Gurumurthy & Chami, 2019)।

अनुभवजन्य शोध संकेत देते हैं कि सोशल मीडिया सामाजिक पूँजी, नेटवर्किंग और समुदाय-निर्माण के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाता है (Lin, 2001; Sen & Hill, 2020)। डिजिटल प्लेटफॉर्म महिलाओं को कौशल विकास, व्यापार और सामाजिक नेतृत्व के अवसर प्रदान करते हैंकृविशेषकर माइक्रो-उद्यमिता और कंटेंट क्रिएशन में (O'Meara, 2021)।हालाँकि, कई शोध यह भी दिखाते हैं कि महिलाओं को साइबर हिंसा, ट्रोलिंग, सेक्सिस्ट अभिव्यक्तियाँ और ऑनलाइन धमकियों का अधिक सामना करना पड़ता है (Jane,2017)। Turkle (2011) बताती हैं कि इंटरनेट पहचान निर्माण का स्थान है, परंतु यह जगह लैंगिक दबावों और सामाजिक अपेक्षाओं से पूर्णत: मुक्त नहीं है।कुल मिलाकर साहित्य दर्शाता है कि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए सशक्तीकरण और असमानता दोनों का स्थल है, जहाँ अवसरों के साथ सुरक्षा और पहुंच-संबंधी चुनौतियाँ भी मौजूद हैं।

सैद्धांतिक ढाँचा -इस अध्ययन का सैद्धांतिक ढाँचा महिलाओं और सोशल मीडिया के अंतर्संबंध को समझने हेतु बहु-स्तरीय समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण अपनाता है।सशक्तीकरण सिद्धांतके अनुसार महिलाओं का सशक्तीकरण

केवल संसाधनों तक पहुँच एवं नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकीएजेंसी, निर्णय–निर्माण क्षमता तथा उपलब्धियों के विस्तारका समग्र रूप है, और डिजिटल माध्यम इस एजेंसी को नए सामाजिक, व्यावसायिक एवं राजनीतिक आयाम प्रदान करते हैं (Cornwall & Edwards, 2014)।नेटवर्क समाज सिद्धांत(Castells, 2010)यह प्रतिपादित करता है कि सोशल मीडिया समकालीन समाज में शक्ति, सूचना प्रवाह और सामाजिक पूँजी की संरचनाओं को पुनर्परिभाषित करने वाला केंद्रीय माध्यम है, जो महिलाओं को संवाद, संबद्धता और सामाजिक सहभागिता के नए अवसर उपलब्ध कराता है।अंतर्संबंध नारीवादी सिद्धांतके अनुसार डिजिटल वातावरण में महिलाओं के अनुभव वर्ग, जाति, धर्म, लैंगिक पहचान और सामाजिक–आर्थिक स्थिति के अनुसार भिन्न होते हैं, अत: ऑनलाइन दुनिया में भी असमानताओं का पुनरुत्पादन होता है (Crenshaw, 1991)।

अत: इन समस्त सिद्धांतों का संयोजन यह प्रतिपादित करता है कि सोशल मीडिया जहाँ महिलाओं के लिए सशक्तीकरण, स्वायत्तता और सामाजिक अभिव्यक्ति का माध्यम है, वहीं यह डिजिटल असमानताओं, पितृसत्तात्मक प्रभुत्व और साइबर हिंसा का स्थल भी है। इसलिए सोशल मीडिया को महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से समग्र, संदर्भगत एवं आलोचनात्मक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्यमें विश्लेषित करना अनिवार्य है।

शोध पद्धति – इस अध्ययन में समीक्षा–आधारित शोध पद्धति अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत महिलाओं के सशक्तीकरण एवं सोशल मीडिया के अंतर्संबंध पर उपलब्ध विद्यमान साहित्य का व्यापक एवं आलोचनात्मक विश्लेषण किया गया। शोध सामग्री के चयन हेतु व्यवस्थित साहित्य समीक्षादृष्टिकोण का अनुसरण किया गया, जिसमें पिछले एक दशक में प्रकाशित उच्च–गुणवत्ता वाले सहकर्मी–समीक्षित शोध लेख, पुस्तकें, सरकारी रिपोर्टें, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के दस्तावेज, और प्रतिष्ठित डेटाबेसों (Scopus, Web of Science, JSTOR, Google Scholar) में उपलब्ध स्रोत सम्मिलित किए गए। चयनित साहित्य का मूल्यांकन सैद्धांतिक प्रासंगिकता, विषयवस्तु–संगति, शोध–गुणवत्ता तथा समकालीनता के मानदंडों पर किया गया। समीक्षा प्रक्रिया में विषयगत कोडिंगऔर विश्लेषण तकनीकों का उपयोग करते हुए प्रमुख विषयों जैसे सामाजिक सशक्तीकरण, डिजिटल भागीदारी, ऑनलाइन नारीवाद, डिजिटल असमानताएँ और साइबर हिंसाकृकी पहचान एवं वर्गीकरण किया गया। प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक डेटा संग्रह पर आधारित नहीं है, बल्कि उपलब्ध शोध–ज्ञान के संश्लेषण, तुलनात्मक विश्लेषण, तथा सैद्धांतिक समेकन के माध्यम से सोशल मीडिया द्वारा महिला सशक्तीकरण के अवसरों और सीमाओं का संतुलित, आलोचनात्मक और पर्याप्त रूप से प्रमाणित निरूपण करता है।

परिणाम एवं विश्लेषण

सामाजिक सशक्तीकरण – अध्ययन के निष्कर्ष संकेत करते हैं कि सोशल मीडिया समकालीन सामाजिक संरचना में महिलाओं के लिए एक वैकल्पिक सामाजिक क्षेत्रका निर्माण कर रहा है, जहाँ वे न केवल अपनी आवाज को अभिव्यक्त कर रही हैं, बल्किआत्म–अस्मिता, सामाजिक स्थिति और सांस्कृतिक स्वायत्तता का पुनरुत्पादन भी कर रही हैं। डिजिटल संवाद और उपस्थिति ने महिलाओं मेंअभिव्यक्ति–संकुचन के ऐतिहासिक ढाँचोंको चुनौती दी है, जिसके परिणामस्वरूप स्त्रियाँ अब अपनी जीवन–कथाओं, अनुभवों, आकांक्षाओं और संघर्षों को साझा करने में अधिक निर्भीक, सजग और सक्रिय दिखाई देती हैं। यह प्रवृत्तिआत्म–स्वीकृति, स्व–विकास एवंस्वतंत्र पहचान निर्माण की प्रक्रिया को सुदृढ़ करती है।साथ ही, महिलाओं में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से देखी गई कि डिजिटल सहभागिता ने उन्हें संचार–दक्षता, आत्म–अभिव्यक्ति कौशल, सामाजिक सहयोजन क्षमता तथा आत्म–प्रतिनिधित्व जैसे महत्वपूर्ण मनो–सामाजिक संसाधनों से लैस किया। सोशल मीडिया पर लैंगिक अभिकथनों और संवादों ने पारंपरिक भूमिकाओं जैसे त्याग, आज्ञाकारिता, पारिवारिक निष्ठा, लज्जा और मौन कृ को प्रश्नांकित किया तथा स्त्रीत्व की आधुनिक, स्वतंत्र और आत्मनियंत्रित अवधारणा को स्थापित किया।

विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि डिजिटल समुदायों नेभावनात्मक सहकार, सामाजिक समर्थन, और प्रतिकूल परिस्थितियों में सामूहिक सहानुभूतिजैसे मनो–सामाजिक तंत्र विकसित किए हैं। ये डिजिटल समर्थन क्षेत्र उन महिलाओं के लिए सामाजिक गतिकी का सेतुबनते हैं जिनके पास वास्तविक जीवन में सहयोग प्राप्त करने के अवसर सीमित होते हैं। इस प्रकार, निष्कर्ष इंगित करते हैं कि सोशल मीडिया ने महिलाओं मेंसामाजिक पूँजी औरनागरिकता–चेतना के उद्भव को प्रोत्साहित किया है, जो सामाजिक सशक्तीकरण की व्यापक एवं निर्णायक प्रक्रिया है।

शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण – अध्ययन ने यह भी सिद्ध किया कि डिजिटल माध्यमों ने महिलाओं के शैक्षिक विकास और आर्थिक स्वनिर्भरता के नए मार्ग प्रशस्त किए हैं। सोशल मीडिया और ई–लर्निंग प्लेटफॉर्मों ने महिलाओं को ज्ञानार्जन, कौशल–विकास और पेशेवर उन्नति के लिए लोकतांत्रिक एवं मुक्तवातावरण प्रदान किया। यह विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ जिनके लिए भौतिक शैक्षिक अवसर या तो सीमित थे या उपलब्ध नहीं थे।शैक्षिक रूपांतरण की यह प्रक्रिया केवल सूचना–प्राप्ति तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमेंटेक्नोलॉजिकल लिटरेसी, डिजिटल प्रोफेशनलिज्म, बहु–विषयक ज्ञान, और उद्यमशील दक्षताएँभी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप महिलाएँ ऑनलाइन पाठ्यक्रमों, वेबिनारों, मेंटरशिप कार्यक्रमों तथा कौशल–आधारित समुदायों के माध्यम से व्यावसायिक रूप से दक्ष एवं प्रतिस्पर्धी बन रही हैं।आर्थिक परिप्रेक्ष्य में निष्कर्ष दर्शाते हैं कि सोशल मीडिया ने महिलाओं कोआर्थिक स्वायत्तता, घरेलू से सार्वजनिक आर्थिक क्षेत्र में प्रवेश, और उद्यमिता का अवसरप्रदान किया। डिजिटल व्यापार जैसे ई–कॉमर्स हैंडलिंग, कंटेंट क्रिएशन, सोशल–मीडिया मार्केटिंग, एफिलिएट बिजनेस, और ऑनलाइन कंसल्टेंसीकृने महिलाओं को पारंपरिक आर्थिक निर्भरता से मुक्त करते हुएघरेलू अर्थव्यवस्था से वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्थातक विस्तृत भूमिका प्रदान की।

आर्थिक सहभागिता के इस विस्तार ने महिलाओं की वित्तीय निर्णय–निर्माण क्षमता, संसाधन–संचालन कौशल, तथा स्वामित्व बोधको सुदृढ़ किया। यह आर्थिक सशक्तीकरण आगे चलकर उनके सामाजिक एवं व्यक्तिगत आत्मसम्मान को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुआ, जो लैंगिक न्याय के लिए आधारभूत तत्व है।

राजनीतिक एवं कानूनी जागरूकता – शोध के अनुसार सोशल मीडिया ने महिलाओं मेंराजनीतिक चेतना, नागरिक संवेदनशीलता तथा कानूनी ज्ञानको उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया। डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर राजनीतिक विमर्शकृजैसे महिला आरक्षण, सामाजिक न्याय, मानवाधिकार, पर्यावरणीय स्थायित्व और संवैधानिक अधिकारोंकृमें सक्रिय भागीदारी से महिलाओं की राजनीतिक पहचान मजबूत हुई।महिलाओं ने सरकारी नीतियों, योजनाओं, और विधिक संरक्षण उपायों (POSH Act, POCSO Act)

घरेलू हिंसा कानून, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्रक्रियाएँ) के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। यह जानकारी न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा एवं निर्णय-निर्माण में उपयोगी सिद्ध हुई, बल्किनागरिक जागरूकता के विस्तार, सामाजिक प्रश्नों पर आलोचनात्मक दृष्टिकोण, और लोकतांत्रिक भागीदारीको प्रोत्साहित करती देखी गई।विशेष रूप से देखा गया कि सोशल मीडिया ने महिलाओं कोडिजिटल नागरिकता के गुण प्रदान किएकृजिसके अंतर्गतडिजिटल अधिकार, डिजिटल कर्तव्य, तथ्य-सत्यापन, सार्वजनिक विमर्श और जिम्मेदार अभिव्यक्तिका बोध विकसित हुआ। इस प्रकार, राजनीतिक सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति मात्रा में ही नहीं बल्किगुणात्मक दृष्टि से भीसुदृढ़ हुई।

ऑनलाइन नारीवादी आंदोलन – अध्ययन यह स्थापित करता है कि डिजिटल नारीवादी आंदोलनों ने भारतीय महिला-विमर्श को वैश्विक संवाद-व्यवस्था से जोड़ा है। इन अभियानों ने न केवल व्यक्तिगत उत्पीड़न को सार्वजनिक विमर्श में परिवर्तित किया बल्कि संस्थागत हिंसा, पुरुष-वर्चस्व, लैंगिक वंचना और सांस्कृतिक असमानताओंके विरुद्ध संरचनात्मक प्रतिरोध की संभावनाएँ उत्पन्न कीं।डिजिटल बहनचाराकी अवधारणा ने महिलाओं में सहानुभूति, भावनात्मक-उपचार, समर्थन एवं न्याय की सामूहिक आकांक्षाको मजबूत किया। यह अनुभव-साझाकरण की प्रक्रिया सामाजिक-स्मृति और सामूहिक चेतना का निर्माण करती है, जो केवल भावनात्मक विमर्श तक सीमित नहीं बल्किसामाजिक परिवर्तन, नीतिगत दबाव और न्यायिक संवेदनशीलताकी दिशा में भी उन्नत है।

परिणामस्वरूप, सोशल मीडिया-आधारित स्त्रीवादी आंदोलन ने नारी चेतना कोसामाजिक-सांस्कृतिक प्रतिरोध, डिजिटल नेतृत्व, तथा सामूहिक राजनीतिक एजेंसी के स्तर तक विस्तारित किया है। यह स्पष्ट करता है कि डिजिटल स्त्रीवाद केवल विचार-आधारित आंदोलन नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी शक्ति है।

चुनौतियाँ – यद्यपि सोशल मीडिया महिलाओं को अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है, अध्ययन यह भी प्रदर्शित करता है कि यह क्षेत्रसुरक्षा-संबंधी जोखिमों, पहचान-आधारित हिंसा और पितृसत्तात्मक निगरानीसे मुक्त नहीं है। साइबर-हिंसा जैसे ट्रोलिंग, अपमानजनक टिप्पणी, मॉर्फ्ड दृश्य सामग्री, यौन धमकी, स्टॉकिंग और डेटा-दुरुपयोग ने ऑनलाइन मंचों को कई महिलाओं के लिए असुरक्षित बनाया।डिजिटल विभाजन के कई रूप भौगोलिक, आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिककृमहिलाओं की समतामूलक डिजिटल पहुँच में बाधक हैं। ग्रामीण संपर्क-अभाव, सीमित तकनीकी संसाधन, सामाजिक-नियंत्रण और घरेलू उत्तरदायित्वों की संरचना डिजिटल भागीदारी को सीमित करने वाले कारक हैं।यह शोध संकेत करता है कि डिजिटल मंचों में लैंगिक सत्ता-तंत्र, तकनीकी बहिष्करण एवं मनो-सामाजिक हिंसाकी स्थितियाँ विद्यमान हैं, जो डिजिटल स्त्री-सशक्तीकरण को एक जटिल, द्वंद्वात्मक और बहुआयामी प्रक्रिया बनाती हैं।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन से यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट है कि सोशल मीडिया समकालीन समाज में महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं परिवर्तनकारी मंच के रूप में उदित हुआ है। यह प्लेटफॉर्म न केवल महिलाओं को अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक भागीदारी, ज्ञान-विस्तार, आर्थिक स्वायत्तता तथा राजनीतिक चेतना का संवर्धन भी करता है। अध्ययन ने यह दर्शाया कि डिजिटल संवाद ने महिलाओं की आत्म-पहचान, आत्मविश्वास, और सामाजिक दृश्यता को नई दिशा प्रदान की है, जिससे पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं एवं सांस्कृतिक रूढ़ियों पर प्रभावी प्रश्नचिन्ह खड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया ने डिजिटल उद्यमिता, ऑनलाइन नेटवर्किंग और कौशल-विकास के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की प्रक्रिया को गति दी है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी वित्तीय स्वायत्तता और निर्णय-निर्माण क्षमता में वृद्धि हुई है।

यद्यपि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए अवसरों का विस्तृत परिदृश्य प्रस्तुत करता है, अध्ययन यह भी इंगित करता है कि डिजिटल स्पेस पूर्णत: समतामूलक या सुरक्षित नहीं है। ऑनलाइन उत्पीड़न, लैंगिक हिंसा, साइबर-बुलिंग, और डिजिटल पितृसत्ता जैसी चुनौतियाँ महिलाओं के डिजिटल अनुभव को प्रभावित करती हैं और अनेक महिलाओं को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से वंचित कर सकती हैं। इसी प्रकार डिजिटल विभाजनकृविशेषकर ग्रामीण-शहरी, वर्गीय, तथा डिजिटल साक्षरता आधारित अंतरकृमहिलाओं की डिजिटल सहभागिता को संरचनात्मक रूप से सीमित करते हैं।

कुल मिलाकर, यह निष्कर्ष निकलता है कि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए सशक्तीकरण का प्रभावी साधन है, किंतु यह सशक्तीकरण रैखिक, सरल या सार्वभौमिक नहीं, बल्कि द्वंद्वात्मक, बहुआयामी एवं संदर्भ-निर्भरहै। भावी शोधों के लिए यह क्षेत्र अत्यंत संभावनाशील है, विशेषकर डिजिटल सुरक्षा नीतियों, लैंगिक तकनीकी अवसंरचना, अंतर्संबंधित स्त्री अनुभवों, और दीर्घकालिक सामाजिक प्रभावों पर गहन अनुसंधान की आवश्यकता बनी हुई है

सुझाव – अध्ययन की अंतर्दृष्टियों के आधार पर निम्नलिखित नीतिगत अनुशंसाएँ प्रस्तुत हैं, ताकि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए एक अधिक समतामूलक, सुरक्षित और सशक्तिकारी माध्यम के रूप में कार्य कर सके:

अ. महिलाओं के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण का निर्माण – सरकार, शैक्षिक संस्थान तथा तकनीकी मंचों को सहयोगात्मक रूप से कार्य करते हुए लैंगिक-संवेदनशील ऑनलाइन सुरक्षा ढाँचोंका निर्माण करना चाहिए। ऑनलाइन उत्पीड़न की स्पष्ट रिपोर्टिंग व्यवस्था, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली, और दंडात्मक प्रावधानों को सुदृढ़ बनाया जाए। प्लेटफॉर्म्स पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग, AI-आधारित फिल्टरिंग प्रणाली और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन के प्रचार को सुनिश्चित किया जाए।

ब. डिजिटल साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम – विशेषकर ग्रामीण एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि की महिलाओं हेतु व्यापक डिजिटल साक्षरता अभियान संचालित किए जाने चाहिए। इसमें साइबर-सुरक्षा ज्ञान, तकनीकी क्षमता-विकास, तथ्य-जाँच कौशल, और डिजिटल साक्षरता कोर्स सम्मिलित किए जाएँ। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक केंद्रों मेंविकसित किए जाएँ।

स. साइबर अपराध रोकथाम तंत्र की मजबूती – कानूनी एवं तकनीकी तंत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। पुलिस और साइबर-सेल को जेंडर-सेंसिटाइज्ड प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, और महिलाओं से संबंधित ऑनलाइन अपराधों के मामलों मेंत्वरित न्याय प्रक्रिया, डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञतातथा उच्च स्तरीय गोपनीयता सुनिश्चित की जाए। वर्तमान साइबर कानूनों की समीक्षा कर महिला-केंद्रित प्रावधानों को और प्रभावी बनाया जाए।

द. डिजिटल उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम – महिलाओं को डिजिटल उद्यमिता, ई-कॉमर्स प्रबंधन, व्यक्तिगत ब्रांडिंग, डिजिटल भुगतान

प्रणाली तथा फ्रीलांसिंग के अवसरों से परिचित कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। सरकारी योजनाओं जैसे स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया में नारी भागीदारी बढ़ाने हेतु मेंटरशिप, वित्तीय सहायता, और नारी उद्यमी नेटवर्क स्थापित किए जाएँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Arora, P. (2019). *The next billion users: Digital life beyond the West*. Harvard University Press.
2. Banaji, S., & Buckingham, D. (2013). *The civic web: Young people, the Internet and civic participation*. MIT Press.
3. Banet-Weiser, S. (2018). *Empowered: Popular feminism and popular misogyny*. Duke University Press.
4. Bhatia, A., & Bhatia, V. (2021). Women empowerment through digital platforms in India. *International Journal of Applied Research, 7*(2), 45–49.
5. Castells, M. (2009). *Communication power*. Oxford University Press.
6. Castells, M. (2010). *The rise of the network society*. Wiley-Blackwell.
7. Chandra, A., & Hossain, M. (2020). Social media and women's empowerment in South Asia. *Journal of Asian Studies, 79*(4), 987–1005.
8. Cornwall, A., & Edwards, J. (2014). *Feminisms, empowerment and development*. Zed Books.
9. Crenshaw, K. (1991). Mapping the margins: Intersectionality, identity, and violence against women. *Stanford Law Review, 43*(6), 1241–1299.
10. Dean, J. (2010). *Blog theory: Feedback and capture in the circuits of drive*. Polity Press.
11. Dobson, A. S., Robards, B., & Carah, N. (2018). *Digital intimate publics and social media*. Palgrave Macmillan.
12. Fotopoulou, A. (2021). *Feminist media: Participatory spaces, networks and affects*. Polity Press.
13. Fraser, N. (1990). Rethinking the public sphere. *Social Text, 25/26*, 56–80.
14. Gurumurthy, A., & Chami, N. (2019). *Digital technologies and feminist futures in the Global South*. IT for Change.
15. Henry, N., & Powell, A. (2018). *Sexual violence in a digital age*. Palgrave Macmillan.
16. Jackson, S., Bailey, M., & Welles, B. (2020). *#HashtagActivism: Networks of race and gender justice*. MIT Press.
17. Jane, E. (2017). *Misogyny online: A short (and brutish) history*. Sage.
18. Jenkins, H. (2009). *Confronting the challenges of participatory culture*. MIT Press.
19. Johnson, M. (2022). Gender-based online harassment: Global trends. *Journal of Cyber Policy, 7*(1), 78–95.
20. Keller, J., Mendes, K., & Ringrose, J. (2020). *Digital feminist activism*. Oxford University Press.
21. Kumar, S. (2020). Feminist digital activism in India. *Economic & Political Weekly, 55*(18), 35–42.
22. Lin, N. (2001). *Social capital: A theory of social structure and action*. Cambridge University Press.
23. McQuail, D. (2010). *McQuail's mass communication theory* (6th ed.). Sage.
24. Mendes, K., Ringrose, J., & Keller, J. (2019). *Digital feminist activism: Girls and women fighting sexism in the digital age*. Oxford University Press.
25. NCRB. (2021). *Crime in India Report 2021*. Ministry of Home Affairs, Government of India.
26. O'Meara, V. (2021). Social media, female entrepreneurs and the influencer economy. *New Media & Society, 23*(6), 1434–1455.
27. Paasonen, S. (2011). *Carnal resonance: Affect and online pornography*. MIT Press.
28. Pew Research Center. (2021). *The state of online harassment*.
29. Plant, S. (1997). *Zeros + ones: Digital women + the new technoculture*. Doubleday.
30. Putnam, R. D. (2000). *Bowling alone: The collapse and revival of American community*. Simon & Schuster.
31. Rainie, L., & Wellman, B. (2014). *Networked: The new social operating system*. MIT Press.
32. Rowlands, J. (1995). Empowerment examined. *Development in Practice, 5*(2), 101–107.
33. Sen, A., & Hill, S. (2020). Gender, networks and digital participation. *Journal of Gender Studies, 29*(4), 428–444.
34. Shirky, C. (2011). *The political power of social media*. Foreign Affairs, 90(1), 28–41.
35. Sridevi, S. (2019). The impact of social media on empowerment of women. *International Journal of Social Science and Humanities Research, 7*(1), 136–142.
36. Turkle, S. (2011). *Alone together*. Basic Books.
37. UN Women. (2021). *Measuring the shadow pandemic: Violence against women in digital spaces*.
38. चौहान, एस. (2020). 'डिजिटल मीडिया और महिला सशक्तिकरण' नई दिल्ली: पब्लिकेशन डिवीजन।
39. दिनेश, आर. (2019). 'सोशल मीडिया और समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका.'भारतीय समाजशास्त्र समीक्षा, 10(2), 45-58।
40. मिश्रा, एम. (2022). 'नारीवाद और डिजिटल युग' वाराणसी: ज्ञान मंडल प्रकाशन।
41. शर्मा, प्र. (2021). 'ऑनलाइन नारीवादी आंदोलन और भारतीय महिला चेतना'।समाज विज्ञान पत्रिका, 32(4), 112-128।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Communication Skill Development Among Rural Women through Industrial Training Centres : A Study of Khargone District

Teena Shrivastava* **Dr. Mukesh Keshari****

*Research Scholar , Institute of Commerce, Sage University, Indore (M.P.) INDIA
** Associate Professor, Institute of Commerce, SAGE University, Indore (M.P.) INDIA

Abstract: Communication skills form the backbone of women's empowerment, particularly in rural societies where social interaction, mobility, and decision-making opportunities are often limited. Industrial Training Centres (ITCs) have emerged as structured platforms that equip rural women with employable skills, confidence, and communication capabilities. This study examines the contribution of ITCs to communication skill development among rural women in Khargone district. The research adopts a secondary data approach, drawing insights from government reports, NSDC documentation, scholarly studies published between 2020 and 2024, and other authentic sources. The findings indicate that ITC-based communication skill training enhances women's confidence, workplace readiness, customer-handling abilities, self-employment prospects, and participation in economic activities. The study concludes that structured communication training is as crucial as technical training and recommends the integration of communication modules across all ITC programmes.

Introduction - Communication skills play a transformative role in the personal and professional development of rural women. In districts such as Khargone, women often face challenges including restricted mobility, limited educational exposure, patriarchal norms, and inadequate access to formal learning environments. Industrial Training Centres have expanded in recent years under national skill development initiatives, offering vocational courses supplemented with soft-skill training.

Communication training within ITCs strengthens women's ability to express ideas, interact with customers, negotiate business matters, present opinions, participate in group activities, and manage livelihood opportunities confidently. For women engaged in tailoring, beauty services, food processing, agro-based enterprises, and other home-based industries, effective communication is essential for customer interaction, record-keeping, and business expansion.

This paper examines the role of ITCs in Khargone district in enhancing communication skills among rural women and analyzes how these skills contribute to improved livelihood outcomes.

Review of Literature

Verma (2020): Verma's study on rural vocational trainees revealed that women who received soft-skill and communication training demonstrated higher confidence levels, improved verbal clarity, and better workplace behaviour compared to those who did not receive such training.

Khan & Sharma (2021): Their research on ITC-led programmes found that structured communication modules—such as group discussions, speaking exercises, and role-play—significantly improved interpersonal communication skills and fostered entry-level leadership traits among rural women.

NSDC Report (2022): The National Skill Development Corporation emphasized that soft skills, particularly communication, are essential for employability in rural sectors. The report highlighted that women with communication competencies were more likely to secure employment or initiate home-based enterprises.

Mehta (2023): Mehta's study on women's micro-entrepreneurship noted that effective communication enables rural women to negotiate prices, attract customers, and maintain market relationships, thereby directly influencing income generation.

Bansal & Kapoor (2021): Their research demonstrated that communication skills enhance women's social mobility, confidence in decision-making, and participation in broader economic networks.

Summary of Literature Gap: Although previous studies acknowledge the importance of communication training, limited research focuses specifically on ITCs operating at the district level in Khargone. This gap provides the basis

for the present study.

Research Gap:

1. Most existing studies focus on general vocational training rather than district-level ITCs.
2. There is no published research specifically examining communication skill development among rural women in Khargone district.
3. Government reports discuss skill development broadly but do not analyze communication outcomes in depth.
4. Limited research explores the role of communication skills in promoting women's self-employment in rural Madhya Pradesh.

Accordingly, this study addresses a significant academic and regional research gap.

Objectives of the Study:

1. To examine the role of ITCs in providing communication skill training to rural women in Khargone district.
2. To analyze the impact of communication skills on women's confidence and workplace readiness.
3. To assess the influence of improved communication on self-employment and income opportunities.
4. To identify challenges faced by rural women in developing communication skills through ITCs.

Research Methodology

Research Design:

1. Descriptive and analytical in nature
2. Based entirely on secondary data

Data Sources: The study relies on the following sources:

1. NSDC Skill Development Report (2022)
2. Ministry of Skill Development and Entrepreneurship publications
3. Peer-reviewed research articles (2020–2024)
4. Journals indexed in Google Scholar, ResearchGate, and UGC CARE-listed databases
5. Newspaper reports on rural skill development programmes
6. Publicly available ITC course structure documents

No primary data or fieldwork was conducted due to the researcher's time constraints.

Conceptual Framework for Communication Skill Development through ITCs: Communication skill development among rural women through ITCs is influenced by the following components:

1. Training Environment – Supportive trainers and peer interaction

2. Soft-Skill Modules – Spoken English, confidence building, group discussions, and public speaking

3. Practical Exposure – Mock sessions and customer-handling demonstrations

4. Social Interaction – Group assignments and presentations

5. Technology Integration – Digital literacy and smartphone-based communication

This framework illustrates how ITCs create a structured pathway for communication enhancement.

Discussion and Analysis: Confidence Building through Communication Training: Rural women often hesitate to speak publicly due to socio-cultural constraints. ITCs provide a supportive learning environment where instructors encourage participation in discussions and experience-sharing. Continuous engagement gradually enhances confidence and enables women to communicate effectively in markets and workplaces.

Improvement in Workplace Readiness: Communication training familiarizes women with workplace etiquette, basic English phrases, customer greetings, and negotiation skills. Tailoring trainees, for example, learn to discuss fittings and delivery schedules, while beauty trainees practice client consultation. Such training improves professional preparedness.

Enhanced Employability: Employers increasingly value communication skills alongside technical competencies. Many ITC-trained women secure employment in boutiques, beauty parlours, retail outlets, and community centres due to their polite and confident communication styles.

Support for Self-Employment and Micro-Businesses: Women operating home-based enterprises—such as tailoring units, food processing, or beauty services—experience improved customer retention through better communication. ITCs indirectly promote micro-entrepreneurship by strengthening these soft skills.

Social Empowerment and Mobility: Enhanced communication skills enable women to manage bank visits, government interactions, digital transactions, and educational responsibilities more independently, contributing to improved household decision-making and social respect.

Group Collaboration and Leadership Skills: Participation in group activities and projects during ITC training enhances coordination, leadership, delegation, and teamwork skills essential for professional advancement.

Barriers Identified in Literature:

1. Limited English proficiency
2. Socio-cultural hesitation
3. Fear of public speaking
4. Irregular attendance due to household responsibilities
5. Limited exposure to digital tools

Despite these challenges, ITCs play a significant role in gradually overcoming communication barriers.

Findings of the Study:

1. ITCs in Khargone district significantly contribute to communication skill development among rural women.
2. Women with improved communication skills demonstrate higher confidence and workplace readiness.
3. Communication competencies enhance self-employment prospects and customer relations.
4. Soft-skill training supports empowerment beyond economic gains by strengthening social participation.
5. Secondary evidence confirms that sustainable

livelihood outcomes depend on both technical and communication skills.

Conclusion: Communication skill development is a vital dimension of women's empowerment. ITCs in Khargone district play a meaningful role by integrating structured communication modules with vocational training. Women who receive such training improve their employability, confidence, decision-making abilities, and leadership potential. Strengthening communication components within ITCs is essential for achieving sustainable rural livelihoods.

Recommendations:

1. Introduce compulsory communication modules in all ITC courses.
2. Enhance digital communication training, including mobile applications and social media promotion.
3. Conduct weekly group discussion sessions to build confidence.
4. Provide bilingual instruction (Hindi and simple English).
5. Organize market linkage workshops for practical customer interaction.
6. Promote peer-to-peer communication activities for experiential learning.

References:-

1. Bansal, P., & Kapoor, S. (2021). Social mobility through communication skills among rural women. Journal of Rural Social Development, 18(2), 45–58.
2. Khan, R., & Sharma, D. (2021). Skill development programmes and communication enhancement among rural women. International Journal of Vocational Studies, 9(1), 33–47.
3. Mehta, S. (2023). Communication competencies in women-led microenterprises in India. Small Business Review, 12(4), 101–115.
4. NSDC. (2022). Skill development report on women empowerment in rural India. National Skill Development Corporation, Government of India.
5. Verma, L. (2020). Impact of vocational training on communication confidence among rural women. Journal of Empowerment Studies, 7(3), 88–102.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

A Study on Frustration and Attitude of Secondary Level Students towards Online Learning in Relation to Gender and Medium of Instruction : A Comparative Study

Dr. Samina* Dr. Manorama Mathur Ms. Meha Mathur*****

*Dean (Education) Maulana Azad University, Jodhpur (Raj.) INDIA
** Professor, Miranda College of Education, Banglore (Karnataka) INDIA
*** Research Scholar (Education) Maulana Azad University, Jodhpur (Raj.) INDIA

Impact of COVID-19: The COVID-19 pandemic and resulting school closures exacerbated the child labour problem. Research by UNICEF Innocenti explores children's perspectives of their labour and schooling experiences, including in migration contexts as well as during the COVID-19 pandemic and resulting school closures. The pandemic pushed many children into the workforce to supplement family income, and recovery efforts must address this setback.

Suggestions and Recommendations

Strengthening Legal Enforcement

National Mission to End Child Labour: The launch of a National Mission to End Child Labour, as recommended by the C-LAB report, would provide a focused, time-bound framework for coordinated action across states.

District-Level Task Forces: The establishment of district-level child labour task forces, with representation from the Labour Department, police, judiciary, and civil society, would enhance coordination and ensure effective follow-through on rescue operations.

Strengthening Prosecution: States with weak prosecution rates need targeted interventions to improve GD-to-FIR conversion and increase arrests. This includes capacity building for police and labour officials, and establishing specialized prosecution units for child labour cases.

Time-Bound Prosecution: The establishment of time-bound prosecution mechanisms would ensure that cases do not languish in courts, undermining deterrence and justice.

Enhancing Rehabilitation Mechanisms

Child Labour Rehabilitation Fund: The Child Labour Rehabilitation-cum-Welfare Fund under the 2016 Act needs effective implementation, with adequate funding, clear disbursement mechanisms, and monitoring of utilization.

Comprehensive Rehabilitation Policies: As recommended by the C-LAB report, comprehensive rehabilitation policies should address the educational, health, and psychosocial needs of rescued children, with provisions for long-term follow-up.

Educational Interventions: Investing in teachers and creating education systems that are responsive to children's vulnerabilities appears important but not sufficient to reduce child labour. Education investments need to be combined with expansion of social protection measures for vulnerable households, awareness-building interventions, strengthening of child labour legislative frameworks, and improvements in child labour monitoring systems.

Addressing Root Causes

Social Protection: Expansion of social protection measures for vulnerable households is essential to prevent children from being pushed into labour by economic compulsion. This includes cash transfer schemes, food security programs, and health insurance.

Economic Empowerment: Supporting at-risk families with education and livelihood opportunities can reduce the economic compulsion that drives child labour. This includes skill development programs, microfinance initiatives, and employment guarantee schemes.

Awareness and Community Engagement: Community engagement and awareness interventions are essential to shift social norms that normalize child labour. As the PICKET strategy recommends, "Knowledge & Awareness" campaigns should be launched to educate communities about the harms of child labour and the importance of education.

Inter-Agency Coordination

The PICKET Framework: India's path forward has been guided by the PICKET strategy: Policy (enact and enforce strict anti-child labour laws), Interagency Coordination (mobilize police, CSOs, judiciary, media), Capacity Building (train systems in trauma-informed care), Knowledge & Awareness (launch public education campaigns), Economic Empowerment (support at-risk families with education and livelihood), and Technology (monitor and dismantle online trafficking networks).

Technology: The use of technology to monitor and dismantle online trafficking networks, as well as to track child labour patterns and enforcement outcomes, can enhance the effectiveness of interventions.

International Cooperation

Extension of SDG 8.7 Deadline: The C-LAB report recommends extending the SDG 8.7 deadline to 2030, recognizing that the 2025 target has not been met globally. This extension would provide space for a more realistic

and sustainable approach.

Global Partnerships: India should continue to engage with international organizations, including the ILO and UNICEF, to share best practices and access technical assistance.

Conclusion: India has made significant progress in combating child labour, with constitutional protections, legislative reforms, and a robust enforcement framework. The rescue of 53,651 children between 2024–2025 represents a substantial achievement, reflecting the commitment of civil society organizations, law enforcement agencies, and the judiciary to child protection.

However, the persistence of child labour, with nearly 90% of rescued children engaged in the "worst forms," underscores that India is far from eliminating this scourge. Enforcement disparities across states, weak prosecution rates in some regions, inadequate rehabilitation, and the continuing influence of poverty and education gaps undermine the effectiveness of the legal framework.

The judicial interventions analyzed in this paper—from the landmark *M.C. Mehta* case to the 2025 Supreme Court judgment protecting NGO workers—demonstrate the judiciary's critical role in shaping child labour jurisprudence. The courts have recognized India's international commitments, enforced constitutional guarantees, and protected those engaged in the fight against child exploitation.

Looking forward, a comprehensive approach is required: strengthening legal enforcement through a National Mission and district task forces, enhancing rehabilitation mechanisms, addressing root causes through social protection and economic empowerment, and fostering inter-agency coordination. The PICKET framework provides a useful roadmap for such a multi-pronged approach.

Ultimately, the elimination of child labour in India requires not just legal reform but a societal commitment to the welfare of children. As the research by UNICEF Innocenti emphasizes, investing in teachers and creating education systems responsive to children's vulnerabilities is important but not sufficient. Education investments must be combined with expansion of social protection, awareness-building, strengthening of legislative frameworks, and improvements in monitoring systems -1.

References:-

1. Santhya, K.G., Francis Zavier, A.J., Panda, B.K., Pandey, N., Rampal, S., Groppo, V., & Shiva Kumar, A.K. (2024). Child Labour and Schooling in India: A Reappraisal. UNICEF Innocenti - Global Office of Research and Foresight. -1-4
2. Centre for Legal Action and Behaviour Change (C-LAB). (2025). Building the Case for Zero: How Prosecution Acts as a Tipping Point to End Child Labour. Just Rights for Children Network. -2
3. Supreme Court of India. (2025). Uma Shankar Yadav & Ors. v. State of Uttar Pradesh & Ors. (Criminal Appeal No. ___ of 2025). Judgment dated May 8, 2025. -3
4. UNICEF Innocenti. (2024). Child Labour and Schooling in India: A Study Based on NSS and Census Data. Innocenti Research Report. -1-4
5. Supreme Court of India. (1990, 1996). M.C. Mehta v. State of Tamil Nadu. AIR 1991 SC 417; AIR 1997 SC 699. -8
6. Child Labour (Prohibition and Regulation) Amendment Act, 2016. (Act No. 35 of 2016). -2
7. Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015. (Act No. 2 of 2016). -2
8. Constitution of India. Articles 21A, 23(1), 24, 39.
9. International Labour Organization. (2017). ILO Convention No. 182 on the Worst Forms of Child Labour. -2
10. United Nations. (1989). Convention on the Rights of the Child. -8
11. Dreze, J., & Sen, A. (2013). An Uncertain Glory: India and its Contradictions. Princeton University Press. -9
12. Burra, N. (1995). Born to Work: Child Labour in India. Oxford University Press. -9
13. BREADS/Don Bosco. (2025). Pan-India Rescue and Rehabilitation Campaign Report. Karnataka, India.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

दयानन्द सरस्वती का अछूतोद्धार में योगदान

मदन लाल*

* एम.ए. (इतिहास), सरवरी ब्लॉक कल्याणपुर, बालोतरा (राज.) भारत

प्रस्तावना – महर्षि दयानन्द सरस्वती भारतीय पुनर्जागरण आंदोलन के पुरोधा में से एक थे। 19 वीं सदी में भारतीय समाज में अनेक सामाजिक, धार्मिक बुराईयों से ग्रस्त था। एक तरफ भारत पर अंग्रेजों ने अधिकार कर रखा थाअ वही दूसरी और भारतीय समाज की स्वंय की कमजोरियां लोगों के जीवन बद्तर बना रही थी। इन सामाजिक धार्मिक बुराईयों के विरोध में सबसे पहले मशाल राजा राम मोहन राय ने जलाई थी। राम मोहन राय पश्चिमी सभ्यता संस्कृति से प्रभावित थे उन्होंने वेदों की प्रमाणिकता का खण्डन किया। कालांतर में स्वामी दयानन्द सरस्वती पैदा हुआ। दयानन्द सरस्वती ने वेदों के आधार पर भारतीय समाज में विद्यमान बुराईयों का विरोध किया था। दयानन्द सरस्वती का जन्म 1824 में गुजरात में हुआ था।उन्होंने वेदों की शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की थी।

शिवरात्रि को एक घटी घटना ने दयानन्द सरस्वती के जीवन को बदल दिया। शिवरात्रि के दिन शिव पुराण सुनाया गया जिसमें शिव की कथा सुनाई गया स रात्रि जागरण के दौरान सभी सो गए थे तब अचानक चूहे भगवान शिव के प्रसाद को खाने लग गया।

यह देखकर दयानन्द को लगा यह वही शिव है जो कैलाश पर्वत पर निवास करते है जिन्होंने अनेक असुरों का वध किया था जो अपने प्रसाद की रक्षा नहीं कर सकते वो सृष्टि की क्या रक्षा करेगा यही से उनके मन में वैराग्य पैदा हो गया।

इसके उपरांत 15 वर्ष तक वो इधर उधर घूमते रहे। 1860 में मथुरा गए और स्वामी विरजानन्द से मिले वही उन्होंने वेदों की शिक्षा प्राप्त की थी। 1863 में उन्होंने झूठे धर्मो का स खण्डन करने के लिए पाखण्ड खडीनी पताका लहराई। 1875 में बंबई में आर्य समाज की स्थापना की जिसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन वैदिक धर्म की स्थापना करना था। उन्होंने समकालीन हिन्दू समाज में व्याप्त बुराइयाँ का वेदों के आधार पर खण्डन किया। उन्होंने ब्राह्मणों के धार्मिक सामाजिक सर्वोचता के दावे की खुलकर चुनौती दी तथा इस बात का मजाक उड़ाया की ब्राह्मण मनुष्य तथा ईश्वर के बीच मध्यस्थ है। उन्होंने वेदों की और लौटो का नारा दिया था।

स्वामी जी ने आर्य समाज के बंबई में 28 निम्न नियम बनाएं थे जो इस प्रकार है :

1. सब मनुष्यों के हितार्थ आर्यसमाज का होना आवश्यक है।
2. इस समाज में मुख्य स्वत: प्रमाण वेदों को ही माना जायेगा।
3. इस समाज में प्रतिदेश के मध्य एक प्रधान–समाज होगा, दूसरे शाखा–प्रतिशाखा समझे जायेंगे।
4. सब समाजों की व्यवस्था प्रधान–समाज के अनुकूल होगी।
5. प्रधान–समाज में सत्योपदेश के लिए संस्कृत और आर्यभाषा के पुस्तकालयों का प्रबंध होगा। एक आर्यप्रकाश साप्ताहिक पत्र निकालेगा।
6. प्रत्येक समाज में एक प्रधान होगा, दूसरा मंत्री। पुरुष और स्त्री दोनों ही समाज के सभासद् बन सकेंगे।
7. समाज का प्रधान इस समाज की व्यवस्था करेगा और मंत्री सबके पत्रों के उत्तर तथा सबके नाम की लेख व्यवस्था करेगा।
8. इस समाज में सत्पुरुष, सदाचारी और परोपकारी सभासद् लिये जायेंगे।
9. प्रत्येक गृहस्थ सभासद् को उचित है कि, वह गृहस्थ से अवकाश पाकर अधिक पुरुषार्थ इस समाज की उन्नति के लिये करे और विरक्त हों तो समाज उन्नति में ही नित्य तत्पर रहें।
10. प्रत्येक सप्ताह में एक दिन प्रधान, मंत्री तथा सभासद् समाज–स्थान में एकत्रित हों, और सब कामों से इस काम को मुख्य समझें।
11. यह नियम कार्यक्रम का प्रतिपादन करता है– कार्यक्रम, में गान, मंत्रपाठ, मंत्रों की व्याख्या आदि के अतिरिक्त परमेश्वर, सत्यधर्म, सत्यनीति, सत्योपदेश का प्रतिपादन हो। सत्यधर्म में– सिद्धान्त रूपी धर्म तथा उन सिद्धान्तों का व्यावहारिक प्रयोग सत्यनीति कहलाता है।
12. प्रत्येक सभासद् शतांश चन्दे के रूप में दें ओर चन्दे की आय से आर्यसमाज, आर्य विद्यालय, और आर्य समाचार पत्र चलाये जायें।
13. जो मनुष्य इन कामों की उन्नति और प्रचार के लिये, जितना जितना प्रयत्न करे, उसका उतना ही अधिक सत्कार, उत्साह–वृद्धि के लिये होना चाहियें।
14. इस समाज में वैदिक स्तुति, प्रार्थना, उपासना करना आर्यमात्र के लिये आवश्यक है।
15. गर्भाधान से अन्त्येष्टि पर्यन्त सभी संस्कार वेदोक्त रीति से किये जायेंगे।
16. आर्य विद्यालय में वेदादि सनातन आर्ष ग्रन्थों का पठन पाठन हुआ करेगा और सब स्त्री पुरुषों को वेदोक्त रीति से शिक्षा दी जायेगी।
17. इस समाज में स्वदेश के हितार्थ दो प्रकार की शुद्धि के लिये प्रयत्न किया जायेगा– एक परमार्थ, दूसरा व्यवहार, इन दोनों का शोधन तथा समस्त संसार के हित की उन्नति की जायेगी।

टिप्पणी– इस नियम में स्वदेश की उपेक्षा नहीं की गई है अपितु उसका अन्तिम लक्ष्य संसार का हित करना रखा गया है। सब अपने देश के

हित में यत्नवान् हों, परन्तु देश-हित का भी अन्तिम लक्ष्य विश्वहित हो।

18. इस समाज में न्याय, पक्षपात से रहित प्रत्यक्षादि प्रमाणों से यथावत् परीक्षित सत्यधर्म, वेदोक्त ही माना जायेगा, इसके विपरीत कदापि नहीं है।
19. इस समाज की ओर से श्रेष्ठ विद्वान् लोग सदुपदेश करने के लिये समयानुकूल सर्वत्र भेजे जायेंगे।
20. स्त्री और पुरुष इन दोनों में विद्याभ्यास के लिये, यथासंभव प्रत्येक स्थान में आर्य विद्यालय पृथक्-पृथक् बनाए जायेंगे। स्त्रियों की पाठशाला में अध्यापिका आदि का सह प्रबन्ध स्त्रियों द्वारा ही किया जायेगा और पुरुषों को पुरुषों द्वारा, इसके विरुद्ध नहीं है।
21. इन पाठशालाओं की व्यवस्था प्रधान, आर्यसमाज के अनुकूल पालन की जायेगी।
22. इस समाज में प्रधानादि सब सभासदों को परस्पर प्रीतिपूर्वक, अभिमान, हठ, दुराग्रह और क्रोधादि दुर्गुणों को छोडकर उपकार और सुहृद्भाव से निर्वैर होकर, स्वात्मवत् सबके साथ वर्तना चाहिये।
23. विचार के समय सब व्यवहार में जो न्याय युक्त, सर्व हित साधक, सत्य बात स्थिर हो, वह सब सभासदों पर प्रकाशित कर, वही बात मानी जाये।
24. जो मनुष्य इन नियमों के अनुकूल आचरण करने वाला, धर्मात्मा, सदाचारी हो, उसको उत्तम सभासदों में प्रविष्ट करना, इसके विपरीत को साधारण समाज में रखना और अत्यन्त प्रत्यक्ष दुष्ट को समाज से निकाल ही देना।
25. आर्यसमाज, आर्य विद्यालय, आर्य-पत्र, और आर्य समाज का कोष इन चारों की रक्षा और उन्नति प्रधानादि सब सभासद् तन, मन, धन से सदा किया करें।
26. जब तक नौकरी करने वाला और कराने वाला, आर्य समाजस्थ मिले, तब तक और की नौकरी न करे, और न किसी अन्य को नौकर रखे। दोनों परस्पर स्वामी सेवक भाव से यथावत् वर्तें।
27. जब विवाह, जन्म मरण, अथवा अन्य कोई दान करने का अवसर उपस्थित हो, तब आर्य समाज के निमित्त धन आति दान किया करें। ऐसा धर्म का काम कोई दूसरा नहीं है, ऐस समझ करें, इसको कभी न भूलें।
28. इन नियमों में से यदि कोई नियम घटाया-बढ़ाया जायेगा, सर्वश्रेष्ठ सभासदों के विचार ही से सबको विदित करके, ऐस करना होगा।

इन नियमों को लाहौर में पुन सम्पादित किया गया और इनको संक्षिप्त रूप प्रदान किया गया जो आज तक परवर्तित नहीं किए गए ये इस प्रकार से है -

1. सब सत्य विद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं, उन सबका आदि मूल परमेश्वर है।
2. ईश्वर सच्चिदानन्द स्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्व व्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्ता है। उसी की उपासना करनी योग्य है।
3. वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है। वेद का पढ़ना-पढ़ाना, और सुनना सुनाना, सब आर्यों का परम धर्म है।
4. सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये।
5. सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिएँ।
6. संसार का उपकार करना, इस समाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात् शारीरिक आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।
7. सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य वर्तना चाहिये।
8. अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिये।
9. प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट न रहना चाहिए, किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए।
10. सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिये, और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहें।

इसके बाद स्वामी जी सम्पूर्ण पंजाब का दौरा किया। अमृतसर, गुरुदासपुर, जालंधर, फिरोजपुर रावल पिंडी इत्यादि स्थानों पे प्रचार प्रसार का कार्य किया।

स्वामी जी वैदिक व्यवस्था का समर्थन करते थे स उन्होंने वर्ण व्यवस्था को सुधरे रूप में प्रस्तुत किया। उनकी वर्ण व्यवस्था जन्म पर नहीं बल्कि कर्म पर आधारित थी। उनके अनुसार कोई भी व्यक्ति अपने कर्मो के अनुसार किसी भी वर्ण को ग्रहण कर सकता है। उनका विचार था की शूद्र का बालक न केवल अक्षर ज्ञान का अधिकारी अपितु वेद पढ़ने का भी अधिकारी है। इस प्रकार स्वामी जी का मानना था की कोई भी व्यक्ति अपने कर्मो और गुणों के आधार पर किसी भी वर्ण को धारण कर सकता था।

स्वामी जी भारतीय सामाजिक बुराईयों पर कठोर प्रहार किया उन्होंने शुद्धि आंदोलन के माध्यम से अन्य धर्म स्वीकार कर चुके लोगों को पुन हिन्दू धर्म स्वीकार करवाया।

स्वामी जी भारतीय जाति व्यवस्था की खुलकर आलोचना की एक और इस प्रथा को हिन्दू धर्म की प्रतिरक्षा का शैर्य है वही दूसरी और हिंदुओ की राजनीतिक, सामाजिक पतन के लिए उत्तारदायी माना स स्वामी जी ने जन्म पर आधारित व्यस्था की खुलकर आलोचना की उनके अनुसार समाज में सभी को सम्मान अवसर प्राप्त होने चाहिए। इस प्रकार स्वामी जी ने जाति व्यस्था को भारतीय समाज का पतन का मुख्य कारण माना।

वैदिक काल में महिलाओं को समाज में उच्च स्थान मिला हुआ था। उन्हें अपने वर चुनने, शिक्षा प्राप्त करने तथा सभी प्रकार के धार्मिक कार्यो में भाग लेने का अधिकार प्राप्त था। आर्य समाज ने स्त्री शिक्षा को महत्व दिया स स्त्रियों की गिरी हुई दिशा के बाल विवाह, बहु विवाह जैसी प्रथाओं को जिम्मेदार माना। आर्य समाज ने बाल विवाह का विरोध किया और 16 वर्ष से कम आयु की लड़कियों के विवाह बंद करने पर बल दिया।

स्वामी जी अंतर्जातीय विवाह और विधवा विवाह के समर्थक थे। उन्होंने नियोग प्रथा का भी समर्थन किया जिसके अन्तर्गत संतान उत्पति के लिए अपने निकट संबंधी से शारीरिक संबंध स्थापित किए जाते थे। आर्य समाज ने कई विधवाओं के विवाह करवाये थे। आर्य समाज में जाति पाती के लिए कोई जगह नहीं थी। उन्होंने अछूतोद्धार के खूब कार्य किए।

इस प्रकार स्वामी जी ने वैदिक व्यवस्था के माध्यम से भारतीयों में निरंतर बढ़ती हुई हीन भावनाओं को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने देश की कुप्रथाओ, अंधविश्वासों का विरोध किया स यह मूर्ति पूजा के भी कटर विरोधी थे। अवतारवाद का खुलकर विरोध किया। भारतीय समाज में विद्यमान उच्च नीच को भारतीय समाज के पतन का मुख्य कारण माना।

सुभाष चंद्र ने दयानन्द सरस्वती के बारे में कहा था कि 'महर्षि दयानन्द सरस्वती उन महापुरुषों में से थे, जिन्होंने आधुनिक भारत का निर्माण किया और जो इसके आचार-सम्बन्धी पुनरुत्थान तथा धार्मिक पुनरुद्धार को उत्तारदाता हैं।'

हिन्दू समाज का उद्धार करने में 'आर्यसमाज' का बहुत बड़ा हाथ है। राम-कृष्ण मिशन ने बंगाल में जो कुछ किया, उससे कहीं अधिक आर्यसमाज ने पंजाब और उत्तर प्रदेश में किया। पंजाब का प्रत्येक नेता आर्यसमाजी है।

स्वामी दयानन्द को मैं एक धार्मिक और सामाजिक सुधारक तथा कर्मयोगी मानता हूं। संगठन कार्यों में सामर्थ्य और प्रसार की दृष्टि से आर्यसमाज अनुपम संस्था है। संगठन कार्य, दृढ़ता, उत्साह और समन्वयात्मकता की दृष्टि से आर्यसमाज की समता कोई समाज नहीं कर सकता।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह हरशरण, स्वामी दयानन्द सरस्वती,2015 लेनिन मिडिया प्रा. लिमिटेड, गजियाबाद उत्तरप्रदेश।
2. वेदालंकार वेदप्रकाश, स्वामी दयानन्द 2005, अग्रवाल प्रकाशन अम्बाला।
3. काजला निकिता, समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वती, 2016 श्वेता बुक एजेंसी, राजगढ़ रोड पिलानी।
4. ग्रोवर, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास नवीन मूल्यांकन, एस चंद एण्ड कम्पनी 2000,नई दिल्ली।
5. मूलर मैक्स, राममोहन राय से परमहंस तक,2013, विद्या विहार नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Impact of Digitisation on User Behavior and Information Access in Academic Libraries

Kajal Ratan*

*Librarian, Govt. College, Pichhore, Dist. Gwalior (M.P.) INDIA

Abstract: The rapid growth of Information and Communication Technology (ICT) has significantly transformed academic libraries worldwide. Digitisation has revolutionized the methods of information storage, retrieval, dissemination, and access, thereby altering the behavior of library users. Academic libraries have shifted from traditional print-based collections to hybrid and digital environments that provide instant access to electronic resources such as e-books, e-journals, databases, institutional repositories, and online learning materials. This transformation has substantially influenced users' information-seeking behavior, resource utilization patterns, and preferences for accessing information.

The present study examines the impact of digitisation on user behavior and information access in academic libraries. The study explores how digital technologies have changed the way students, researchers, and faculty members search, evaluate, retrieve, and use information. It also investigates the benefits and challenges associated with digitisation, including improved accessibility, remote access, information overload, digital literacy issues, and technological barriers. The study is based on a review of existing literature and secondary data sources related to digital library services and user behavior.

The findings indicate that digitisation has enhanced accessibility and convenience while simultaneously creating a need for information literacy skills and effective digital resource management. Academic libraries must continuously adapt to technological advancements and user expectations to remain relevant in the digital era.

Keywords: Digitisation, Academic Libraries, User Behavior, Information Access, Digital Libraries, Information Seeking Behavior, Electronic Resources, Information Technology, Library Services, Digital Literacy.

Introduction - Libraries have traditionally served as repositories of knowledge, supporting education, research, and lifelong learning. For centuries, information was preserved and disseminated primarily through printed books, journals, manuscripts, and other physical materials. However, the emergence of Information and Communication Technology (ICT) has dramatically transformed the information landscape.

Digitisation refers to the process of converting physical information resources into digital formats that can be stored, managed, retrieved, and accessed electronically. In academic libraries, digitisation involves the development of digital collections, institutional repositories, online databases, electronic journals, and web-based information services.

The advent of digitisation has changed the fundamental nature of library services. Users are no longer required to physically visit the library to access information. Instead, they can retrieve information remotely through computers, smartphones, tablets, and other digital devices. This shift has led to significant changes in user behavior, information-seeking patterns, and expectations from academic libraries. Modern academic libraries function as digital knowledge centers that provide access to vast amounts of information regardless of geographical boundaries. The integration of digital technologies has facilitated instant access to scholarly resources, enhanced communication between users and librarians, and improved the overall efficiency of information services.

Despite these advantages, digitisation has also introduced challenges such as information overload, digital divide, copyright concerns, technological dependence, and the need for digital literacy. Understanding how users interact with digital information systems is therefore essential for designing effective library services and ensuring optimal utilization of digital resources.

This study seeks to analyze the impact of digitisation on user behavior and information access in academic libraries and to identify the opportunities and challenges associated with digital transformation.

Need and Significance of the Study: The increasing adoption of digital technologies in academic libraries has transformed information access and user interactions. Traditional library practices have evolved into technology-

driven services that emphasize digital resource availability and online access.

The significance of the study lies in the following aspects:

1. To understand changing information-seeking behavior among library users.
2. To evaluate the effectiveness of digital library services.
3. To identify barriers affecting access to digital information.
4. To assess user satisfaction with digitized resources.
5. To support academic libraries in developing user-centered digital services.
6. To contribute to the existing body of knowledge in Library and Information Science.
7. To assist policymakers and librarians in making informed decisions regarding digital resource management.

The study is particularly relevant in the post-pandemic era, where remote learning and online information access have become essential components of higher education.

Statement of the Problem: The rapid digitisation of academic libraries has significantly altered user behavior and information access patterns. While digital resources offer numerous advantages, many users continue to face challenges in effectively locating, evaluating, and utilizing information. There is a need to investigate how digitisation influences information-seeking behavior, resource utilization, user satisfaction, and accessibility within academic library environments.

The present study addresses the following problem:"How has digitisation impacted user behavior and information access in academic libraries, and what challenges and opportunities have emerged as a result of this transformation?"

Objectives of the Study

The major objectives of the study are:

1. To examine the extent of digitisation in academic libraries.
2. To study the impact of digitisation on user behavior.
3. To analyze changes in information-seeking patterns among library users.
4. To identify the most frequently used digital resources.
5. To evaluate user satisfaction with digital library services.
6. To determine challenges faced by users while accessing digital information.
7. To suggest measures for improving digital information access and library services.

Research Questions

The study seeks answers to the following research questions:

1. How has digitisation changed user behavior in academic libraries?
2. What digital resources are most frequently used by library users?
3. What factors influence users' preference for digital information sources?
4. What challenges do users face in accessing digital resources?
5. How satisfied are users with digital library services?
6. What role does digital literacy play in information access?

Review of Literature

A review of literature provides insight into previous research related to digitisation, user behavior, and information access in academic libraries.

Borgman (2000), Borgman emphasized that digital libraries have transformed scholarly communication by providing wider access to information resources. The study highlighted the increasing importance of electronic resources in academic environments.

Tenopir and King (2008), The authors found that the availability of electronic journals significantly increased information access among researchers and faculty members. Users preferred online resources due to convenience and time efficiency.

Rowlands et al. (2008), The study introduced the concept of the "Google Generation," describing users who rely heavily on search engines and digital technologies for information retrieval. The research revealed changing information-seeking patterns among students and young researchers.

Lynch (2003), Lynch discussed the role of institutional repositories in preserving and disseminating scholarly information. The study highlighted the importance of digitisation in enhancing research visibility and accessibility.

Kumar and Singh (2017), Their research found that digitisation improved access to academic resources but also emphasized the need for user training and information literacy programs.

Ali and Ahmad (2019), The study reported that university students preferred digital resources over traditional print materials because of ease of access, remote availability, and search functionality.

COVID-19 and Digital Libraries, Recent studies conducted after the COVID-19 pandemic indicate a dramatic increase in the use of digital library services. Online learning environments accelerated the adoption of electronic resources and virtual library services worldwide.

The reviewed literature indicates that digitisation has positively influenced information access and resource utilization. However, challenges related to digital literacy, technological infrastructure, and information overload continue to affect users' experiences.

Research Gap: Although several studies have examined digital library services and information-seeking behavior, limited research has focused on the comprehensive relationship between digitisation, user behavior, and information access in academic libraries, particularly in developing countries.

There is a need for empirical studies that investigate:

1. User adaptation to digital environments.
2. Digital literacy competencies.
3. Accessibility issues.
4. User satisfaction with digital resources.
5. Impact of remote access services on academic performance.

The present study seeks to address these gaps and contribute to the understanding of digital transformation in academic libraries.

Conclusion: Digitisation has brought a paradigm shift in the functioning of academic libraries and has significantly influenced user behavior and information access patterns. The transition from traditional print-based collections to digital resources has transformed academic libraries into dynamic knowledge centers that provide instant, remote, and round-the-clock access to information. This transformation has enhanced the efficiency of information retrieval, expanded the availability of scholarly resources, and improved the overall user experience.

The study reveals that users increasingly prefer digital resources such as e-books, e-journals, online databases, institutional repositories, and web-based information services due to their convenience, accessibility, and time-saving features. The adoption of digital technologies has changed information-seeking behavior from physical browsing to online searching, encouraging greater independence among users in locating and utilizing information resources.

Digitisation has also facilitated remote learning and research activities, particularly during periods when physical access to libraries is limited. Academic libraries have successfully adapted by offering virtual reference services, online catalogues, digital repositories, and electronic resource management systems. These developments have strengthened the role of libraries in supporting teaching, learning, and research in higher education institutions.

However, the study also identifies several challenges associated with digitisation. Issues such as inadequate digital literacy, information overload, poor internet connectivity, technological barriers, and unequal access to digital resources continue to affect the effective utilization of digital library services. Many users require continuous training and guidance to develop the skills necessary for efficient information searching, evaluation, and ethical use of digital content.

The findings suggest that academic libraries must focus not only on expanding digital collections but also on enhancing user education and digital literacy programmes. Investment in technological infrastructure, user-oriented digital services, and regular assessment of user needs is essential to maximize the benefits of digitisation. Librarians must increasingly assume the role of information facilitators, digital educators, and technology specialists to support users in navigating complex digital information environments.

In conclusion, digitisation has had a profound and largely positive impact on user behavior and information access in academic libraries. It has increased accessibility, improved information delivery, and transformed the way users interact with knowledge resources. Nevertheless, sustained efforts are required to address existing challenges and ensure equitable, effective, and user-friendly access to digital information. By embracing technological innovations and promoting information literacy, academic libraries can continue to serve as vital centers of learning, research, and knowledge dissemination in the digital age.

References:-

1. Ali, P., & Ahmad, M. (2019). Use of digital resources and user satisfaction in university libraries. *International Journal of Library and Information Studies, 9*(2), 45–56.
2. Borgman, C. L. (2000). *From Gutenberg to the global information infrastructure: Access to information in the networked world*. MIT Press.
3. Borgman, C. L. (2007). *Scholarship in the digital age: Information, infrastructure, and the Internet*. MIT Press.
4. Chowdhury, G. G., & Chowdhury, S. (2003). *Introduction to digital libraries*. Facet Publishing.
5. Gorman, G. E., & Clayton, P. (2005). *Qualitative research for the information professional: A practical handbook* (2nd ed.). Facet Publishing.
6. IFLA. (2021). *Digital libraries and information access*. International Federation of Library Associations and Institutions. https://www.ifla.org
7. Kumar, R., & Singh, S. (2017). Impact of digitization on academic library services: A study of user perspectives. *DESIDOC Journal of Library & Information Technology, 37*(4), 267–273.
8. Lancaster, F. W. (1997). *The evolution of electronic publishing*. Library Trends, 45(4), 518–527.
9. Lynch, C. A. (2003). Institutional repositories: Essential infrastructure for scholarship in the digital age. *Portal: Libraries and the Academy, 3*(2), 327–336. https://doi.org/10.1353/pla.2003.0039
10. Patra, N. K., & Chand, P. (2020). Digital transformation of academic libraries in India: Opportunities and challenges. *Library Philosophy and Practice*, 1–15.
11. Rowlands, I., Nicholas, D., Williams, P., Huntington, P., Fieldhouse, M., Gunter, B., Withey, R., Jamali, H. R., Dobrowolski, T., &Tenopir, C. (2008). The Google generation: The information behaviour of the researcher of the future. *Aslib Proceedings, 60*(4), 290–310. https://doi.org/10.1108/00012530810887953
12. Singh, D., & Kaur, G. (2021). Information-seeking behaviour of users in digital library environments. *International Journal of Information Dissemination and Technology, 11*(3), 145–151.
13. Suber, P. (2012). *Open access*. MIT Press.
14. Tenopir, C., & King, D. W. (2008). Electronic journals and changes in scholarly article seeking and reading

patterns. *Aslib Proceedings, 60*(1), 5–22. https://doi.org/10.1108/00012530810852037

15. Tripathi, M., & Jeevan, V. K. J. (2011). Digital repositories and academic libraries in India. *The Electronic Library, 29*(2), 211–225.
16. University Grants Commission. (2022). *Guidelines for digital learning resources and library services in higher education institutions*. UGC. https://www.ugc.gov.in
17. Xie, I., & Matusiak, K. K. (2016). *Discover digital libraries: Theory and practice*. Elsevier.
18. Zhang, Y. (2018). User behavior and digital information access in academic libraries. *Journal of Academic Librarianship, 44*(5), 620–628.
19. Note: For a Ph.D. thesis or UGC-CARE journal article, it is advisable to include 25–40 recent references (2018–2026), including Scopus/Web of Science-indexed articles, to strengthen the literature base and improve publication quality.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महादेवी वर्मा और जयशंकर प्रसाद के काव्य में प्रतिपादित दर्शन एवं वेदना : एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. कवींद्र कुमार भारद्वाज*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातक महाविद्यालय, हाटपीपल्या, जिला देवास (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – हिन्दी साहित्य के इतिहास में छायावाद को आत्मानुभूति, रहस्यबोध, प्रकृति-सौंदर्य तथा दार्शनिक संवेदना का स्वर्णयुग माना जाता है। छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में जयशंकर प्रसाद और महादेवी वर्मा का विशिष्ट स्थान है। दोनों कवियों ने मानवीय चेतना, आध्यात्मिक अनुभव तथा वेदना को अपने काव्य का केंद्रीय विषय बनाया, किन्तु उनके दार्शनिक दृष्टिकोण, अनुभूति के स्वरूप तथा अभिव्यक्ति की पद्धति में पर्याप्त भिन्नता परिलक्षित होती है। जयशंकर प्रसाद के काव्य में कश्मीर शैव दर्शन, समरसता, आनंदवाद तथा मानवतावादी दृष्टि का समन्वय दिखाई देता है, जबकि महादेवी वर्मा के काव्य में बौद्ध दु:खवाद, करुणा, विरहानुभूति तथा आध्यात्मिक रहस्यवाद की प्रधानता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में दोनों कवियों के दार्शनिक आधार, वेदना-बोध, रहस्यवाद, प्रतीक-विधान तथा प्रकृति-चित्रण का तुलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि दोनों कवियों की साधना-पद्धति भिन्न होते हुए भी उनका अंतिम लक्ष्य मानव चेतना का परिष्कार एवं आत्मोन्नयन है।

शब्द कुंजी – छायावाद, दर्शन, वेदना, आनंदवाद, बौद्ध दु:खवाद, रहस्यवाद, समरसता, करुणा।

प्रस्तावना – द्विवेदी युग की इतिवृत्तात्मकता, उपदेशात्मकता तथा स्थूल नैतिकता की प्रतिक्रिया के रूप में हिन्दी काव्य में छायावाद का उद्भव हुआ। छायावाद ने बाह्य यथार्थ की अपेक्षा अंतर्जगत, आत्मानुभूति, कल्पना, सौंदर्य एवं रहस्य के प्रति विशेष अनुराग प्रदर्शित किया। इस साहित्यिक आंदोलन ने हिन्दी कविता को वैयक्तिक अनुभूति तथा आध्यात्मिक संवेदना की नई दिशा प्रदान की।

जयशंकर प्रसाद और महादेवी वर्मा, छायावाद के दो ऐसे प्रतिनिधि कवि हैं जिन्होंने न केवल काव्य-भाषा को समृद्ध किया, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना को भी नवीन दार्शनिक आधार प्रदान किया। प्रसाद का काव्य जीवन के प्रति सकारात्मक, समन्वयवादी और आनंदपरक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जबकि महादेवी का काव्य विरह, करुणा और आध्यात्मिक पीड़ा की गहन अनुभूति से अनुप्राणित है। इन दोनों कवियों का तुलनात्मक अध्ययन छायावादी चेतना की विविधता तथा व्यापकता को समझने में सहायक सिद्ध होता है।

दार्शनिक पृष्ठभूमि : आनंदवाद और दु:खवाद का द्वंद्व

जयशंकर प्रसाद का शैव दर्शन और समरसता का सिद्धांत– जयशंकर प्रसाद भारतीय दार्शनिक परंपरा, विशेषत: कश्मीर शैव दर्शन के प्रत्यभिज्ञा सिद्धांत से गहरे प्रभावित थे। इस दर्शन के अनुसार जीव और शिव मूलत: अभिन्न हैं तथा संसार मिथ्या नहीं, अपितु परम चेतना की अभिव्यक्ति है। प्रसाद जीवन-विमुखता का विरोध करते हैं और संसार में रहते हुए समरसता तथा आनंद की प्राप्ति का मार्ग सुझाते हैं।

उनके महाकाव्य कामायनी में 'इच्छा', 'ज्ञान' और 'क्रिया' के संतुलन के माध्यम से मानव जीवन की पूर्णता का प्रतिपादन किया गया है। प्रसाद के अनुसार मानव का अंतिम लक्ष्य अखंड आनंद की प्राप्ति है–

'समरस थे जड़ या चेतन, सुंदर साकार बना था।
चेतनता एक विलसती, आनंद अखंड घना था।।'

यहाँ 'समरसता' केवल दार्शनिक अवधारणा नहीं, बल्कि समस्त जीवन-संघर्षों का समाधान है।

महादेवी वर्मा का बौद्ध दु:खवाद और करुणा-दर्शन – महादेवी वर्मा के काव्य पर बौद्ध दर्शन, विशेषत: 'सर्व दु:खम्' की अवधारणा का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। उनके काव्य में दु:ख केवल व्यक्तिगत अनुभूति नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि की साझा नियति है। वे पीड़ा को आत्म-विस्तार और आध्यात्मिक उत्कर्ष का माध्यम मानती हैं।

उनकी प्रसिद्ध कविता मैं नीर भरी दुख की बदली में यह संवेदना अत्यंत मार्मिक रूप से व्यक्त हुई है–

'मैं नीर भरी दुख की बदली।
स्पंदन में चिर निस्पंद बसा, क्रंदन में आहत विश्व हँसा।'

महादेवी के यहाँ करुणा का स्वर केवल आत्मकेंद्रित नहीं, बल्कि विश्वव्यापी है। यही कारण है कि उनकी वेदना वैयक्तिक होते हुए भी सार्वभौमिक बन जाती है।

वेदना और विरह : एक तुलनात्मक विश्लेषण– छायावादी काव्य की मूल संवेदना विरह और वेदना है, परन्तु प्रसाद और महादेवी के यहाँ इसकी प्रकृति भिन्न है।

प्रसाद की वेदना : लौकिक से विश्वमानव तक – प्रसाद की काव्य-कृति आँसू व्यक्तिगत विरह से आरंभ होकर समष्टिगत करुणा तक पहुँचती है। उनके लिए पीड़ा आत्म-विस्तार का माध्यम है–

'इस करुणा-कलित हृदय में अब विकल रागिनी बजती,
क्यों हाहाकार स्वरों में वेदना असीम गरजती?'

प्रसाद की वेदना अंतत: मानवता के कल्याण और विश्व–बंधुत्व की भावना में परिणत हो जाती है।

महादेवी की वेदना : शाश्वत विरह का सौंदर्य – महादेवी वर्मा की वेदना मूलत: आध्यात्मिक और अलौकिक है। उनका प्रियतम कोई लौकिक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक अज्ञात, अनाम, अलौकिक सत्ता है। वे मिलन की अपेक्षा विरह को अधिक महत्तव देती हैं–

'मिलन का मत नाम लो, मैं विरह में चिर हूँ।'

महादेवी के लिए विरह साधना है, और पीड़ा उसकी अनिवार्य शर्त। इस प्रकार उनकी वेदना शाश्वत एवं आध्यात्मिक बन जाती है।

रहस्यवाद : स्वरूप और भिन्नताएँ– छायावादी काव्य का एक प्रमुख गुण रहस्यवाद है–

प्रसाद का रहस्यवाद – प्रसाद का रहस्यवाद अद्वैतवादी है। वे आत्मा और परमात्मा की एकता में विश्वास करते हैं। उनका रहस्यवाद दार्शनिक एवं बौद्धिक है।

महादेवी का रहस्यवाद – महादेवी का रहस्यवाद भावात्मक एवं माधुर्यप्रधान है। उनके काव्य में आत्मा और परमात्मा का संबंध प्रिय और प्रेयसी के रूप में व्यक्त होता है। यह रहस्यवाद मीरा की भक्तिपरंपरा से भी संबद्ध प्रतीत होता है।

प्रकृति एवं प्रतीक–विधान

प्रसाद का प्रकृति–दर्शन – प्रसाद प्रकृति को विराट, गतिशील और मानव जीवन की सहचरी मानते हैं। कामायनी में जलप्रलय, पर्वत, नदियाँ और आकाश आदि प्रकृति के महाकाव्यात्मक रूप प्रस्तुत करते हैं। उनकी प्रकृति सौंदर्य, शक्ति और जीवन का प्रतीक है।

महादेवी का प्रतीकात्मक प्रकृति–चित्रण – महादेवी की प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म, कोमल और आत्मीय है। वे दीपक, बादल, रजनी, पथिक, पवन, तितली, पुष्प आदि प्रतीकों के माध्यम से अपनी अंत:संवेदनाओं को अभिव्यक्त करती हैं।

उनका प्रिय प्रतीक 'दीपक' आत्मोत्सर्ग और साधना का प्रतीक है–

'मधुर–मधुर मेरे दीपक जल,
युग–युग प्रतिदिन प्रतिक्षण प्रतिपल।'

मानवतावादी दृष्टि : समानता का धरातल – यद्यपि दोनों कवियों की दार्शनिक मान्यताएँ भिन्न हैं, तथापि दोनों की चेतना का अंतिम लक्ष्य मानव कल्याण ही है। प्रसाद समरसता और आनंद के माध्यम से मानव–मुक्ति की बात करते हैं, जबकि महादेवी करुणा और सहानुभूति के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को समृद्ध करती हैं।

दोनों कवियों का काव्य मनुष्य को आत्मचिंतन, आत्मविस्तार और आत्मोन्नयन की प्रेरणा देता है।

तुलनात्मक निष्कर्ष

आधार	जयशंकर प्रसाद	महादेवी वर्मा
दार्शनिक आधार	कश्मीर शैव दर्शन	बौद्ध दु:खवाद
जीवन–दृष्टि	आनंदवाद एवं समरसता	करुणा एवं विरह
वेदना का स्वरूप	लौकिक से सार्वभौमिक	अलौकिक एवं शाश्वत
रहस्यवाद	अद्वैतवादी	माधुर्यप्रधान
प्रकृति–दृष्टि	विराट एवं महाकाव्यात्मक	कोमल एवं प्रतीकात्मक
अंतिम लक्ष्य	आनंद की प्राप्ति	पीड़ा का आध्यात्मिकीकरण

उपसंहार – निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि जयशंकर प्रसाद और महादेवी वर्मा के काव्य में प्रतिपादित दर्शन एवं वेदना छायावादी चेतना के दो पूरक आयाम हैं। प्रसाद का काव्य जहाँ जीवन की समग्रता, समरसता और आनंद का संदेश देता है, वहीं महादेवी का काव्य पीड़ा, करुणा और आत्मसमर्पण के माध्यम से मानव आत्मा की सूक्ष्मतम संवेदनाओं को अभिव्यक्ति प्रदान करता है।

यदि प्रसाद छायावाद के दार्शनिक विस्तार हैं, तो महादेवी उसकी भावात्मक गहराई। दोनों कवियों ने भारतीय काव्य परंपरा को समृद्ध करते हुए मानवता के लिए एक शाश्वत सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का निर्माण किया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. वर्मा, महादेवी (2018) 'यामा' लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज।
2. वर्मा, महादेवी (2016) 'दीपशिखा' लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज।
3. प्रसाद, जयशंकर (2015) 'कामायनी' राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. प्रसाद, जयशंकर (2012) 'आँसू' भारती भंडार, प्रयागराज।
5. शुक्ल, रामचंद्र (2020)'हिन्दी साहित्य का इतिहास' नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
6. सिंह, नामवर (2010)'छायावाद' राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. वाजपेयी, नन्ददुलारे (2005)'कवि निराला और महादेवी' किताब महल, इलाहाबाद।
8. शर्मा, रामविलास (1999)'महादेवी वर्मा और छायावाद' राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
9. मिश्र, विद्यानिवास (2004)'प्रसाद का काव्य दर्शन' भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली।
10. नगेन्द्र (2008)'छायावाद का काव्यशास्त्र' नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भूगोल में पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण की प्राचीन पद्धतियाँ : भारतीय ज्ञान परंपरा के विशेष संदर्भ में

डॉ. प्रमिला बघेल*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग और पूजनीय तत्व माना गया है। प्राचीन भारतीय समाज ने पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए अनेक ऐसी पद्धतियाँ विकसित कीं, जो आज के सतत विकास के सिद्धांतों से मेल खाती हैं। भूगोल के संदर्भ में ये पद्धतियाँ विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्रों वन, जल, भूमि, जैव विविधता तथा जलवायुकृके संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं।

भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति को कभी भी खुद से अलग या सिर्फ इस्तेमाल करने की चीज नहीं माना गया, बल्कि उसे परिवार का हिस्सा माना गया है। प्राचीन पद्धतियों में पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण कोई अलग से किया जाने वाला काम नहीं था, बल्कि यह लोगों की रोजमर्रा की जीवनशैली और संस्कृति का हिस्सा था।

भूगोल और पर्यावरण के संदर्भ में प्राचीन भारतीय पद्धतियों को हम कुछ मुख्य भागों में समझ सकते हैं:

1. पंचमहाभूत का सिद्धांत– भारतीय दर्शन के अनुसार, पूरा ब्रह्मांड और हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है: पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश।प्राचीन ग्रंथों में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि इन पांचों तत्वों में से एक भी प्रदूषित या असंतुलित होता है, तो पूरा पारिस्थितिकी तंत्र बिगड़ जाएगा।यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे: जो इस शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है। इस सोच के कारण लोग प्रकृति को नुकसान पहुँचाने से डरते थे क्योंकि वे जानते थे कि इसका सीधा असर उन पर ही पड़ेगा।

2. पवित्र उपवन– भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वनखंडों को देवताओं से जोड़कर संरक्षित किया जाता था। इन्हें 'देव वन', 'ओरण', 'सरना' आदि नामों से जाना जाता है।इन क्षेत्रों में वृक्षों की कटाई और शिकार निषिद्ध था।जैव विविधता का संरक्षण होता था।स्थानीय जल स्रोतों और मिट्टी की उर्वरता बनी रहती थी।उदाहरण: खासी पहाड़ियाँ के पवित्र उपवन तथा अरावली क्षेत्र के ओरण।पवित्र उपवन ऐसे वन या वृक्षों के समूह होते हैं जिन्हें स्थानीय समुदाय धार्मिक, सांस्कृतिक या पारंपरिक मान्यताओं के कारण पवित्र मानता है। इन स्थानों पर पेड़ों की कटाई, शिकार और अन्य हानिकारक गतिविधियों पर प्रतिबंध होता है, जिससे प्रकृति और जैव विविधता का संरक्षण होता है। पवित्र उपवन में धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से लोग जुड़े होते हैं।पेड़ों की कटाई और वन्यजीवों के शिकार पर रोक भी हो सकती है। स्थानीय समुदाय इनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाता है।अनेक दुर्लभ पौधों और जीवों का सुरक्षित आवास होते हैं। जैव विविधता का संरक्षण करते हैं।जल स्रोतों और मिट्टी की रक्षा में सहायक होते हैं। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हैं।प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हैं।लोगों में प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना विकसित करते हैंपवित्र उपवन प्रकृति संरक्षण का एक प्रभावी पारंपरिक माध्यम हैं। ये न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और जैव विविधता को भी सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

3. वृक्ष पूजा और वन संरक्षण– भारतीय संस्कृति में पीपल, बरगद, नीम, तुलसी आदि वृक्षों को धार्मिक महत्व दिया गया।वृक्षों की रक्षा सामाजिक और धार्मिक दायित्व बन गई।वनों के अंधाधुंध दोहन पर नियंत्रण रहा।कार्बन अवशोषण और स्थानीय जलवायु संतुलन में सहायता मिली।वृक्ष पूजा भारतीय संस्कृति की एक प्राचीन परंपरा है,जिसमें वृक्षों को जीवनदायी और पवित्र मानकर उनका सम्मान और संरक्षण किया जाता है। इस परंपरा ने लोगों में पेड़ों के प्रति श्रद्धा और जिम्मेदारी की भावना विकसित की है।वन संरक्षण का अर्थ है वनों की रक्षा करना, उनका संतुलित उपयोग करना तथा नए वृक्ष लगाकर वन क्षेत्र को बनाए रखना और बढ़ाना।वृक्ष पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का एक प्रभावी सामाजिक माध्यम भी है। यदि इसे आधुनिक पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के साथ जोड़ा जाए, तो वन और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकती है।

4. जल संरक्षण की पारंपरिक प्रणालियाँ– भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन और जल प्रबंधन की उन्नत प्रणालियाँ विकसित की गईं।बावड़ी, कुएँ, तालाब, जोहड़, कुंड और आहर-पाइन प्रणाली।भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा।सूखा प्रभावित क्षेत्रों में जल उपलब्धता सुनिश्चित।उदाहरण: चाँद बावड़ी तथा राजस्थान की जोहड़ प्रणाली।

5. कृषि एवं भूमि संरक्षण की पद्धतियाँ– प्राचीन भारतीय कृषि प्रकृति के अनुरूप थी।फसल चक्र, मिश्रित खेती, जैविक खादों का उपयोग कृषि वानिकी इनसे भूमि की उर्वरता बनी रहती थी तथा मृदा अपरदन कम होता था। कृषि एवं भूमि संरक्षण का अर्थ है ऐसी कृषि तकनीकों और उपायों को अपनाना, जिनसे भूमि की उर्वरता बनी रहे, मिट्टी का कटाव रुके और प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग हो।

प्रमुख पद्धतियाँ:

1. **समोच्च जुताई :** ढलान वाली भूमि पर समोच्च रेखाओं के समानांतर जुताई करके मिट्टी के कटाव को रोका जाता है।
2. **सीढ़ीदार खेती :** पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीनुमा खेत बनाकर मिट्टी और पानी का संरक्षण किया जाता है।
3. **फसल चक्र :** अलग-अलग फसलों को बारी-बारी से उगाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है।
4. **वृक्षारोपण :** पेड़ लगाने से मिट्टी का कटाव कम होता है और पर्यावरण संतुलित रहता है।
5. **पट्टीदार खेती :** विभिन्न फसलों को पट्टियों में उगाकर मिट्टी को हवा और पानी से होने वाले कटाव से बचाया जाता है।
6. **मेड़बंदी:** खेतों के चारों ओर मेड़ बनाकर वर्षा जल को रोका जाता है और मिट्टी का संरक्षण होता है।
7. **जैविक खाद का उपयोग:** गोबर की खाद, कम्पोस्ट और हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है।
8. **वर्षा जल संचयन:** वर्षा के जल का संग्रह और उपयोग करके सिंचाई तथा भूजल संरक्षण किया जाता है।

कृषि एवं भूमि संरक्षण की पद्धतियाँ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, कृषि उत्पादन में वृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इनका अपनाना सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इन तीनों जनश्रुतियों में विवरण भिन्न होते हुए भी एक साझा भाव प्रकट होता है बिलासा बाई एक असाधारण साहस वाली स्त्री थीं, जिसने संकट के समय अपने राजा और अपने समाज की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भिन्नता इस बात का भी संकेत है कि बिलासा की कथा मौखिक परंपरा के माध्यम से पीढ़ी–दर–पीढ़ी हस्तांतरित होती रही, जिसमें समय के साथ स्थानीय विविधताएँ जुड़ती गईं।

राजा द्वारा सम्मान एवं जागीर प्रदान– अधिकांश कथाओं में यह समान रूप से वर्णित है कि बिलासा के साहस और स्वामिभक्ति से प्रसन्न होकर राजा कल्याण साय ने उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया। राजा के आदेश पर बिलासा को सैनिक वेशभूषा में घोड़े पर सवार होकर रतनपुर आमंत्रित किया गया, जो उस युग की सामाजिक संरचना में एक साधारण मछुआरिन के लिए अत्यंत असाधारण सम्मान था। इसके पश्चात राजा ने उन्हें अरपा नदी के दोनों किनारों की जागीर प्रदान की, जिससे बिलासा का प्रभाव एवं पहचान क्षेत्र में और अधिक सुदृढ़ हुई।

बिलासपुर नगर का नामकरण– जनश्रुति और स्थानीय परंपरा के अनुसार, बिलासा बाई केंवटिन के नाम पर ही इस नगर का नाम बिलासपुर पड़ा। गजेटियर के एक अंश में भी लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व एक मछुआरिन बिलासा के नाम पर इस नगर के नामकरण की बात कही गई है। कुछ स्रोतों में यह भी उल्लेख मिलता है कि यह नामकरण–परंपरा भूगोल संबंधी पुस्तकों में भी दर्ज है तथा देवार समुदाय के लोकगीतों में बिलासा के जीवन का वर्णन मिलता है।

बिलासा जिस स्थान पर निवास करती थीं, वह क्षेत्र आज बिलासपुर के पचरीघाट नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि इसी पचरीघाट में बिलासा बाई की समाधि भी स्थित है, जो आज भी स्थानीय लोगों, विशेषकर केवट समुदाय के लिए, श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है।

स्मृति स्थल, प्रतिमा एवं जयंती समारोह– बिलासपुर नगर में बिलासा केवटिन की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है, जो नगर के गौरव और उनकी स्मृति का प्रतीक मानी जाती है। छत्तीसगढ़ में बिलासा को एक देवी स्वरूप के रूप में देखा और पूजा जाता है। प्रतिवर्ष 18 जनवरी को उनकी जयंती मनाई जाती है, जिसमें विशेषकर केवट/निषाद समाज के लोग बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्मिलित होते हैं। इन आयोजनों में बिलासा बाई के जीवन तथा उनके योगदान को स्मरण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

वर्तमान में सम्मान– बिलासा बाई की स्मृति को संस्थागत रूप देने के लिए हाल के वर्षों में अनेक प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं– चकरभाठा (बिलासपुर) स्थित हवाई अड्डे का नाम बदलकर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट रखा गया, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर इस लोकनायिका की चर्चा को नया विस्तार दिया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष एक लाख रुपये का बिलासा देवी पुरस्कार प्रदान किया जाता है, जो उनके केवट (मछुआरा) समुदाय से जुड़े होने का सम्मान दर्शाता है। वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण संबंधी चर्चा की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह नाम अब प्रशासनिक स्तर पर स्थायी पहचान प्राप्त कर चुका है।

इन सभी प्रयासों से यह स्पष्ट होता है कि बिलासा बाई अब केवल एक स्थानीय जनश्रुति तक सीमित न रहकर, राज्य की सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक पहचान का अभिन्न हिस्सा बन चुकी हैं।

केवट/निषाद समुदाय में सामाजिक–सांस्कृतिक महत्व– बिलासा बाई की कथा केवट अथवा निषाद समुदाय के लिए विशेष गौरव का विषय है। भारतीय समाज में परंपरागत रूप से मछुआरा समुदाय को सामाजिक पदानुक्रम में प्राय: हाशिए पर रखा गया है। ऐसे में एक केवट परिवार की कन्या का राजा द्वारा सम्मानित किया जाना और उसके नाम पर एक संपूर्ण नगर का नामकरण होना, इस समुदाय के लिए आत्म–गौरव और सामाजिक पहचान का सशक्त प्रतीक बन जाता है।

इसी कारण बिलासा बाई की जयंती और उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम, केवट/निषाद समाज की सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक अस्मिता को सुदृढ़ करने का माध्यम बन चुके हैं। कुछ लोकगीतों तथा सामाजिक विमर्शों में बिलासा बाई की तुलना एकलव्य जैसे अन्य लोकप्रिय आदिवासी–वनवासी नायकों से भी की जाती है, जो सामाजिक न्याय और सम्मान की परंपरा से जुड़ी है।

यह उल्लेखनीय है कि बिलासा बाई से संबंधित समस्त विवरण मुख्यत: मौखिक परंपरा, लोकगीत, और जनश्रुतियों पर आधारित हैं। किसी समकालीन राजकीय अभिलेख, ताम्रपत्र अथवा शिलालेख में उनका सीधा उल्लेख अब तक व्यापक रूप से प्रमाणित नहीं हो सका है। इसी कारण बिलासपुर के कुछ इतिहासकारों एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने बिलासा बाई के ऐतिहासिक अस्तित्व को लेकर प्रश्न भी उठाए हैं।

जब चकरभाठा एयरपोर्ट का नाम बदलकर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट रखा गया, तब सामाजिक मंचों पर इस विषय पर विस्तृत बहस हुई। कुछ टिप्पणीकारों का मत है कि निश्चित ऐतिहासिक प्रमाणों के अभाव में यह

संभव है कि समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान और गौरव के लिए एक प्रतीकात्मक चरित्र गढ़ा हो। इस दृष्टिकोण को रखने वालों का तर्क है कि जिस प्रकार रानी लक्ष्मीबाई के इतिहास में झलकारी बाई जैसी अनेक वीरांगनाओं के योगदान को समुचित स्थान नहीं मिल सका, उसी प्रकार बिलासा बाई की कथा भी हो सकता है कि आंशिक रूप से लोक-कल्पना और आंशिक रूप से वास्तविक ऐतिहासिक स्मृति का मिश्रण हो।

दूसरी ओर, स्थानीय समुदाय और अनेक क्षेत्रीय लेखकों का मानना है कि केवल लिखित दस्तावेजों के अभाव से किसी लोक-नायिका के अस्तित्व को पूर्णत: नकारा नहीं जा सकता, विशेषकर तब जब मौखिक परंपरा, लोकगीत तथा भौगोलिक नामकरण जैसे अप्रत्यक्ष प्रमाण एक समान कथा की ओर संकेत करते हों। भारत के अनेक क्षेत्रीय इतिहासों में लोक-स्मृति ही एकमात्र उपलब्ध स्रोत रही है, जिसे पूर्णत: अस्वीकार करना उचित नहीं माना जाता।

इस प्रकार, विद्धत समुदाय में बिलासा बाई की ऐतिहासिकता को लेकर स्पष्ट सहमति नहीं है, किंतु उनकी सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को लेकर किसी को कोई संदेह नहीं है। यह अंतर इतिहास और स्मृति के बीच के उस सूक्ष्म भेद को रेखांकित करता है, जो लोक-अध्ययन में एक महत्वपूर्ण विषय माना जाता है।

लोकगीत एवं मौखिक परंपरा में बिलासा- बिलासा बाई का जीवन- वृत्तांत छत्तीसगढ़ की समृद्ध मौखिक परंपरा का हिस्सा है। देवार समुदाय के लोकगीतों में उनके साहस और जीवन का वर्णन मिलता है, वहीं 'गोपल्ला गीत' जैसी लोकगीत-परंपरा में सेनापति गोपाल राय के साथ बिलासा बाई की भूमिका का उल्लेख किया जाता है। छत्तीसगढ़ी भाषा में उनके सम्मान में रचित यह पंक्ति आज भी लोकप्रिय है, छत्तीसगढ़ी शान है, मातु बिलासा मान। देखो आज बिलासपुर, है इसकी पहचान। यह पंक्ति दर्शाती है कि बिलासा बाई अब केवल एक ऐतिहासिक/अर्ध-ऐतिहासिक चरित्र न रहकर, संपूर्ण छत्तीसगढ़ी अस्मिता की प्रतीक बन चुकी हैं।

मौखिक परंपरा की यह विशेषता होती है कि वह समय के साथ अपने भीतर स्थानीय विविधाताएँ और नई व्याख्याएँ समाहित करती जाती है। यही कारण है कि बिलासा बाई से जुड़ी कथाओं में विभिन्नता पाई जाती है, फिर भी उनका मूल भाव, साहस, स्वामिभक्ति और समाज-रक्षा, सभी संस्करणों में समान रूप से विद्यमान रहता है।

निष्कर्ष - वीरांगना बिलासा बाई केंवटिन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना में एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। चाहे उनकी कथा को पूर्णत: ऐतिहासिक तथ्य के रूप में स्वीकार किया जाए अथवा लोक-स्मृति और जनश्रुति के मिश्रण के रूप में देखा जाए, इसमें कोई संदेह नहीं कि उन्होंने बिलासपुर नगर की पहचान और केवट/निषाद समुदाय की सामाजिक अस्मिता को गहराई से प्रभावित किया है। एक साधारण मछुआरा परिवार में जन्मी स्त्री का साहस, स्वामिभक्ति और सामाजिक योगदान, राजा द्वारा सम्मानित होना, और अंतत: एक पूरे नगर के नामकरण का आधार बनना कृ यह गाथा स्वयं में सामाजिक समावेशन और स्त्री-शौर्य की एक प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत करती है।

वर्तमान समय में बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का नामकरण, प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली जयंती, तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में उनके नाम पर दिया जाने वाला पुरस्कार ये सभी इस बात के प्रमाण हैं कि बिलासा बाई की स्मृति अब केवल लोक-कथा तक सीमित न रहकर, राजकीय एवं संस्थागत पहचान का हिस्सा बन चुकी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नवभारत, छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा, बिलासपुर फरवरी 2021
2. नई दुनिया, छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा देवी केवट बिलासपुर अगस्त 2024
3. गोंडवाना एक्सप्रेस, यक्ति विशेष बिलासा बाई केंवटीन जयंती, जनवरी 2023

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन में आधुनिकीकरण के प्रभाव : परंपरा, परिवर्तन और निरंतरता का ऐतिहासिक अध्ययन

मोनिका चौधरी* डॉ. नरेंद्र सिंह राणावत**

* शोधार्थी, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य (इतिहास) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – मेवाड़ की ऐतिहासिक राजधानी उदयपुर राजस्थान के प्रमुख सांस्कृतिक नगरों में से एक है।यहां की राजकीय परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं, लोक कलाओं, लोकगीतों, त्योहारों, वेशभूषा, खान–पान आदि का यहां की सांस्कृतिक पहचान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।आजादी के बाद नगरीकरण, औद्योगिकीकरण, परिवहन, संचार, शिक्षा, पर्यटन तथा सूचना और प्रौद्योगिकी के विस्तार ने उदयपुर के सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन में आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। इस शोध पत्र का उद्देश्य उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन में आधुनिकीकरण के प्रभाव का ऐतिहासिक तथा विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है। इस अध्ययन में प्राथमिक तथा द्वितीयक स्रोतों,प्रकाशित साहित्य सामग्री, सामाजिक अध्ययनों का उपयोग किया गया है।

इस अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि आधुनिकीकरण के कारण पारिवारिक जीवन, सामाजिक संबंधों, वेशभूषा, खानपान, लोक कलाओं और त्योहारों के स्वरूप परिवर्तित तो हुए हैं परंतु परंपराएं अभी समाप्त नहीं हुई है। इन सभी सांस्कृतिक रूपों ने स्वयं को आधुनिक परिस्थितियों में पुनर्गठीत किया है। डिजिटल माध्यमों ने लोक कलाओं तथा सांस्कृतिक विरासत को एक नया मंच प्रदान किया। इस प्रकार उदयपुर के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया परिवर्तन, अनुकूलन और सांस्कृतिक निरंतरता का संयुक्त प्रभाव है।

शब्द कुंजी –उदयपुर, मेवाड़, आधुनिकीकरण, लोक संस्कृति, पर्यटन, परंपरा।

प्रस्तावना – किसी क्षेत्र की संस्कृति वहां के इतिहास का दर्पण मानी जाती है क्योंकि वह क्षेत्र–विशेष के व्यवहार, मान्यताओं और विकास की श्रेणी को दर्शाती है। यह कथन मेवाड़ के संदर्भ में पूर्णत: सटीक बैठता है। यहां की संस्कृति एक ऐसी निर्बाध परंपरा है जिसमें भूतकाल से वर्तमान तक अपने मूल स्वरूप में जीवंत रूप में विद्यमान है। इस प्रकार उदयपुर एक महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र है जो कि 16वीं शताब्दी में मेवाड़ की राजधानी के रूप में विकसित हुआ था। यहां की ऐतिहासिक पहचान झीले, राजमहल, धार्मिक स्थल, राजकीय स्थापत्य, और लोक सांस्कृतिक परंपराएं हैं। वर्तमान में यह शिक्षा, पर्यटन, खनन, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। इसी ऐतिहासिक निरंतरता और आधुनिकीकरण के क्रम में यह अध्ययन उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन को समझने का प्रयास करता है।

उदयपुर के आधुनिकीकरण के फलस्वरूप समाज में अनेक परिवर्तन हुए। परंतु इन सभी परिवर्तनों को केवल संस्कृति के पतन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं है। यह जानना भी जरूरी है की इन परिवर्तनों ने उदयपुर की सांस्कृतिक परंपराओं को किस प्रकार परिवर्तित किया तथा यह परंपराएं किन रूपों में आज भी आधुनिक परिस्थितियों के साथ तालमेल बनाए हुए है।

इस अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया का ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है। यह अध्ययन लोक कलाओं, त्योहारों, वेशभूषा, खानपान, रीति रिवाजों पर आधुनिकता के प्रभाव को भी स्पष्ट करेगा, साथ ही पर्यटन तथा संचार माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका का मूल्यांकन भी करेगा।

इस शोध में ऐतिहासिक व विश्लेषणात्मक पद्धति प्रयुक्त की गई है। इस अध्ययन में प्राथमिक तथा द्वितीयक स्रोतों, प्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्रों, सरकारी दस्तावेजों, राजस्थान पर्यटन विभाग की सामग्री और उदयपुर के ऐतिहासिक व नगरीय विकास से संबंधित उपलब्ध अध्ययनों का भी उपयोग किया गया है।

उदयपुर में राजकीय संरक्षण के अंतर्गत चित्रकला, संगीत, धार्मिक अनुष्ठान, स्थापत्य तथा विभिन्न प्रकार की लोक कलाओं का विकास हुआ। यहां के लोकगीत, लोक नृत्य, कठपुतली, मेले, धार्मिक पर्व तथा पारंपरिक वेशभूषा और सामुदायिक उत्सव ही यहां की सामाजिक पहचान बनाते हैं।

यहां के सांस्कृतिक जीवन में गणगौर और मेवाड़ उत्सव की विशेष भूमिका रही है। गणगौर से सम्बद्ध मेवाड़ उत्सव में जुलूस,लोकगीत, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियां मुख्य रूप से दिखाई देती है। इससे यह स्पष्ट है कि संस्कृति का पारंपरिक रूप आज भी सार्वजनिक जीवन में उपस्थित है। हालांकि उनके प्रस्तुतीकरण का तरीका बदल गया है।

उदयपुर के सामाजिक संबंधों को शिक्षा, रोजगार और नगरीकरण ने भी प्रभावित किया है। रोजगार के नए क्षेत्र विकसित हुए जिससे समाज में गतिशीलता बढ़ी और पारंपरिक संरचनाओं में परिवर्तन स्पष्ट रूप से नजर आया। हालांकि संयुक्त परिवार की परंपरा पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है लेकिन एकल परिवारों को रोजगार आधारित स्थानांतरण की प्रवृत्तियों से बल मिला। अब शिक्षा, विवाह और रोजगार संबंधी निर्णय में नई पीढ़ी की भूमिका बढ़ गई है। सामाजिक आधुनिकीकरण में महिलाओं की शिक्षा और

उनके सार्वजनिक जीवन की भूमिका महत्वपूर्ण है। आधुनिक शिक्षा ने महिलाओं के लिए रोजगार और सामाजिक सहभागिता के नए अवसर उत्पन्न किये, परिणाम स्वरूप पारंपरिक लैंगिक भूमिका में भी परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

उदयपुर के पारंपरिक जीवन में यहां की वेशभूषा, सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक रही है। आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के फलस्वरुप दैनिक जीवन में आधुनिक परिधानों का प्रचलन बढ़ा है फिर भी विवाह, धार्मिक आयोजनों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पारंपरिक पोशाको का प्रयोग आज भी जारी है। इससे स्पष्ट है कि आधुनिकीकरण में पारंपरिक वेशभूषा को पूरी तरह से विस्थापित नहीं किया गया है बल्कि उसके उपयोग के सामाजिक संदर्भ को परिवर्तित कर दिया। इसी प्रकार खानपान में भी पारंपरिक मेवाड़ी व्यंजनों के साथ-साथ भारतीय तथा वैश्विक खाद्य संस्कृतियों का प्रवेश तो हुआ परंतु सांस्कृतिक पहचान बनाने में पारंपरिक व्यंजनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस प्रकार यहां के खानपान में आधुनिकता और सांस्कृतिक निरंतरता दोनों ही स्पष्ट दिखाई देती है।

यहां के सांस्कृतिक जीवन में पर्यटन की विशेष भूमिका रही है। यहां के ऐतिहासिक महल, झीलें, हवेलियाँ, मंदिर, लोक कलाएं तथा सांस्कृतिक उत्सव पर्यटन के प्रमुख आकर्षण रहे हैं। इसी स्थानीय संस्कृति ने उदयपुर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया है।

दूसरी ओर पर्यटन के विस्तार के कारण ऐतिहासिक स्थलों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। यहां की स्थानीय जीवन शैली में भी परिवर्तन हो गया है। अत: पर्यटन को आर्थिक विकास तथा सांस्कृतिक संरक्षण के साधन के साथ-साथ ऐसी प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए जिसके लिए संतुलित विरासत प्रबंधन भी महत्वपूर्ण हो।

डिजिटल माध्यमों ने उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। इन आधुनिक संचार माध्यमों के कारण ही देश-विदेश की जीवन शैली, भाषा, संगीत, फैशन और मनोरंजन के रूप स्थानीय समाज तक तेजी से पहुंचे। इसी तकनीक का दूसरा पक्ष सांस्कृतिक संरक्षण का है। विभिन्न लोक कलाकार,हस्तशिल्प और सांस्कृतिक संस्थाएं अपने कार्यों को डिजिटल माध्यमों के द्वारा व्यापक स्तर पर दशकों तक पहुंचा सकती है। इस प्रकार आधुनिक संचार माध्यम सांस्कृतिक परिवर्तनों के प्रसार का माध्यम भी बन रहे हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि उदयपुर में आधुनिकीकरण ने पारंपरिक समाज तथा इसके सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं जिसके फलस्वरुप पारिवारिक जीवन और सामाजिक भूमिकाओं में परिवर्तन आया है। शिक्षा, नगरीकरण और रोजगार के नए अवसरों में वृद्धि हुई है। वेशभूषा और खानपान में आधुनिक प्रवृत्तियां बढ़ी है। लोक कलाएं, अपने पुराने सामाजिक संदर्भो के साथ मंच, पर्यटन और संस्थागत संरक्षण से भी जुड़ चुकी हैं। डिजिटल संचार ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ स्थानीय संस्कृति के व्यापक प्रसार की संभावना को बल दिया है। अत: उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन में परंपरा और आधुनिकता के बीच विरोध के साथ अनुकूलन और सह अस्तित्व की भावना भी दिखाई देती है।

आज के समय की जरूरत है कि पर्यटन विकास और विरासत संरक्षण के बीच संतुलित नीति अपनाई जाए। आधुनिक तकनीक का उपयोग करके सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण,दस्तावेजीकरण और प्रसार किया जाए। विद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में यहां के स्थानीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के अध्ययन को प्रोत्साहित किया जाए। ऐतिहासिक क्षेत्र के विकास में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उदयपुर के सांस्कृतिक जीवन में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया एक सतत और बहु आयामी रही है। इस आधुनिकीकरण के बावजूद उदयपुर की सांस्कृतिक पहचान समाप्त नहीं हुई है। बल्कि यहां की अनेक परंपराओं ने आधुनिक परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बिठाते हुए एक नया रूप ग्रहण कर लिया है। इसका प्रमुख उदाहरण है- लोक उत्सवों का सार्वजनिक एवं पर्यटन आधारित स्वरूप। पारंपरिक व्यंजनों का पर्यटन बाजार से जुड़ना स्थानीय संस्कृति का डिजिटल माध्यमों द्वारा प्रचार प्रसार।

इसलिए उदयपुर के संदर्भ में आधुनिकीकरण को परंपरा के विस्थापन की प्रक्रिया के बजाय परिवर्तन पुन:संरचना और निरंतरता की संयुक्त प्रक्रिया के रूप में देखना अधिक उचित है। भविष्य में उदयपुर के सांस्कृतिक विकास की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि आधुनिक विकास, पर्यटन और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किस प्रकार संतुलित किया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Roy B, Buam HM, Mukhopadhyay N, Bharule SP, Sen J, Singh Parmar S. Evolution of the City of Udaipur: Understanding the Historical and Ecological Context. Proceedings of the 18th Conference of International Development and Urban Planning; 2022.
2. प्रतिभा: भारत में पर्यटन उत्पाद एवं सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत
3. नेगी, जगमोहन: पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत
4. राजपूताना गजेटियर्स, भाग 2
5. ओझा, डॉ.गौरी शंकर हीराचंद: उदयपुर राज्य का इतिहास, वैदिक यंत्रालय, अजमेर, विक्रम संवत 1985
6. राणावत, पुष्पेंद्र सिंह (अनुवादक प्रतिभा): वाह उदयपुर वाह
7. Department of Tourism, Government of Rajasthan. Udaipur: Shilpgram and cultural heritage. Jaipur: Government of Rajasthan.
8. Department of Tourism, Government of Rajasthan. Mewar Festival in Udaipur. Jaipur: Government of Rajasthan.
9. Samant S. Reflections on Water: Architectural Manifestations in the Historic and Cultural Quarter along Lake Pichola in Udaipur. Journal of Sustainable Development. 2010.
10. Ministry of Tourism, Government of India. Udaipur: Cultural and artistic heritage. New Delhi: Government of India.
11. Urban Improvement Trust, Udaipur. About Udaipur and urban development. Udaipur: Government of Rajasthan.
12. Sharma A, Sharma P, Dangi L, Rathaur S, Paneri P. Modernization of Udaipur City into Smart City for Sustainable Development. International Journal of Technical Research & Science. 2024;9(Special Issue):27-35.
13. Bharatiya Lok Kala Mandal, Udaipur. लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत संबंधी संस्थागत सामग्री. उदयपुर.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भीष्म साहनी कीकथा साहित्य में चित्रित सृजनशीलता

डॉ. झेलम चंद्रकांत झेंडे*

* सहयोगी प्राध्यापिका, वीर वाजेकर ए.एस.सी. कॉलेज, फुंडे ता.उरण जि.रायगड (महा.) भारत

शोध सारांश – भीष्म साहनी प्रगतिशील धारा के प्रमुख रचनाकार हैं। उनकी यह प्रगतिशीलता यथार्थ की भावभूमि पर अवलंबित हो कर आधुनिकता का वरण करती है। सहज एवं सरल व्यक्तित्व वाले भीष्म साहनी ने अपनी रचनाओं में जीवन यथार्थ का बखूबी चित्रण किया है। उनकी रचनाओं में जीवन से जुड़ी अंतर्विरोध एवं संघर्षशीलता का चित्र भी है एवं जीवन के प्रति सौंदर्य-दृष्टि भी है। उन्होंने अपनी सृजनधर्मिता को वैयक्तिकता के सीमाओं में आबद्ध न रख कर जन सामान्य के पीड़ा को अपनी लेखकीय संवेदना का आधार बनाया। उनकी यह जनवादी चेतना मानवीय करुणा एवं मानवीय मूल्यबोध व नैतिकता के रूप में उनकी रचनाओं में सर्वत्र विद्यमान है। उनकी रचनाओं के विषय सामान्य जन जीवन से संबंधित हैं। एक ओर उन्होंने शोषण एवं कुप्रथा जैसी सामाजिक विषमताओं का खुल कर उपेक्षा की तो दूसरी ओर व्यक्ति के स्वतंत्रता एवं अधिकार के लिए भी आवाज उठाई। साहनी जी ने 'झरोखे', 'कड़ियाँ', 'तमस', 'बसन्ती', जैसे उपन्यासों के अतिरिक्त 'भाग्यरेखा', 'पटरियों', 'पहला पाठ', 'भटकती राख',जैसी कहानी संग्रहों का सृजन किया है। हिंदी नाटकों के क्षेत्र में भी उन्होंने 'हानूश', 'कबीरा खड़ा बाजार में', 'माधवी'जैसे कृतियों का अमूल्य दान दिया है। उनका सम्पूर्ण रचना संसार मानवतावादी दृष्टिकोण से यथार्थ का पुनरावलोकन है। उनकी यही यथार्थ दृष्टि उनकी रचनाओं को सार्थक एवं सोद्देश्य बनाती है।

शब्द कुंजी – प्रगतिशील कथाकार, जनवादी चेतना, आधुनिकता, सामाजिक नैतिकता, मानवीय मूल्यबोध।

प्रस्तावना – साहित्य शास्त्र और कला-चिंतन में सृजनशीलता की प्रकृति और प्रयोग पर बराबर चर्चा होती रही है। स्वच्छंदतावादी इसमें अधिक मुखर हैं। वे कहते हैं-घटना से स्वानुभूति जगती है। कवि पहले वियोगी होता है। फिर उसकी 'आह' से 'गान' या कविता अनायास चुपचाप बहती चली आती है। कवि कविता नहीं लिखता,वह तो अपने आप लिख जाती है। कभी-कभी 'पीड़ा' घनीभूत होकर मस्तक में 'स्मृति-सी' छायी रहती है,फिर अवसर पाते ही 'आँसू'बनके अनायास बरस जाती है। कविता बन जाती है। कवि की वेदना विश्व-वेदनाबन जाती है। अत: सृजनशीलता का मूल-स्रोत है वेदनानुभूति और उसकी प्रकृति है, सहज, सरल,प्रखर संवेदनशीलता। अर्थात् संवेदनशील कवि के व्यक्तित्व-भाजन से अनुभूतियाँ जगती,पकती और संचित होती रहती हैं। संवेदन,स्वानुभूति और संप्रेषण कला-सृजन की प्रक्रिया हैं।

प्रगतिशील कथाकार भीष्म साहनी के विचार भी लगभग ऐसे ही हैं। वे एक जगह कहते हैं- 'यह सच है। उपन्यास की रचना लेखक की कलम नहीं करती,उसका मस्तिष्क नहीं करता। उसका आत्मविह्वल हृदय करता है।' भीष्म साहनी मानते हैं कि वे स्वयं पहलेरचना के पीछे त्रासदी को भोगते हैं। भोगे हुए उस यथार्थ पर वेदना मंथन चलता है। वास्तव जीवन की परिस्थितियों से कच्चे माल का चुनाव होता है उसमें कल्पना-रसायन का संयोग होता है। तब कृति बनती है। अपने सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यास 'तमस' की रचना को लेकर भीष्म साहनी ने अनेक सवालों के जवाब देते हुए अपनी रचना-प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला है। बचपन में 1926 को एक दंगा देखा था। अनाज गंज जला तो आग आसमान को छूने को लगी थी। 1942 के आंदोलन के साथ हिंदू-मुसलमानों में विद्वेष बढ़ने लगा। 1947 ई. में रावलपिंडी के भयानक दंगे संवेदनशील वयस्क भीष्म के सामने हुए। इनमें भी दंगे की आग आसमान को छू रही थी। मारकाट, चीखपुकार, आगजनी,स्त्रियों पर अत्याचार के दृश्य भीष्म ने अपने आँखों से देखे।

बरसों बाद बंबई के पास भिवंडी में दंगा हुआ। भीष्म वहाँ गए। खंडहरों में धधकती आग की लपटें,इक्के-दुक्के लोग,सूनी गलियाँ,बिखरे अधजले सामान,चुप्पी,वीरानी में गिद्ध-कुत्तों का हुजूम। अतीत के चलचित्र आँखों के सामने आने लगे। रोंगटे खड़े करनेवाले शोरगुल,धर्मांध नारे,आर्त चीत्कार कानों में बजने लगे। सामने की त्रासदी ने स्मृति की त्रासदी ने दिल को दहला दिया। फिर वे दिल्ली लौट आए। भिवंडी पीछे छूट गया। वहाँ की सूनी गलियाँ विस्मृति में खो गई। जो यादें जगी थीं,वे भी अवचेतन में पहुँच गई। मगर एक दिन जब कलम उठाई और कागज सामने रखा तो अचानक रावलपिंडी के दंगों के दृश्य आँखों के आगे नाचने लगे। कांग्रेस का वह दफ्तर,वहाँ के साथी लोगों के चेहरे योगी रामनाथ, बख्शीजी, बालीजी, हकीमजी, अब्दुल अजीज,मेहरचंद आहूजा जनरैल,मास्टर अर्जुनदासय न जाने कितने लोग। एक एक की आवाजें और खोहा खालसा का स्त्रियों की लाशों से पटा हुआ कुआँ। मरी पत्नियों की लाश देखकर चीखते बिलखते वे पुरुष। भीष्म को उद्धेकलित करनेवाला वह 'दृश्य श्रव्य मानस यंत्र'चलने लगा तो लेखक की कलम भी चल निकली।'तमस' उपन्यास लिखता गया। भीष्म कहते हैं- 'यादें ही कलम चलाती हैं। संयम,धैर्य कलम नहीं चलाते। अंदर की छटपटाहट चलाती है।' भीष्म मानते हैं कि रचना आगे बढ़ती है तो अपना स्वतंत्र अस्तित्व ग्रहण करने लगती है। वास्तविक जीवन की सच्ची घटनाएँ,वास्तविक जीवन से उठाए गए पात्र उपन्यास की माँगों के अनुरूप ढलते चलते हैं। यथार्थ और कल्पना घुलमिल जाते हैं। वास्तविक और काल्पनिक में फर्क नहीं रहता। दोनों का विश्वसनीय होना जरूरी है। भीष्म का विचार है- 'कभी-कभी वास्तविकता का यथावत् चित्रण इतना

प्रभावशाली नहीं होता जितना कल्पना की मदद से किया गया चित्रण। कल्पना की उड़ान का मतलब मनगढंत चित्रण नहीं है। कथानक के विकास के अनुरूप ही आपके पात्रों का व्यवहार होगा और आपकी कल्पना के द्वारा नई-नई स्थितियों का आविष्कार भी। बेशक वास्तविकता की जानकारी आधार का काम करेगी। पर उसके अंदर पायी जाने वाली सच्चाई का उद्घाकटन कल्पना के द्वारा होगा।' 'तमस' का मुराद अली,नत्थू,उसकी पत्नी, अंग्रेज कमीशनर रिचर्ड और उसकी पत्नी लिजा आदि काल्पनिक पात्र तो यथार्थ से अधिक सच्चे लगते हैं। पाशोवाला प्रसंग काल्पनिक है। विश्वास नहीं होता कॉलरिज ने बहुत पहले कहा था कि कल्पना बेतरतीब अनुभवों को संगठित और संतुलित करती है तो दूसरी कल्पना कलाविधायिनी सृजन-शक्ति है। भीष्म भी कल्पना का काम संतुलन करना मानते हैं। अत: उनकी रचनाओं में उनकी सर्जनशील कल्पना-शक्ति कार्यरत है।

भीष्म साहनी यथार्थवादी हैं,मार्क्सवादी हैं,प्रगतिशील लेखक संघ के कार्यकर्ता रहे हैं। उनकी प्रतिबद्धता है,मान्यताएँ हैं परंतु वे लेखक की कलात्मक सृजनशीलता पर हावी नहीं होतीं। उनका व्यक्तित्व सर्वत्र विद्यमान है। लेकिन प्रच्छन्न,नि:स्संग,तटस्थ रूप में। अनेक स्थानों में लेखक वाचक (नेरेटर) बन जाता है। परंतु वहाँ वर्णन वस्तुनिष्ठ यथार्थ के आधार पर चलता है,निर्वैयक्तिक होता है। अत: उनकी रचनाओं में व्यक्तित्व का न तो मुक्त अभिव्यंजना है और नपलायन ही। उनका मनोहारी रूपांतरण है जो क्षेत्रीयता को सार्वदेशिक,सांकालिक यथार्थ को सार्वकालिक के धरातल पर प्रतिष्ठित करता है। व्यक्ति की अनुभूति सार्वजनीन हो जाती है।'पश्चिमोत्तर भारत'संपूर्ण भारत बन जाता है। उनके पात्र वर्ग-प्रतिनिधि होकर भी व्यक्ति वैचित्र्यों से विशिष्टय बनते हैं। वे सामान्य मनुष्य की सभी सबलताओं और दुर्बलताओं की झाँकियाँ प्रस्तुत कर पाते हैं।

सब जानते हैं कि भीष्म का व्यक्तित्व सहज,सरल,शालीन और संवेदनशील है। वे अपने जीवन में आदर्शों को यथार्थ के स्तर पर जीनेवाले मानववादी थे। इसलिए स्वाभाविक जीवन को अपनी रचनाओं में उतार पाते थे। कुरूपताओं के साथ सहज मानवीय संवेदनाओं को प्रतिफलित करते थे। यथार्थ के प्रति यह सौंदर्य-दृष्टि उसे आकर्षक और आत्मीय बनाती है। उनके वर्णनों में जीवन का अंधकार पक्ष है तो मानवता की झलकें भी हैं। जीवन के अंतर्विरोधों,विसंगतियों,कुंठाओं,कुरूपताओं के साथ स्वाभाविक जिजीविषा,संघर्षशीलता,कोमलता के चित्र एक साथ होने से उनमें सजीवता,सार्थकता,सोद्देश्यता भी रहती हैं। ये विशेषताएँ पात्र को भागने को नहीं बदलने की प्रेरणा देती हैं। फलस्वरुप भीष्म की सृजनशीलता अनूठी बन पाती है।

भीष्म की सृजनशीलता उनके प्रखर इतिहासबोध द्वारा संचालित होती है। क्योंकि वह वैज्ञानिकता,धर्मनिरपेक्षता,प्रगतिशीलता,आधुनिकता और जनतांत्रिक मूल्यों पर प्रतिष्ठित है। भारत अपनी विशालता के साथ विविधता का पोषक रहा है। इस देश में भिन्न-भिन्न जाति,धर्म,नस्ल के लोग साथ-साथ रहते आए हैं। आर्य,अनार्य,द्रविड़,शक,हूण,पठान,मुगल सब उसी के देह में लीन हुए हैं। इसलिए इसकी संस्कृति बहुवादी है।'वसुधैव कुटुंबकम', 'सर्वेभवंतु सुखिन:'जीवन के मंत्र हैं। परंतु भीष्म ने लक्ष्य किया है कि भारतीय विचारों में उदार और आचारों में कट्टर होते गए हैं। हिंदू-मुसलमान साथ-साथ रहते हुए भी भी धार्मिक संकीर्णता,सांप्रदायिकता,कट्टरता के शिकार रहते हैं। उनके व्यवहार में वैमनस्य,अविश्वास और विद्वेष पैदाहुआ है। इसीका फायदा उठाकर विदेशी अंग्रेज शासक उनमें फूट डाल राज करते रहे और अंततोगत्वा देश को विभाजित कर गए। भीष्म साहनी ने खूब अंग्रेजी पढ़ी है। वे जानते हैं कि भारत के लिए अंग्रेज-राज वरदान नहीं था। शासक हर बात में श्रेष्ठ और शासित निकृष्ट नहीं होता। वे अंग्रेजों की 'श्रेष्ठग्रंथि'और भारतीयों की 'हीनग्रंथि'का विश्लेषण करते हैं। उन्होंने अपने शहर रावलपिंडी के तीन हिस्से देखे हैं। एक अंग्रेज फौज की छावनी (थोड़ी दूर देशी सेना का शिविर भी)। दूसरा 'सदर इलाका','सिविल लाइन्स'यानी अंग्रेजों का आवास। यहाँ ठाठ कि जिंदगी है। अंग्रेजी सिनेमा हॉल यहीं है। कोई 'नेटिव' (देशी) आदमी घुस गया तो पीटता है,मरता है। तीसरा हिस्सा वह भारत है,जहाँ की बस्तियों में,गलियों में,तंग मुहल्लों में हर जाति के,हर धर्म के लोग एक साथ रहते हैं। अमीर-गरीब,मजदूर-महाजन सब हैं। अनेकता है तो भाईचारा भी। झगड़े होते हैं तो सुलह भी होती है। भीष्म इस जन-समाज के सारे द्वंद्वों,अंतर्विरोधों और विसंगतियों की तस्वीरें सामने रखते हैं। मार्क्सवाद,द्वंदात्मक भौतिकवाद,उपनिवेशवाद,साम्राज्यवाद,सामंतवाद की व्याख्या करते हैं। क्रमिक इतिहास को समझते हैं। 1942 के बाद से खास तौर पर विदेशियों की कूटनीति,साम्राज्यवादी कुचक्र,उदासीन शासन के सामने जनता की नासमझी,न्यस्त स्वार्थियों की चालबाजी और धर्मांधता ने मिलकर चारों ओर तमस फैला दिया है।

इसलिए डॉ. बच्चन सिंह को 'तमस'में कुछ नया नहीं मिलता,अंग्रेजों को दंगों के लिए जिम्मेवार ठहराना 'सरलीकरण'लगता है तो क्या किया जाय? भीष्म सर्वहारा के पक्षधर हैं,सामान्य जनों में जिजीविषा,संघर्ष-प्रवृत्ति,परिवर्तन की आकांक्षा को साफ देख पाते हैं। निम्न मध्य,शोषक-शोषित,बुर्जुआ-प्रोलेतिरेयत दोनों वर्गों की सफलताओं-दुर्बलताओं के चित्र सामने रख पाते हैं। उनका तथ्यात्मक,निरपेक्ष,पारदर्शी वर्णन उनकी सर्जनशील कलात्मकता को परिपुष्ट करता है। अमरकांत ने ठीक कहा है-'संवेदना के धरातल पर स्थितियों का ऐसा निर्मम विश्लेषण दुर्लभ है। भीष्म जीइस रचना (तमस) में एक द्रष्टा और सजग प्रहरी के रूप में सामने आते हैं। स्वतंत्र भारत में बारबार हो रहे दंगे भीष्म की ऐतिहासिक चेतावनी को प्रमाणित करते हैं। संपन्न परिवारों में फिरभी मेलजोल रहता है,मगर अमीर-गरीब में अनबन रहती है।

'झरोखे' (1967) और 'कड़ियाँ' (197.) में साहनी ने भारतीय धार्मिक और सामाजिक अंतस्संबंध को मनोविज्ञान की कसौटी पर परखा है। आत्मसमीक्षा की दृष्टि से 'झरोखेयमें से हिंदू आर्यसमाजी परिवार के जीवन चक्र को देखा है। उच्च विश्वजनीन विचार भी संकीर्णता और रक्षणशीलता द्वारा कलुषित हो गए हैं। भारतीय मध्यवर्ग धर्म पर बडा विश्वास रखता है। मगर उसका धर्माचरण,संध्या-हवन,पूजा-पाठ श्रद्धाविहीन होता गया है। जड़ कर्मकांड ढोंग-पाखंड बन गया है। उसमें अंतर्विरोध हैं,विसंगतियाँ भरी हैं। इसीसे धर्मांधता फैलती है। अविश्वास,असहनशीलता और वैमनस्य पनपता है। बचपन से संस्कार पड़ते हैं। बच्चे,नौकर,स्त्रियाँ सब शामिल हैं।'कड़ियाँ नारी-जीवन के द्वंद को उजागर करती हैं। पुराने संस्कारों से बँधी प्रमिला पातिव्रत्य का निर्वाह करके ठगी जाती है। आर्थिक पराधीनता,लाचार जीवन-शैली और निरंकुश पुरुष का अत्याचार पारिवारिक जीवन को विषमय बनाता है। फिर भी प्रमिला के संघर्ष में आधुनिकता का प्रभाव है। भीष्म इस संघर्ष से सुखी हैं। उनका सृजन ऐसे संघर्ष को बढ़ावा देता है,उससे परिवर्तन को अंजाम देता है।

'तमस' में यथार्थ के बहुविध आयामों का उद्घा टन हुआ है। यह देश विभाजन की विभीषिका का दस्तावेज है। एक संकटपूर्ण स्थिति की पृष्ठभूमि

में विभिन्न धर्मो,वर्गो और विचारधाराओं के लोगों की प्रतिक्रिया और उनके कारनामें पेश हुए हैं। रिचर्ड उपनिवेशवादी शासकों का प्रतिनिधि है। उसमें शासित उपनिवेश के लोगों का,उनकी संस्कृति का मखौल उड़ाया गया है। उपनिवेशवादी सोच की उपज भयानक सांप्रदायिकता की ऐतिहासिक व्याख्या के साथ,उससे उत्पन्न त्रासदी के भयानक परिणामों के प्रामाणिक चित्र भी हैं। उसमें नफरत के,फूट सियासत के,हुकूमत की हैवानियत के,दानवी हिंसा और कहीं-कहीं कोमल मानवता के दृश्य अंकित हैं। खोयी हुई मानवता की खोज भी चल रही है। लगता है 'बसंती' (1980) अधिक सशक्त,कलात्मक और सृजनशील व्यक्तित्व की पैदाइश है। इसमें जनसामान्य की रोजमर्रा की जिंदगी है। महानगर बन रहे हैं। उच्च और मध्यवर्ग के लिए मकान और सड़कें बनती हैं। गाँवों के गरीब सूखा,अकाल, बीमारी, बेरोजगारी,भुखमरी से त्रस्त होकर भागकर आते हैं,किसी सड़क के किनारे या वीरान जगह पर झुग्गी-झोपड़ियाँ बनाकर रहते हैं। पूँजीवादी अर्थतंत्र उनको उजाडता है,लेकिन उनमें बसनेवाले सर्वहारा वर्ग से सेवा लेता है। उन्हें चूसता है। श्रम बिकता है। सामाजिक संरचना भी टूट रही है।'बसंती'में इस परिवर्तन का कलात्मक चित्रण है। बसते-उजड़ते झोपड़े,टूटते-बनते रिश्ते,बाह्य परिस्थितियों के अनुरूप मानसिकता में परिवर्तन,टीवी का प्रभाव,स्त्री जागरण आदि अनेक समस्याएँ एक साथ उठती हैं। निम्न और मध्यवर्ग की जिंदगियाँ आमने-सामने हैं। शोषण-प्रक्रिया उजागर होती है। सर्वहारा की जीजीविषा और साहस,उसकी विवशताएँ,बसंती जैसी नई नारी का आविर्भाव,पुरुष की निरंकुशता के खिलाफ उसका मुकाबला,त्रासदी जीवंत हो उठते हैं। आश्चर्य नहीं होता कि भीष्म की 'बसंती'प्रेमचंद की धनिया से कितना आगे बढ़ गई है। धनिया गरीबी,परिवार और परंपराओं के बंधनों में बेबस है उसकी लड़ाई बिखर जाती है। परंतु बसंती पारिवारिक,आर्थिक और सामाजिक शोषण तंत्र को कुंठित का आत्मनिर्भर,स्वतंत्र व्यक्तित्व अर्जन करके जगमगा उठती है। बसंती चिरस्मरणीय बन जाती है।'सय्यादास की माड़ी' (1988) सिक्खों की अमलदारी को तोड़कर अंग्रेजी साम्राज्य का विस्तार की कथा है। भारतीय समाज पर अंग्रेजी जीवनशैली का प्रभाव,मनोवृत्तियों में परिवर्तन को दिखाया गया है।'कुंतो' में नारी जीवन की विडंबनाओं का चित्र है बदलते नारी-पुरुष के रिश्ते शरतचंद्र का स्मरण कराते हैं। वहाँसूक्ष्मता और वायवीयता है तो 'कुंतों'और 'नीलूनीलिमा नीलोफर'में उच्च वर्ग की नारियों के मानसिक तनाव हेतु पारिवारिक विघटन और सांप्रदायिकता के बढ़ते विद्वेष निराशाजनक हैं।

भीष्म साहनी की सृजनात्मकता एक मनोहारी आयाम है- उनके चित्रात्मक वर्णनशैली। वस्तुनिष्ठ तथ्य,युक्तिसंगत प्रमाण,विचारों की सुशृंखलता,कल्पना का सही योग,सूक्ष्म मानवीय भावनाओं की झाँकियाँ, छोटी या बड़ी हर घटना की बारीकियाँ उनके रचना-संसार के चित्रशाला का आनंद देती हैं। एक अद्भुत कथा-रस बहता है। अपने जीवन के विश्वसनीय चित्र देख पाठक आत्मीयता का अनुभव करता है। लगभग सभी कथाओं में लेखक का वाचन (नेरेशन) सर्वसम्मत वाचन बन जाता है। क्योंकि उसमें मानवता का एक अंत:स्वर गूँजता है,जो अविश्वास में विश्वास,निराशा में आशा का संचार करता है। इसी हेतु भीष्म का यथार्थ जीवंत हो उठता है,प्रेरणादायक बनता है।

भीष्म का सर्जनशील शिल्पविधान सरल,सुगम,संप्रेषणक्षम और मनोरम होता है। शैली स्वयं सर्जक का प्रतिबिंब होती है न! वर्णन शैली सहज निराडंबर है। शब्दभंडार व्यापक और परिचित,कहीं गाँव के शब्द हैं,कहीं पंजाबी छौंक है तो कहीं उर्दू के लफ्ज। राजस्थानी हरियाणवी छींटे। संप्रेषण को परिपुष्ट करने की भाषाशैली। परिश्रम से बनी प्रवाहशील और मौलिक। यह हिंदी हिंदुस्तान की भाषा बन गई है। कथा कहने की आत्मीयता। आरंभ हुआ तो अंत तक खींच लेने की क्षमता-उपन्यास हो कहानी हो या नाटकीय संवाद-सर्वत्र। रामदरश मिश्र वर्णनात्मक शैली की शक्ति अशक्ति की बात उठाते हैं। पर भीष्म की सृजनशील सादगी में सब डूब जाती हैं। अल्पोक्ति,मित्ताकथन,वाचक का सटीक प्रक्षेपण सब मिलकर एक अद्भुत कथावाचन शिल्प का नमूना पेश करते हैं।

भीष्म साहनी की सृजनशीलता जीवन यथार्थ के परिशिलन में निमग्न है। उसकी प्रेरणा मध्य और निम्न वर्गो का जीवन है। उसका चरित्र द्वंद्वात्मक भौतिकवाद है। इसलिए उनकी कथा-रचना में द्वंद्वात्मक संघर्ष चलता रहता है। संवेदना,संघर्ष औरसमाधान की स्पष्ट रूपरेखा है इसलिए यह यथार्थ गतिशील है,उनकी रचना सोद्देश्य है। भीष्म जी की प्रतिबद्धताएँ उदार हैं और अभिव्यक्ति शालीन है। इतिहास बोध के कारण वस्तु और चरित्रों के द्वंद्वों,अंतर्विरोधों और विसंगतियों का तर्क तार्किक विश्लेषण चलता है। इसीसे सामाजिक,राजनीतिक और आर्थिक संबंधों में होनेवाले सतत परिवर्तन उभरते हैं। समसामयिक परिस्थितियों के साथ उनका मेल आसानी से बैठ जाता है। कलात्मक प्रयोजन हेतु लेखक की मान्यताएँ प्रच्छन्न,प्रकट या तटस्थ होती हैं। संघर्ष बाह्य और आंतरिक दोनों स्तरों पर चलता है। चरित्र में अपने संस्कारों,नैतिक मूल्यों और धार्मिक विचारों के विरुद्ध संवेदना का संघर्ष शुरू होता है और सांप्रतिक जीवन के भौतिक वातावरण में उतरकर समाधान के लक्ष्य तक जाता है। इसलिए सृजन की यह प्रक्रिया स्वाभाविक,मार्मिक और प्रामाणिक लगती है। जीवन के ये चित्र अपने लगते हैं। भीष्मजी ने अनेक प्रसंगों,स्थितियों और संदर्भो में निम्न वर्ग के सामने मध्यवर्ग को खड़ा करके दोनों की मानसिकता का खुलासा किया है। साम्राज्यवाद,सामंतवाद और अब पूंजीवाद से उत्पन्न पेटी बुर्जुआ बनाम सर्वहारा मजदूर वर्ग अपने-अपने ढंग से संघर्ष करते हैं,परिवर्तन को स्वीकारते हैं। भीष्मजी धार्मिक दर्शन,चिंतन और आचरण की विसंगतियों का चित्रांकन करके उसको सारी समस्याओं की जड़ प्रमाणित करते हैं। उसका प्रत्याख्यान करने का आह्वान करते हैं। इसके पीछे उनका दृष्टिकोण वैज्ञानिक है,आधुनिक है। अपने विश्लेषण के लिए भीष्म में राजनीतिक चेतना,मानवीय करुणा और सामाजिकता का भरपूर उपयोग करते हैं।

भीष्म की सृजनशीलता का दूसरा पक्ष उनकी कहानियों में देखने को मिलता है। उनके अनुसार यूरोपीय साहित्य के प्रभाव से भारतीय साहित्य धर्म निरपेक्ष बना और उसके शिल्पविधान में चुस्ती आई। पर हमारी दृष्टि अपनी होनी चाहिए। अपनी अद्भुत निरीक्षण शक्ति से वे घटनाओं और पात्रों का चयन करते हैं। चरित्रों को संपूर्णता से रचना करते हैं। इसीसे उनकी कहानियों काढाँचा,आकृति,उनमें अभिव्यक्त सोच-विचार मानसिकता का पूरा चित्र आ जाता है।

उनकी कहानी कहने की कला गजब की होती है। सरल,सहज रूप से उसका आरंभ होता है,आत्मीय कथन पाठकों को साथ लेकर चलते हैं। भीष्म कहीं से कोई बात उठा लेते हैं और उसे कहानी का रूप दे देते हैं। भीष्म नई कहानी आंदोलन से जुड़े हैं। उनमें प्रगतिशीलता है,जो वैज्ञानिक समाजवाद पर आधारित है। वे शोषित को मुक्त कराने उसे स्वतंत्र जीवन दिलाने के पक्ष में हैं। भीष्म जी का पहला कहानी संग्रह 'भाग्यरेखा' (

1953) में सामाजिक समस्याओं को उठाया गया है। 'पहला पाठ' (1956) में उनकी प्रसिद्ध कहानी 'चीफ की दावत' संग्रहित है। मध्यवर्ग की बनावटी जिंदगी महत्वाकांक्षा,नौकरशाही का आडंबर के कारण शामनाथ माँ का अपमान करता है। लेकिन अपने चीफ की इच्छा कैसे उन्हें फिर माता की शरण में ले जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति,मानवीय संबंध का तिरस्कार है। माँ का आखिर आश्वासन अत्यंत मार्मिक है जो सारा अपमान सहकर भी बेटे के लिए सब करने को तैयार होती है। अन्य कहानियों में मध्यवर्गीय कुसंस्कार अंधविश्वास,कुरीतियों पर प्रहार किया गया है।'भटकती राख' (1966) में माता-विमाता मार्मिक है। इसमें एक बच्चे के लिए दो औरतों की लड़ाई काफी मनोरंजक है ।'गीता का सहस्त्र नाम'वृद्धावस्था की दयनीयता का चित्र देती है।'भटकती राख'को पढ़कर पाठक के भीतर एक बहस शुरू हो जाती है। यहाँ कहानी खुद जीवन का भाष्य बन जाती है। अचरज होता है कि वक्त और फैन की हद में आये बगैर आज भी कोई ऐसी सीधी-सादी सहज कहानी कैसे लिख लेता है। ये कहानियाँ आज से बिल्कुल जुडी हैं। इन कहानियों में रोजमर्रा यथार्थ का बयान है,जिंदा चरित्र हैं,परिचित आत्मीय,सामान्य कृत है जो बराबर उनसे टकरा जाते हैं। ये यादों में लगातार मँडराती कहानियाँ पाठकों को नए अनुभव प्रदान करती हैं। जिंदगी की गहराई में जाती हैं। जटिल संवेदनाओं और अंतर्धाराओं को पकड़ती हैं।

'चीफ की दावत'के शामनाथ की तरह 'ढोलक'का रामदेव विदेशी के कहनेपर अपने लोकाचार को फिर से अपनाता है।'पटरियाँ' (1973) की 'अमृतसर आ गया'में आत्मपीड़न और सुविधावाद की झाँकियाँ हैं।

'वाइचू' (1978) का वाइचू आत्मनिष्ठ है,भारत और चीन दोनों देशों की राजनीतिक परिस्थितियों को नहीं समझ पाता। इतिहास में डूबा यह पात्र अक्षम्य है,फिरभी त्रासद तो है ही। छठा कहानी संग्रह 'शोभायात्रा' (1981) की 'खिलौने' महानगरीय व्यस्त जीवन,युवक-युवतियों का कैरियर मोह को उघाड़ती है तो 'शोभायात्रा'अहिंसा में आडंबर में मध्ययुगीन धर्माधता को उजागर करती है।'निशाचर' (1985) में माँ-बेटी के दयनीय जीवन का चित्र है जो रात को कागज की चिंदियाँ बटोरती हैं।'पाली' (1991) में धर्म मानवीय संवेदना को मिटा देता है।'झुटपुटा'सिक्ख दंगे की विभीषिका में ड्राइवर का दूध पहुँचाना कायरों में विरत्व का प्रदर्शन है,जो सदा से अभिनंदनीय रहा है।'डायन' (1998) में अंधविश्वास और बेटी के विवाह का फिक्र का मर्मस्पर्शी वर्णन है। भीष्म की कहानियों में मध्यवर्ग के जीवन की परिस्थितियों और उनकी मन: स्थितियों का मार्मिक व्यंगात्मक चित्रण है । आज मध्यवर्ग पीड़ा,घुटन,बिखराव,भोगवाद,झूठी मान्यताओं और आडंबरों से ग्रस्त हैं। उसके जीवन-मूल्य बुर्जुआ-प्रवृत्ति से अभिभूत हैं, मानवीय संबंध बदल रहे हैं। विसंगत आर्थिक व्यवस्था से निम्न वर्ग शोषित और सर्वहारा हो गया है। ये सभी समस्याएँ भीष्म की कहानियों में मिल जाती हैं। लेकिन उनकी कई कहानियाँ विशेष रूप से चर्चित हैं जिनमें सूक्ष्म मनोभावों और जटिल स्थितियों का अंकन हुआ है-'मालिक का बंदा','अहं ब्रह्मास्मि','अंतरात्मा की पुकार'आदि कहानियों में वायवीय आध्यात्मिकता पर व्यंग है।'मैं भी दिया जलाऊँगा माँ' में जिजीविषा का संदेश है। 'सागमीट' में जग्गा नौकर की विडंबना है।'पिकनिक','मैं गोरी धाय'की आत्म गौरव की कथा है।'खंडहर'में बुआ की करुण कथा है।'ओ हरामजादेयमें देशप्रेम और पत्नीप्रेम का द्वंद है। पटरियाँ,राधा-अनुराधा,जख्म,खूँट,त्रास आदि में कलात्मकता के नए रूप मिलते हैं । साहनी ने कहानियों में संस्मरण, यात्रावृतांत, संस्मरण आदि पद्धतियों का सफल प्रयोग किया। भीष्म की भाषा दैनिक जीवन से ली गई है। वह जीवंत है। उर्दू, पंजाबी शब्द और मुहावरे हैं। सहज-कथन शैली है। चुटकुले लतीफे संयत रूप में मिलते हैं।'गल्पगुच्छ','खूँटे'जैसी कहानियों में असाधारण दृश्य के असाधारण वर्णन मिलते हैं। भीष्म की सृजनशीलता विविधमंडित है। भीष्म साहनी सफल नाटककार भी हैं। नाटक को पंचम वेद कहा गया है,क्योंकि इसमें लेखक, निर्देशक, रंगकर्मियों का विशेष योगदान रहता है। नाटक के संवाद भी विशिष्ट होते हैं। भीष्म जी कुशल अभिनेता थे। मंच,टीवी पर काम करते मंचीय अनुभव प्राप्त किया। वे जानते थे कि नाटक की प्रस्तुति उसकी सफलता की कुंजी है।

नाटककार सामाजिक जीवन से ही विषयवस्तु और चरित्रों का चयन करता है। यह जरूरी है कि व्यक्ति का सत्य समूह का सत्य बने। इसे भारतीय नाट्यशास्त्र में 'साधारणीकरण'की संज्ञा दी गई है। नाटक की कथा,चरित्र और संवाद सब साधारण दर्शकों के लिए विश्वसनीय हो,उसमें अपनत्व की भावना जगे,यह आवश्यक है। भीष्म का नाट्य-सृजन इस परीक्षा में खरा उतरा है। उन्होंने छह नाटक लिखे हैं- 'हानूश','माधवी','कबीरा खड़ा बाजार में','मुआवजे','रंग दे बसंती'और 'आलमगीर'। इनमें अधिकांश की कथावस्तु प्रख्यात है,अर्थात् पुराणों या इतिहास से ली गई है। शेक्सपियर ने भी प्रख्यात कथाओं को उठाकर नाटक लिखे हैं। इसमें एक सुविधा है कि नाटककार को मार्मिक प्रसंग रेडिमेड मिल जाते हैं। उनमें भावात्मकता भरना आसान होता है। चूँकि पहले से दर्शकों की मानसिक तैयारी रहती है,वे सक्रिय हिस्सा लेते हैं,आनंद उठाते हैं। मार्मिक मानवीय स्थिति फौरन सबको जोड़ देती है।

'हानूश' (1978) भारत के आपातकाल में लिखा गया। यह नाटक चेकोस्लोवाकिया की किंबदंती पर आधारित है,जो लगभग सभी देशों में कालों में घटती है। कलाकार को सर्वदा प्रशासन धर्म प्रताड़ित करता रहा है। इतिहास में ऐसी घटनाएँ भरी पड़ी हैं। लोग जानते भी हैं। हानूश एक घड़ीसाज है। अच्छी एक घड़ी बनाकर बादशाह को देता है और बदले में आँखें फूडवाता है। बड़ी संवेदनशीलता के साथ कलाकार के तनाव,सत्ता का विरोध,स्वतंत्र सर्जनात्मक चेतना से उत्पन्न पीड़ा,संघर्ष,जिजीविषा को सीधे सरल ढंग से भावनात्मक रूप प्रदान किया गया है। विभिन्न मानवीय स्थितियों को मार्मिक लचीले संवादों में संप्रेषित किया गया है। नाटक में व्यक्त करूणा और त्रास सबको अभिभूत करता है । सारे दृश्यविधान, नाटकीय, जीवंत,गत्यात्मक और सांकेतिक होने के कारण अभीष्ट प्रभाव डालते हैं। घड़ीसाज बिगड़ी घड़ी को टटोलते हुए आत्मीयता का अनुभव करता है और वह अत्यंत मर्मस्पर्शी है।

'माधुरी' (1984) की कथा महाभारत से ली गई है । मिथक को यथार्थवादी शैली में प्रस्तुत किया गया। अतीत वर्तमान में जीवन्त होता है। तत्कालीन परिदृश्य-सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक मान्यताएँ, पुरुषशासन, सामंतवाद, संवेदनहीनता,नारी निर्यातन आदि से उत्पन्न संशय, द्वंद,स्वार्थ-चिंता आदि का अच्छा परिचय मिलता है। नारी-शोषण की यह परंपरा आज कितनी भयानक हो गई हैं। अतीत से वर्तमान की ओर यह नारी-विमर्श चलता है।

'कबीरा खड़ा बाजार में'अत्यंत प्रभावशाली नाटक इसलिए हुआ कि इसमें नाटकीय सृजनशीलता का बहुत अच्छा उपयोग हुआ । प्रचलित सामाजिक धार्मिक क्रूर व्यवस्था का विरोध,वह भी तरल मानवीय और स्त्रीजनोचित करुणा द्वारा हुआ,जो जन-जन का हृदय छू सका। माता का आशीर्वाद, त्याग,पत्नी लोई का प्रेम-स्फुरण नाटकीय घटनाएँ हैं,नाटककार

की मौलिक रचना है। लेखक कबीर के विद्रोही व्यक्तित्व को उभारता है,उसमें दृढ़ता का अभाव करुण परिवेश में डूब जाता है । फिरभी कबीर के शिकायतवाला संवाद,महंत और कोतवाल की ऐंठ और दीनता देखते ही बनती है। कबीर की मानवता और अमनुष्यता का विरोध उभरताहै,तो लेखक को सफलता मिलती है।

'मुआवजे' में हमारी कथा है। समसामयिक जीवन की व्यथा-कथा है। एक आदमी के लिए 10 हजार का मुआवजा मिलता है और लोग तरसते हैं। सुथरा सीखाता है 'अब जब भी दंगा भड़के तुम अस्पताल पहुँच जाना कहना अभी चोट लगी है ।'मुआवजा मिलेगा । सरकार प्रशासन अफसरों की बेपरवाही,शरणार्थी और गरीबों की निर्यातना दोनों एक साथ मंच पर हैं । कथा रोचक है, संवाद सीधे,सरस और चुटीले हैं,खुले मंच पर प्रस्तुति मनोरंजक है। बादल सरकार,विजय तेंदुलकर के नाटकों की लोकप्रियता का अनुसरण यही नाटक कर सकता है । नाटक के सारे दृश्य तनावपूर्ण, करुणा, व्यंग्यात्मक हैं। मुआवजा देनेवाले जैसे अपनी जेब से देते हों,गरीब पीड़ित लोग मानो भीखमंगे हों । यहाँ दया की भीख सचमुच करुण है । नाटक देखकर दर्शक सिर धुनकर उठता है । कुछ करने को सोचता है,पर वह भी क्या कर लेगा?

'आलमगीर' ऐतिहासिक नाटक है । दारा का चरित्र संवेदनात्मक है । उसका द्वंद्व,पराजय दु:ख देता है । एक और मनुष्यता खड़ी है तो दूसरी ओर दानव दमन! परंतु आखिरकार मनुष्यता की जीत होती है। भीष्म की नाट्य-साधना नवोन्मेषशालिनी है। मंच हो या टीवी उसकी लोकप्रियता नाटककार का अर्जन है और अंत में भीष्म साहनी के अनंत पाठकों में से एक दिन कोई उनसे मिला तो पूछ बैठा 'भीष्मजी! हमें लगता है कि आपका रिचर्ड अभी दफ्तर में बैठा है। आपके नथ्यू और मुराद अली गली-कूचों में मिल जाते हैं। आपका जनरैल आज भी राष्ट्रध्वज को सलामी देता है,आपका कबीर बाजार में खडा-खडा आम लोगों के सामने अपना 'डायलग' झाड़ रहा है,'आपका विद्यानंद'हजारों भक्तों के आगे अपना दर्शन बघार रहा है। आपकी माधवी घर के कोने में सुबक रही है । आपकी बसंती पप्पू का हाथ पकड़े अपनी बस्ती के मुहाने पर खड़ी है। आपका हानूश बिगड़ी घड़ी को टटोल रहा है,मन ही मन मुसकरा रहा है,आपकी कुंतो और नीलिमा अपने नसीब को रो रही हैं । इनमें से कौन आपका प्रिय 'पात्र' है? भीष्म काजवाब था भैया- ये सब मेरे हैं,लेकिन कोई तुलसी,कोई जनरैल के लिए मेरा मन उचटता है । शायद ये सब मिलकर मेरे मन के 'पात्र'को नहीं बना पाये हैं। मैं उस पात्र की खोज में हूँ जो विषमताओं में संघर्ष करके समता ला सके, स्वच्छंद होकर जीए, अपने लिए नहीं,समाज के लिए जिए ।तब दूसरे ने पूछा- तब आपके साहित्य की भूमिका क्या है?भीष्म ने कहा- देखिए साहित्य जीवन में से जन्म लेता है। मानव समाज के संघर्ष,विसंगतियाँ,विडंबनाएँ,अंतर्विरोध सब उसकी परिधि में आते हैं। साहित्य मनुष्य को अकेला नहीं समाज के अंग के रूप में देखता है। साहित्य जीवन की परतों को हमारे सामने खोलता है,हमें सचेत करता है । सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया तो धीमी होती है,लेकिन वह चलती ही रहती है। भीष्म का साहित्य हमें झकझोरता है,इसलिए हम उसे बराबर पढ़ते हैं,और पढ़ते रहेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भीष्म साहनी,पहला पाठ,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,1961
2. भीष्म साहनी,बसन्ती,राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली,1980
3. भीष्म साहनी,झरोखे,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,1967
4. भीष्म साहनी, कड़ियाँ,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,197.
5. भीष्म साहनी, तमस,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,1973
6. भीष्म साहनी, कुंतो,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,1993
7. भीष्म साहनी, आलमगीर,किताबघर,नई दिल्ली,1999
8. भीष्म साहनी, हानूश,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,1977
9. भीष्म साहनी,कबीरा खड़ा बाजार में, राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली,1981
10. भीष्म साहनी, माधवी, राजकमल प्रकाशन,नईदिल्ली,1984
11. भीष्म साहनी, मेरे भाई बलराज, ईशान प्रकाशन, नोएडा,1985,पांचवाँ संस्करण,2003
12. भीष्म साहनी,आज के अतीत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली,पहला संस्करण,2003
13. विनोद शाही (संपादक) तमस एक पुनर्पाठ,आधार प्रकाशन, पंचकूला, हरियाणा,2006
14. विवेक द्विवेदी : भीष्म साहनी उपन्यास साहित्य वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली,1998

****